CMYK

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 20°C
सेंसेक्स 74,227.08
निफ्टी 22,535.85
सोना 91,025
चांदी 94,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, बुधवार 9 अप्रैल 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 246 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 10 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ट्रेड वॉर हुआ, तो हम तैयार: चीन**
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**रजत पाटीदार पर लगा धीमे ओवर रेट का जुर्माना**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## रक्षा सहयोग और सह-उत्पादन में मिलकर काम करेंगे भारत व यूएई



**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने रक्षा सहयोग, सह-उत्पादन तथा सह-विकास परियोजनाओं, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने की इच्छा जताई है। भारत की यात्रा पर आए दुबई के शहजादे एवं संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच मुलाकात के दौरान देशों ने इस दिशा में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। श्री सिंह ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यूएई के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम के साथ के साथ नई दिल्ली में एक सार्थक बैठक हुई। भारत के लिए यूएई के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी अत्यधिक प्राथमिकता है। आने वाले वर्षों में, हम रक्षा सहयोग, सह-उत्पादन और सह-विकास परियोजनाओं, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। भारत और यूएई दोनों ही क्षेत्र में शांति और समृद्धि की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि शहजादे मकतूम कल भारत यात्रा पर राजधानी दिल्ली पहुंचे थे।

### मोदी ने दुबई के क्राउन प्रिंस हमदान का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को दुबई के क्राउन प्रिंस, उप प्रधानमंत्री और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात की अपनी यात्रा को याद किया, जिसके दौरान उन्होंने दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में अतिथि के रूप में भाग लिया था।

### दुबई के युवराज शेख हमदान ने की विदेश मंत्री से बातचीत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दुबई के युवराज शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम का राजधानी स्वागत किया। विदेश मंत्री डा. जयशंकर ने अपने कार्यालय में बातचीत के लिए पहुंचे शेख हमदान की तस्वीरों के साथ एक पोस्ट में कहा कि दुबई के युवराज और संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री महामहिम हमदान मोहम्मद से मिले।

## कर्नाटक छेड़छाड़ मामला गृह मंत्री ने माफी मांगी

बेंगलुरु, वार्ता

■ कहा- महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित, पहले बोले थे- बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में ऐसी घटनाएं आम

**कर्नाटक के** गृह मंत्री जी परमेश्वर ने यौन उत्पीड़न की घटना पर अपनी टिप्पणी के बाद माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि मैं ऐसा व्यक्ति हूं, जो हमेशा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहता हूं।

अगर मेरी बातों से किसी महिला को ठेस पहुंची है, तो मैं खेद व्यक्त करता हूं और माफी मांगता हूं। जी. परमेश्वर ने अपने बयान को गलत समझने और इसे और तोड़-मरोड़ कर पेश करने की बात कही। दरअसल, बेंगलुरु के एक वायरल वीडियो में एक युवक सड़क पर दो लड़कियों के पास जाकर उन्हें गलत तरीके से छूकर भागता हुआ दिखाई दिया था। वीडियो बेंगलुरु के बीटीएम लेआउट इलाके का है। घटना 3 अप्रैल की है, जिसके बाद जांच को लेकर पूछे गए सवाल पर जी परमेश्वर ने कहा था कि इस तरह की घटनाएं बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में होती रहती हैं। इस वीडियो को लेकर भाजपा ने राज्य गृह मंत्री की आलोचना की और इस्तीफे की मांग की थी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए और जी परमेश्वर से इस्तीफा मांगना चाहिए।

### मुद्रा योजना उद्यमशीलता के बारे में एक मौन क्रांति लाई: मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को यहां अपने निवास पर इसके लाभार्थियों से बात की और कहा कि इस योजना ने उद्यमशीलता के बारे में सामाजिक बदलाव के साथ एक मौन क्रांति ला दी है। श्री मोदी ने प्रतिभागियों को अपने अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने पालतू पशुओं की आपूर्ति, दवाओं और सेवाओं के उद्यमी बने एक लाभार्थी से बातचीत करते हुए, चुनौतीपूर्ण समय के दौरान किसी की क्षमता पर विश्वास करने वालों के प्रति आभार व्यक्त करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

### राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का 101 वर्ष की उम्र में निधन

**आबू रोड (सिरोही)।** महिला शक्ति संगठन ब्रह्माकुमारी की प्रमुख राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का सोमवार देर रात निधन हो गया। वह 101 वर्ष की थी। उन्होंने गुजरात में अहमदाबाद के जाइडिस अस्पताल में देर रात एक बजकर बीस मिनट पर अंतिम सांस ली। उनके पार्थिक शरीर को आबूरोड लाया गया, जहां मुख्यालय शांतिवन के कॉन्फ्रेंस हाल में अंतिम दर्शनार्थ रखा गया। ब्रह्माकुमारीज के अनुसार उनका दस अप्रैल को सुबह दस बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके निधन पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गहरा शोक व्यक्त किया हैं।

### इजरायल के कृषि मंत्री ने देखा पूसा परिसर का कामकाज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और इजरायल के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री अवि दिख्तर ने मंगलवार को आईएआरआई के कृषि परिसर का कामकाज देखा। केंद्रीय कृषि सचिव और आईसीएआर के प्रभारी महानिदेशक देवेश चतुर्वेदी ने दोनों मंत्रियों और अन्य प्रतिनिधियों को पूसा दिल्ली में शुरू किए गए कृषि में भारत-इजरायल उत्कृष्टता के पहले केंद्र और देश के विभिन्न हिस्सों के किसानों और अधिकारियों को प्रदर्शन और प्रशिक्षण के साथ-साथ संरक्षित खेती की तकनीकों को लोकप्रिय बनाने में इसके व्यापक योगदान के बारे में जानकारी दी।

### तीन और समूहों ने हुर्रियत से नाता तोड़ा: शाह

**श्रीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि तीन और अलगाववादी संगठनों, जम्मू-कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू-कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग तथा कश्मीर फ्रीडम फ्रंट ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से खुद को अलग करने की घोषणा की है। जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार शाम यहां पहुंचे श्री शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट पर इसकी घोषणा की।

# वीटो का इस्तेमाल नहीं कर सकते गवर्नर: सुप्रीम कोर्ट

## कहा: तमिलनाडु के राज्यपाल का 2023 में 10 विधेयकों को रोकना अवैध

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: पॉकेट वीटो या पूर्ण वीटो की अवधारणा की संविधान में जगह नहीं
■ राज्यपाल को विधेयकों को अपने पास लेकर बैठे रहने की अनुमति नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के वर्ष 2023 में 10 विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजने के लिए आरक्षित रखने के फैसले को मंगलवार को अवैध, गलत और त्रुटिपूर्ण घोषित कर दिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने श्री रवि द्वारा की गई उन सभी कार्रवाइयों को खारिज करने का फैसला सुनाया।

पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्यपाल संविधान के तहत 'पॉकेट वीटो' या पूर्ण वीटो का इस्तेमाल नहीं कर सकते। शीर्ष अदालत ने कहा कि पॉकेट वीटो या पूर्ण वीटो की अवधारणा की संविधान में जगह नहीं। इसका मतलब है कि राज्यपाल को विधेयकों को अपने पास लेकर बैठे रहने की अनुमति नहीं है। अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्ति का इस्तेमाल करते हुए फैसला सुनाया और कहा कि 10 विधेयक राज्यपाल के समक्ष दोबारा पेश किए जाने की तारीख से ही स्पष्ट माने जाएंगे। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि राज्यपाल द्वारा स्वीकृति रोके जाने के बाद उन्हें अनुच्छेद 200 के प्रथम प्रावधान के अनुसार प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है। न्यायालय ने कहा कि राज्यपाल विधेयकों को अपने पास रख कर पॉकेट वीटो का प्रयोग नहीं कर सकते। राज्यपाल के लिए स्वीकृति रोके जाने की घोषणा करने की कोई गुंजाइश नहीं है। इसलिए अनुच्छेद 200 के तहत पॉकेट वीटो का कोई प्रावधान नहीं है। शीर्ष अदालत ने विधेयकों पर समय-सीमा निर्धारित करते हुए कहा कि स्वीकृति रोके जाने तथा मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से राष्ट्रपति के पास भेजने के लिए आरक्षित किए जाने की स्थिति में समय-सीमा अधिकतम एक महीने की है। यदि मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बिना स्वीकृति रोकी जाती है, तो विधेयक को तीन महीने के भीतर वापस करना होगा। पीठ ने अंत में, स्पष्ट किया कि राज्य विधानसभा की ओर से पुनर्विचार के बाद विधेयक प्रस्तुत किए जाने की स्थिति में राज्यपाल द्वारा विधेयकों पर एक महीने के भीतर स्वीकृति दी जानी चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि इस समय-सीमा का पालन न किए जाने पर न्यायिक जांच की जाएगी।

## नैतिक पुलिसिंग अदालतों का काम नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि अदालतों को नैतिक पुलिसिंग नहीं करनी चाहिए।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज करते हुए ये टिप्पणियां कीं, जिसमें राजनीतिक विश्लेषक तहसीन पूनावाला और संगीतकार विशाल ददलानी पर 2016 में ट्विटर पर जैन संत तरुण सागर का कथित तौर पर अपमान करने और उनका मजाक उड़ाने के लिए 10-10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। पीठ ने पूछा कि अदालत (पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय) ने किस तरह का आदेश पारित किया है? अदालत को नैतिक पुलिसिंग नहीं करनी चाहिए। यह अदालत का काम नहीं है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं (तहसीन पूनावाला और विशाल ददलानी) को राहत देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय इस तथ्य से प्रभावित था कि अपीलकर्ताओं ने एक खास धर्म के पुरोहित की आलोचना की थी।

## नौ राज्यों में लू की चेतावनी राजस्थान में रेड अलर्ट

■ मप्र के 23 जिलों में पारा 40 पार, 13 राज्यों में बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर-पश्चिम राज्यों में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश समेत 9 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट है। राजस्थान में रात का पारा भी 45 डिग्री के पार जा रहा है।

नॉर्थ-ईस्ट और साउथ के 8 राज्यों में बारिश की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात समेत 9 राज्यों में लू और गर्मी का अलर्ट जारी किया। वहीं, नॉर्थ-ईस्ट और साउथ के 13 राज्यों में आंधी-बारिश के आसार हैं। इधर, राजस्थान में अब दिन के साथ रात भी गर्म होने लगी है। कुछ शहरों में रात का पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया है। मंगलवार को यहां हीटवेव का रेड अलर्ट है। इसके अलावा 6 जिलों के लिए ऑरेंज और 12 जिलों के लिए येलो अलर्ट है। मध्य प्रदेश में सोमवार को भी गर्म हवाओं की वजह से तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। रतलाम-नीमच समेत 8 जिलों में लू का अलर्ट है।

### दिलसुखनगर बम विस्फोट मामले में मौत की सजा बरकरार

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को दिलसुखनगर बम विस्फोट मामले में पांच दोषियों की मौत की सजा की पुष्टि की और निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति लक्ष्मण और न्यायमूर्ति श्रीसुधा की पीठ ने दोषियों की ओर से पेश अपीलों को खारिज कर दिया और निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। वर्ष 2013 में 21 फरवरी को देश को झकझोर देने वाले इन धमाकों में 18 लोगों की जान चली गई थी और 131 से अधिक लोग घायल हुए थे। एनआईए ने सिलसिलेवार बम विस्फोटों की विस्तृत जांच की थी।

## यूपी: PRD जवानों के ड्यूटी भत्ते में बढ़ोतरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अब 395 रुपये के बजाय ड्यूटी भत्ते के तौर पर 500 रुपये दिए जाएंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) स्वयंसेवकों के दैनिक ड्यूटी भत्ते में लगभग 26 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। अब इन्हें 395 रुपये के बजाय ड्यूटी भत्ते के तौर पर 500 रुपये दिए जाएंगे। इसका लाभ प्रदेश के 35 हजार पीआरडी जवानों को मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गई। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि प्रस्ताव के तहत पीआरडी जवानों का भत्ता 395 रुपये से बढ़ाकर अब इसे 500 रुपये कर दिया गया है। मौजूदा समय में प्रदेश में 34 हजार से अधिक पीआरडी जवान तैनात हैं और इस बढ़ी हुई राशि का लाभ इन सभी जवानों को मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि बैठक में कुल 15 प्रस्ताव रखे गए, जिसमें 13 को स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि ड्यूटी भत्ते में यह 105 रुपये की वृद्धि एक अप्रैल 2025 से लागू मानी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस पर प्रदेश सरकार पर 75 करोड़ 87 लाख 50 हजार रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 34092 पीआरडी स्वयंसेवक हैं, जिन्हें इसका लाभ मिलेगा।

## शीर्ष अदालत से ममता सरकार को राहत

■ बंगाल के स्कूलों में अतिरिक्त पद सृजन के फैसले की सीबीआई जांच का आदेश रद्द

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में अतिरिक्त पद सृजित करने के पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल के फैसले की सीबीआई से जांच कराने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को मंगलवार को रद्द कर दिया।

सीजेआई खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा कि संविधान ने स्पष्ट रूप से न्यायालयों को मंत्रिमंडल के फैसलों और राष्ट्रपति/राज्यपाल को दी गई सलाह की जांच करने से रोक दिया है। 'अतिरिक्त पद' का तात्पर्य ऐसे अस्थाई पद से है जो किसी ऐसे कर्मचारी को समायोजित करने के लिए बनाया गया है, जो नियमित पद के लिए पात्र है और जो (पद) वर्तमान में उपलब्ध नहीं है। पीठ ने स्पष्ट किया कि प. बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित अन्य पहलुओं की कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित सीबीआई द्वारा जांच की जारी रहेगी।

### राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल शिक्षक मुद्दे पर मुर्मू से किया आग्रह

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर पश्चिम बंगाल में हजारों स्कूल शिक्षकों के शिक्षक भर्ती प्रक्रिया रद्द होने के बाद अपनी नौकरी खो देने संबंधी मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। श्री गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पत्र की प्रति जारी करते हुए लिखा कि मैं पश्चिम बंगाल में हजारों स्कूल शिक्षकों के मामले में आपसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध करता हूं, जिन्होंने न्यायपालिका द्वारा शिक्षक भर्ती प्रक्रिया रद्द होने के कारण अपनी नौकरी खो दी है।

## मुर्मू को पुर्तगाल ने दिया 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान



**नई दिल्ली।** पुर्तगाल की यात्रा पर गई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिस्बन के मेयर ने लिस्बन शहर का 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान प्रदान किया है। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार श्रीमती मुर्मू को लिस्बन के सिटी हॉल में आयोजित एक समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर मेयर और लिस्बन के लोगों को इस सम्मान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि लिस्बन खुले विचारों, लोगों की गर्मजोशी और अपनी संस्कृति के साथ-साथ सहिष्णुता तथा विविधता के प्रति सम्मान के लिए जाना जाता है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि लिस्बन एक वैश्विक शहर है जो तकनीकी परिवर्तन, नवाचार, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और डिजिटल बदलाव के मामले में सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में भारत और पुर्तगाल आगे भी सहयोग कर सकते हैं।

### सम्भल हिंसा मामले में सांसद जियाउर्रहमान बर्क से पूछताछ

**सम्भल।** उप्र के सम्भल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में भीड़ को उकसाने के मामले में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मंगलवार को सांसद जियाउर्रहमान बर्क से पूछताछ की। जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान पिछले साल 24 नवम्बर को सम्भल में हिंसा भड़क उठी थी। हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी तथा कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। पुलिस ने हिंसा के मामले में सम्भल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क के विरुद्ध भी रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने इस मामले में जांच के दौरान बीते माह जामा मस्जिद के सदर जफर अली एडवोकेट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जफर अली एडवोकेट ने भी पूछताछ के दौरान मामले में जियाउर्रहमान बर्क के नाम का खुलासा किया था। पुलिस ने पूछताछ के लिए जियाउर्रहमान बर्क को दिल्ली जाकर एक नोटिस दिया था, जिसमें उन्हें मंगलवार को तलब किया गया था। नोटिस पर कोतवाली जाने से पहले जियाउर्रहमान बर्क ने अपने आवास पर कहा कि वह कानून का सम्मान करते हैं और जांच में पूरा सहयोग करेंगे। कोतवाली में सीओ कुलदीप कुमार एवं विवेचन आदि जियाउर्रहमान बर्क से पूछताछ कर रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला राज्यपालों के लिए आईना

### गैर भाजपा शासित राज्यों में आ रहे विवाद सामने, स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय

समीउल्लाह



■ तमिलनाडु के राज्यपाल की भूमिका को लेकर सुप्रीम कोर्ट गंभीर

**बिजनौर।** तमिलनाडु के राज्यपाल की भूमिका को लेकर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए अहम फैसले ने गैर भाजपा शासित राज्यों के उन राज्यपालों को आईना दिखाया है, जो केन्द्र सरकार के इशारों पर इन सरकारों को परेशान करते हुए उनके विधेयकों को लम्बित रखते हैं।

गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के वर्ष 2023 में विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजने के लिए आरक्षित रखने के फैसले को मंगलवार को अवैध, गलत और त्रुटिपूर्ण घोषित कर दिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने राज्यपाल आरएन रवि द्वारा की गई उन सभी कार्रवाईयों को खारिज करने का फैसला सुनाया। पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्यपाल संविधान के तहत 'पॉकेट वीटो' या पूर्ण वीटो का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि पॉकेट वीटो या पूर्ण वीटो की अवधारणा की संविधान में जगह नहीं है। जितनी जल्दी हो सके, इन विधेयकों पर कार्रवाई होनी चाहिए। इसका मतलब है कि राज्यपाल को विधेयकों को अपने पास लेकर बैठे रहने की अनुमति नहीं है। अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्ति का इस्तेमाल करते हुए फैसला सुनाया और कहा कि दस विधेयक राज्यपाल के समक्ष दोबारा पेश किए जाने की तारीख से ही स्पष्ट माने जाएंगे। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि राज्यपाल द्वारा स्वीकृति रोके जाने के बाद उन्हें अनुच्छेद 200 के प्रथम प्रावधान के अनुसार प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है। न्यायालय ने कहा कि राज्यपाल विधेयकों को अपने पास रख कर पॉकेट वीटो का प्रयोग नहीं कर सकते। राज्यपाल के लिए स्वीकृति रोके जाने की घोषणा करने की कोई -शेष पृष्ठ दो पर

## 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय

■ वित्त मंत्रालय ने कहा: यह आरआरबी के विलय का चौथा चरण

**नई दिल्ली।** सरकार ने 'एक राज्य एक आरआरबी' के सिद्धांत पर 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के विलय को अधिसूचित कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को यहां कहा कि यह आरआरबी के विलय का चौथा चरण है।

विगत में विलय के कारण आरआरबी की कार्यकुशलता में सुधार को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने हितधारकों के परामर्श के लिए नवम्बर-2024 में एक विलय योजना शुरू की थी। हितधारकों के परामर्श के बाद, 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 26 आरआरबी का विलय किया गया है, जिसका प्राथमिक ध्यान पैमाने की कार्यकुशलता में सुधार और लागत युक्तिकरण पर है। वर्तमान में, 26 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में 43 आरआरबी काम कर रहे हैं। विलय के बाद, 26 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में 28 आरआरबी होंगे, जिनकी 700 जिलों में 22000 से अधिक शाखाएं होंगी।

# प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं: अखिलेश



**■ पुलिस ही पुलिस को कर रही गिरफ्तार, फर्जी मुकदमे लिखकर वसूले जा रहे पैसे**

**जौनपुर, वार्ता**

सपा सुप्रीमोअखिलेश यादव ने यूपी की कानून व्यवस्था को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार किसी भी मोर्चे पर ठीक से काम नहीं कर रही है। प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं है। पुलिस ही पुलिस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रही है। अखिलेश यादव ने पुलिस हिरासत में पुजारी यादव की मौत, मंगेश यादव एनकाउंटर समेत कई उदाहरण देकर सरकार पर निशाना साधा। सपा नेता ने वाराणसी में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को दुखद बताया है।

कन्नौज सांसद अखिलेश यादव जौनपुर में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सरजूदेई के दिवंगत पति धर्मराज यादव को श्रद्धांजलि देने आए थे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने यूपी सरकार पर जमकर हमला बोला। योगी को वीवो का मोबाइल दे दो, तो वह चला नहीं पाएंगे। उन्हें आईफोन दे दो, तो दीवार पर पटक कर तोड़ देंगे।

अखिलेश यादव ने इस दौरान वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध किया और कहा कि सपा उन लोगों के साथ है, जो सुप्रीम कोर्ट गए हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की यूपी सरकार पर फटकार पर कहा कि जो हम लोग कहते थे, वह सुप्रीम कोर्ट का रहा है, प्रदेश में फर्जी मुकदमे लिखा जा रहे हैं, पैसे वसूले जा रहे हैं।

गाजियाबाद के विधायक पर उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार में पार्टी के विधायक तक सुरक्षित नहीं है। कुर्ते फाड़ दिए जा रहे हैं और विधायक जी आज अभी भी फटे कुर्ते पहनकर टहल रहे हैं। इस सरकार में पुलिस ही पुलिस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रही है। पुलिस ही पुलिस को गिरफ्तार कर रही है और पुलिस पुलिस को ढूंढ रही है।

# भाकियू नेता समेत तीन की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के हथगाम क्षेत्र में मंगलवार सुबह वर्चस्व को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) टिकैत के जिला उपाध्यक्ष और उनके भाई व बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह वारदात उस समय हुई, जब मृतक एक ही मोटर साइकिल से खेत से अपने गांव वापस आ रहे थे। हमलावर ट्रैक्टर में सवार थे। विरोध स्वरूप अभी तक शवों को पुलिस घटनास्थल से उठा नहीं पा रही है। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने हत्यारों की गिरफ्तारी तक शवों को न उठने देने की घोषणा की है। घटनास्थल पर पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज जोन प्रेम गौतम भारी फोर्स के साथ मौजूद है। पुलिस महानिरीक्षक प्रेम गौतम ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम लवरी निवासी भाकियू के जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंह उर्फ पप्पू सिंह (55) अपने छोटे भाई पिंकू सिंह (50) और पुत्र अभय सिंह (22) के साथ एक ही मोटर साइकिल से अपने खेत से गांव अखरी से वापस आ रहे थे कि तभी तहिरापुर के पास ट्रैक्टर सवारों ने उनका रास्ता रोका और ताबड़तोड़ फायलरग की जिससे घटनास्थल पर ही तीनों की मृत्यु हो गई। मृतक की मां शिव दुलारी सिंह वर्तमान में प्रधान है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान इसी क्षेत्र के रहने वाले है। मृतक और हमलावर दोनों क्षत्रिय बिरादरी के हैं।

# शेयर बाजार ने लगाई डेढ़ फीसदी की छलांग

**मुंबई, वार्ता**



**■ निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार में सुनामी आ गई थी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर नरम रुख के संकेत से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफ लिवाली से मंगलवार को शेयर बाजार ने करवट बदली और बीते दिन की भारी बिकवाली की सुनामी से उबरकर करीब डेढ़ फीसदी तक की छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1089.18 अंक अर्थात 1.49 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी के साथ 74,227.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 374.25 अंक यानी 1.69 प्रतिशत उछलकर 22535.85 अंक पर बंद हुआ। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लागू करने और चीन की जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने और अमेरिका में मंदी की आशंका में विश्व बाजार की गिरावट से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार में सुनामी आ गई। सेंसेक्स पिछले दस महीने की सबसे बड़ी 2226.79 अंक की एकदिनी गिरावट लेकर 73,137.90 अंक और निफ्टी 742.85 अंक का गोता लगाकर 22161.60 अंक पर रहा था। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी मंगलवार को जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.87 प्रतिशत की मजबूती के साथ 39,837.44 अंक और स्मॉलकैप 2. 18 प्रतिशत की छलांग लगाकर 44,932.42 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4083 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3093 में तेजी जबकि 871 में गिरावट रही, वहीं 119 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2957 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2391 में लिवाली जबकि 499 में बिकवाली हुई, वहीं 67 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार भारतीय शेयर बाजारों में हालिया उछाल उस समय देखने को मिला, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह संकेत दिया कि जापान बातचीत के लिए एक प्रतिनिधिमंडल वाशिंगटन भेजेगा। इस बयान ने निवेशकों के बीच यह उम्मीद जगाई कि अमेरिका अपने टैरिफ नीति पर नरमी दिखा सकता है। इससे वैश्विक बाजारों में अस्थिरता के बावजूद भारतीय बाजारों को एक सकारात्मक पुश मिला। वहीं ट्रंप ने चीन को लेकर सख्त रुख बनाए रखा और यह चेता. वनी दी कि यदि बीलजग अपने जवाबी टैरिफ को जारी रखता है, तो अमेरिका चीनी आयात पर 50 प्रतिशत तक का अतिरिक्त शुल्क लगा सकता है। इस धमकी ने बाजार में आशावाद की सीमाओं को रेखांि. कत कर दिया और निवेशकों को सतर्क कर दिया। विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार में पहले से ही भारी बिकवाली हो चुकी थी, जिससे रिकवरी की संभावना बनी हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### अपराधियों के गठजोड़ से चल रही है राजग सरकार: तेजस्वी

**पटना।** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोला और कहा कि प्रदेश में अपराधियों के गठजोड़ से सरकार चल रही है। याादव ने मंगलवार को बिहार सरकार पर आरोप लगाया कि प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधनन सरकार अपरा. धियों के गठजोड़ से चल रही है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने इसको लेकर क्राइम बुलेटिन जारी किया है। बुलेटिन में तेजस्वी ने बिहार में अलग-अलग अपराध की 117 की घटनाओं का जिक्र किया है। नेता प्रतिपक्ष ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, भाजपा-नीतीश और अपराधियों के गठजोड़ से संचालित राजग सरकार में घटित पिछले कुछ दिनों की केवल और केवल चंद आपराधिक घटनाएं गिनिए। इसके बाद उन्होंने 117 आपराधिक घटनाओं का विवरण दिया है। इससे पूर्व यादव ने सोमवार को भी प्रदेश की नीतीश सरकार पर हमला बोला था। उन्होंने एक्स पर लिखा था, बिहार की बदहाल विधि व्यवस्था एवं अचेत सरकार के कारण अब आम बिहारी का घर में रहना में मुश्किल होता जा रहा है।

### भगवा झंडा फहराने में दरोगा और दो कांस्टेबल सस्पेंड

**प्रयागराज।** जनपद के गंगानगर में एक मजार पर भगवा झंडा फहराने की घटना के बाद पुलिस ने तीन पुलिसकर्मियों को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अपर पुलिस उपायुक्त (गंगानगर) पुष्कर्म वर्मा की जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस उपायुक्त (गंगानगर) कुलदीप सिंह गुनावत ने बहरिया चौकी प्रभारी रवि कटियार, कांस्टेबल अंशु कुमार और कांस्टेबल सुनील कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत के अनुसार रविवार को रामनवमी के मौके पर कुछ युवक सिकंदरा स्थित गाजी मियां की दरगाह के द्वार पर धार्मिक झंडा लहराते हुए नारेबाजी कर रहे थे। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए तीन नामजद और कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## अहमदाबाद: कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में बोले खड़गे

# सरदार पटेल की सोच कांग्रेस की विरासत

**अहमदाबाद, वार्ता**



**■ पटेल ने आरएसएस पर बेन लगाया और दुनिया भर में कांग्रेस का नाम रोशन किया था**

**■ साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ कर बुनियादी मुद्दों से हटाया जा रहा ध्यान**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे में कहा है कि सरदार वल्लभभाई पटेल और पंडित जवाहरलाल नेहरू के संबंधों को लेकर भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भले ही दुष्प्रचार का प्रयास कर रही है, लेकिन सच यह है कि दोनों की सोच एक थी और इसी के परिणामस्वरूप सरदार पटेल ने आरएसएस पर बैन लगाया और दुनिया भर में कांग्रेस का नाम रोशन किया।

खड़गे ने मंगलवार को यहां शाहीबाग में सरदार पटेल स्मारक परिसर में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन के लिए बने विशाल सभागार में अधिवेशन की पहले दिन आज पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति सीडब्ल्यूसी की विस्तारित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़कर देश के बुनियादी मसलों से ध्यान भटकाने का आज काम हो रहा है और सीमित लोगों द्वारा देश के संसाधनों पर क़ब्ज़ा करते हुए शासन को नियंत्रित करने का काम हो रहा है। उनका कहना था कि सरदार पटेल कांग्रेस की विरासत है और उनके दिखाए रास्ते पर चलकर कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुजरात की धरती पर पैदा हुई तीन महान हस्तियों ने कांग्रेस का नाम दुनिया भर में रोशन किया है। इनमें दादा भाई नौरोजी, महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल ए सभी हमारी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रहे। गांधी जी ने हमें अन्याय के खिलाफ सत्य और अलहसा का हथियार दिया। ए इतना मजबूत वैचारिक हथियार है कि इसके सामने कोई ताकत टिक नहीं सकती। गांधीजी के नेतृत्व में चम्पारण सत्याग्रह सफल रहा और उसने गांव-गांव में कांग्रेस की जड़ों को जमाने में ठीक वैसे ही मदद की जैसे गुजरात में सरदार पटेल के नेतृत्व में बारडोली सत्याग्रह चला। खड़गे ने कहा कि इस साल 31 अक्टूबर को सरदार पटेलज की 150वीं जयंती है जिसे हम देश भर में उल्लास से मनाएंगे। पंडित नेहरू उन्हें 'भारत की एकता का संस्थापक' कहते थे। जब सरदार पटेल कांग्रेस अध्यक्ष थे, तो उनके नेतृत्व में कराची कांग्रेस अधिवेशन में मौलिक अधिकारों पर जो प्रस्ताव पारित हुए वह भारतीय संविधान की आत्मा है। सरदार पटेल संविधान सभा की महत्वपूर्ण मूल अधिकारों, अल्पसंख्यकों तथा आदिवासी एरिया समिति के अध्यक्ष थे। उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सोचा समझा षड्यंत्र चलाया जा रहा है और 140 सालों से देश में सेवा और संघर्ष के गौरवशाली इतिहास वाली कांग्रेस पार्टी के खिलाफ वातावरण बनाने का काम वे लोग कर रहे हैं, जिनके पास अपनी उपलब्धियां दिखाने को कुछ भी नहीं है। आजादी को लड़ाई में अपना योगदान बताने को कुछ भी नहीं है। वे सरदार पटेल और पंडित नेहरू के संबंधों को ऐसा दिखाने का षडयंत्र करते हैं जैसे दोनों नायक एक दूसरे के खिलाफ थे। जबकि सच्चाई ए है कि वो एक सिक्के के दो पहलू थे। तमाम घटनाएं और दस्तावेज इनके मधुर संबंधों की गवाह हैं। नेहरू और पटेल के बीच रिश्ते पब्लिक रिकॉर्ड में होने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों के बीच लगभग रोज़पत्र-व्यवहार होता था। नेहरूजी तमाम विषयों में उनकी सलाह लेते थे। पटेल साहब के प्रति नेहरूजी के मन में अपार आदर था। उनको कुछ सलाह लेनी होती, तो वे खुद पटेलजी के घर जाते थे। पटेल जी की सुविधा के लिए सीडब्ल्यूसी की बैठकें उनके निवास पर रखी जाती थीं। डा. अम्बेडकर ने खुद 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा के अपने अंतिम भाषण में कहा था कि कांग्रेस पार्टी के सहयोग के बिना संविधान नहीं बन सकता था, लेकिन जब संविधान बना, तो आरएसएस ने गांधी जी, पंडित नेहरु, डा. अम्बेडकर और कांग्रेस की बहुत आलोचना की।

### कांग्रेस अधिवेशन में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा शुरू

**अहमदाबाद।** कांग्रेस में बड़े बदलाव की उम्मीद से आयोजित कांग्रेस का दो दिन चलने वाला गुजरात अधिवेशन मंगलवार को यहां शाहीबाग, सरदार पटेल स्मारक में शुरू हो गया, जिसमें पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की विस्तारित बैठक में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हो रही है। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी के तमाम बड़े नेता यहां सरदार पटेल स्मारक हॉल के सामने बने विशाल पंडाल में भारतीय जनता पार्टी की चुनौतियों से निपटने और कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के मुद्दे पर विचार- विमर्श कर रहे हैं। पार्टी के बेलगांव सम्मेलन के बाद उसके प्रस्तावों को इस अधिवेशन के जरिए आगे बढ़ाने की नीति पर विचार होगा। कांग्रेस 2025 को पार्टी में सुधार लाने के लिए काम कर रही है और इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इस सम्मेलन के दौरान पार्टी के जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर काम किया जाएगा।

## वक्फ कानून का विरोध

# अब्बास रजा ने सुभासपा से नाता तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** वक्फ संशोधन कानून को लेकर सुभासपा के प्रमुख सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अब्बास राजा ने नाराजगी जाहिर करते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने पत्र लिखते हुए कहा कि अब्बास रज़ा सुहेलदेव भारतीय समा. जवादी पार्टी में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रमुख महासचिव बरेली मंडल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ साथ साथ पार्टी की सक्रिय सदस्यता से पूर्णरूपेण तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं।

उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश राजभर जो कि उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण व पंचायती राज मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री है उनके द्वारा दिए गए बयानों से आहत होकर एवं पार्टी द्वारा लगातार बयानों में मुस्लिम विरोधी नीतियों एवं हमारे धर्मिक इसतल इमामबाड़ो पर दिए गए बयानों से आहत हू और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को आगाह भी करना चाहता हू कि इनकी नियत अल्पसंख्यक समुदाय के लिए कदापि हितकारी नहीं है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से भी मांग करता हुए कहा कि इनसे अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय वापस लिया जाए क्यूंकि इनकी दृष्टि सबका साथ सबका विकास की नीति न होकर सिर्फ और सिर्फ अपने समाज विशेष के उद्धार के लिए है जो प्रदेश के लिए अहितक. ारी है। उन्होंने कहा कि ऐसी सोच के साथ राजनीति करना अपने जमीर को मारने जैसा है इसलिए सभी पदों से इस्तीफा देते हुए समाज का सेवक बनकर समाज की सेवा करता रहूंगा।

## अर्थ व्यापार

# दस वर्षों में 33.65 लाख करोड़ के मुद्रा ऋण दिए

**नई दिल्ली, वार्ता**



प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के प्रति छोटे और लघु उद्यमियों का विश्वास बढ़ा है, जिससे पिछले 10 वर्षों में 52.37 करोड़ खातों के माध्यम से 33.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक के मुद्रा ऋण दिए गए है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 8 अप्रैल 2015 को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) का शुभारंभ किया था। मुद्रा योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गैर-कॉर्पोरेट और गैर-कृषि आय अर्जित करने वाली गतिविधियों के लिए आसानी से और बिना किसी जमानत के 20 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान करती है। पहले यह ऋण सीमा 10 लाख रुपए थी, जिसको 24 अक्टूबर 2024 को बढ़कार 20 लाख रुपए कर दी गई। ए ऋण बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं (एनबीएफसी), एमएफआई और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से दिए जाते हैं। इसके अंतर्गत तरुण प्लस के नाम से नई ऋण श्रेणी की घोषणा की गई है जो विशेष रूप से उन लोगों के लिए डिज़ाइन की गई है, जिन्होंने पहले तरुण श्रेणी के तहत ऋण लिया है और उसे सफलतापूर्वक चुका दिया है। इससे उन्हें 10 लाख रुपए से 20 लाख रुपए के बीच फंडिंग प्राप्त करने की अनुम. ति मिलती है। इसके अतिरिक्त, माइक्रो यूनिट्स के लिए क्रेडिट गारंटी फंड (सीजीएफएमयू) अब इन बढ़े हुए ऋणों के लिए गारंटी कवरेज प्रदान करेगा। यह भारत में उद्यमशीलता के लिए तंत्र को पोषित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। बड़े उद्योगों के पूरक के तौर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सहायक इकाइयों के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और देश के समावेशी औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ये उद्यम अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति का लगातार विस्तार कर रहे हैं और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए उत्पादों और सेवाओं की विविधतापूर्ण श्रृंखला प्रस्तुत कर रहे हैं। मुद्रा योजना एक उल्लेखनीय सरकारी पहल है, जो एमएसएमई को ऋण प्राप्त करने में सहयोग करती है।

## मुद्रा योजना व्यापारी समुदाय के लिए गेम चेंजर: खंडेलवाल

**नई दिल्ली।** खुदरा कारोबारियों का संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और भारतीय जनता पार्टी सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को व्यापारी समुदाय के लिए 'गेम चेंजर' बताया और कहा कि यह योजना पिछले दस वर्षों में छोटे व्यापारियों और दुकानदारों को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रही है। खंडेलवाल ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई मुद्रा योजना पिछले दस वर्षों में छोटे व्यापारियों और दुकानदारों को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रही है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री ने बताया कि शिशु, किशोर और तरुण श्रेणियों में बिना गारंटी ऋण देकर इस योजना ने लाखों सूक्ष्म और लघु व्यापारों को मजबूती दी है। इससे व्यापार विस्तार, बुनियादी ढांचा विकास और कार्यशील पूंजी के लिए बड़ी मदद मिली है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 27 रिंगिट फिसलकर 4535 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0. 04 सेंट की बढ़त के साथ 45.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550- 6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 8950-9050, अरहर दाल 8400- 8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## आतंकी पासिया ने कराया था बीजेपी नेता के घर में विस्फोट

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में बीजेपी नेता मनोरंजन कालिया के घर हुए ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी आतंकी हैप्पी पासिया ने ली है। पासिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस हमले की जानकारी ली है। इस आतंकी पर एनआईए ने 5 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। इस मामले में पुलिस ने लॉरेंस के 2 करीबियों को भी गिरफ्तार किया है। आतंकी हैप्पी पासिया खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा कमांडर है। वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का भरोसेमंद के साथ भी काम कर चुका है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट का...** गुंजाइश नहीं है। अहम बात यह है कि देश में जहां-जहां गैर भाजपाई दलों की सरकारें हैं, वहां-वहां राज्यपालों व सरकार के बीच टकराव के हालात देखे गए हैं। राज्यपाल प्रदेशों में राष्ट्रपति के प्रतिनिधि के तहत संवैधानिक व्यवस्था में काम करते हैं। लेकिन देखने में आया है कि गैर भाजपा शासित राज्यों में राज्यपालों की भूमिका विवादों में रही है। जब तक दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार थी, तब तक उप राज्यपाल एवं दिल्ली सरकार के बीच किसी न किसी मुद्दे पर टकराव के हालात बने रहे। पंजाब में भी इसी तरह के हालात समय-समय पर सामने आते रहे हैं। जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, वहां पर ऐसा कोई विवाद कभी भी सामने नहीं आया। आखिरकार इसकी वजह क्या हो सकती है। राजनीति के जानकार मानते हैं कि केन्द्र सरकार गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के लिए परेशानी खड़ी करती रहती है। सुप्रीम कोर्ट पूर्व में भी राज्यपालों की भूमिका को लेकर अहम फैसला सुना चुका है। दिल्ली के मामले में तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केन्द्र सरकार ने सीधा दखल देते हुए उप राज्यपाल को अधिक अधिकार दे दिए थे। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह चिंता का विषय है। लोकतंत्र में निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने एवं उन्हें स्वतंत्र रूप से काम करने से रोकने की बढ़ती प्रवृत्ति किसी भी स्थिति में देश व प्रदेशों के लिए बेहतर नहीं मानी जा सकती हैं। केन्द्र सरकार के द्वारा अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए प्रदेश सरकारों को कार्य करने से रोका जाना संविधान की मूल आत्मा के विरुद्ध है।

## भारी मात्रा में ब्राउन शुगर जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने नियमित गश्त के दौरान 1.216 किलोग्राम ब्राउन शुगर जब्त की और एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि जिले के बोनियार इलाके में नियमित गश्त और नाका चेकिंग के दौरान ड्रग्स बरामद की गई। उन्होंने बताया कि सोमवार देर रात को बर्नेट बाला, बोनियार में तैनात पुलिस दल ने मौके से भागने की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका।

पुलिस के एक बयान में कहा गया, उस व्यक्ति को सूझबूझ से पकड़ लिया गया और प्रारंभिक पूछताछ के बाद, उसने अपनी पहचान बर्नेट, बोनियार के मंज़ूर अहमद मीर के रूप में बताई। उसकी तलाशी लेने पर पुलिस को एक किलो 216 ग्राम प्रतिबंधित पदार्थ बरामद हुआ, जो शायद ब्राउन शुगर है और एक डिजिटल वज़न तौलने वाली मशीन भी बरामद हुई।

# महाकौशल एक्सप्रेस से गिरकर यात्री की मौत

## यात्रियों ने वसूली का आरोप लगाकर कर किया हंगामा

**महोबा, वार्ता**

**■ निजामुद्दीन से जबल पुर जा रही ट्रेन में हादसा**

उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मानिकपुर सेक्सन में महोबा क्षेत्र में सोमवार रात महाकौशल एक्सप्रेस ट्रेन में सवार एक यात्री की संदिग्ध रुप से ट्रेन से गिर कर मौत हो गई, जिसके बाद सह यात्रियों ने पुलिस और रेलवे कर्मचारी पर वसूली और यात्री को धक्का देने का आरोप लगा कर हंगामा किया।

ट्रेन में सवार यात्रियों ने घटना के लिए रेलवे पुलिस स्काट पर अवैध वसूली के चलते यात्री को ट्रेन से धक्का देकर मार डालने का गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा है। करीब दो घंटे तक हुए बवाल के बाद उच्च अधिकारियों ने प्रकरण में जांच ओर कार्यवाही का आश्वासन देकर यात्रियों को शांत करके ट्रेन को अपने गंतव्य के लिए रवाना किया। रेलवे के सूत्रों के मुताबिक हजरत निजामुद्दीन से चलकर जबलपुर जा रही महाकौशल एक्सप्रेस में यह घटना मध्य रात्रि में हरपालपुर व घुटई स्टेशनो के बीच हुई। बताया गया है कि उस वक्त टीसी द्वारा पुलिस एसकार्ट के साथ आरक्षित बोगी में यात्रियों के टिकट चेक किए जा रहे थे। इस दौरान एक यात्री के बिना टिकट पकड़े जाने पर उससे विवाद हुआ। पुलिस जवानो से हुई खींचतान में यात्री तेज रफ्तार में दौड़ रही ट्रेन के गेट से नीचे गिर गया। इस घटना को देख बोगी में सवार अन्य यात्री भड़क गए। उन्होंने हो हल्ला करते हुए ट्रेन रो. कने के लिए चेन पुलिंग की कोशिश की। आरोप है कि रेल स्टाफ ओर पुलिस के चलते वह गाड़ी रोकने में सफल नहीं हुए। राजकीय रेलवे पुलिस ने बताया कि महोबा जंक्शन में ट्रेन के रुकने पर रेल यात्रियों ने गाड़ी से नीचे उतर कर स्टेशन में जमकर हंगामा काटा। उन्होंने टीसी ओर पुलिस स्काट के जवान को सम्बन्धित यात्री की मौत का जिम्मेवार ठहराते उनके खिलाफ कड़ी घनूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की। यात्रियों के हंगामे के कारण गाड़ी आगे नहीं बढ़ सकी। घटना की सूचना पाकर जिले के आला अधिकारियों ने तत्काल मोके पर पहुंच यात्रियों को समझा बुझा कर शांत किया और ट्रेन को आगे अपने गंतव्य के लिए रवाना किया। मृतक की तत्काल शिनाख्त नहीं की जा सकी है। मामले की सूचना मिलने पर महोबा पहुंचे जीआरपी झांसी के पुलिस उप अधीक्षक नईम खान मंसूरी ने कहा कि यात्री की मौत को लेकर रेलवे पुलिस पर लगे आरोपों को गंभीरता से लिया गया है, जिसके चलते घटना की सघनता से जांच कराई जा रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# चारधाम यात्रा को एक सप्ताह पहले सभी व्यवस्थाएं की जाए पूर्ण: सीएम

## चारधाम यात्रियों से मुख्यमंत्री ने रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की

■ यात्रा मार्गों में संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की जाए

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए यात्रा शुरू होने से एक सप्ताह पहले सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। यात्रा मार्गों पर पार्किंग की व्यवस्था ऐसे स्थानों पर की जाए जिनके निकट, होटल, धर्मशाला, होमस्टे और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। धामों के दर्शन के लिए स्लॉट मैनेजमेंट सिस्टम और बेहतर बनाया जाए। यात्रा मार्गों में संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। अधिक ट्रैफिक वाले क्षेत्रों की रियल टाइम निगरानी की जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा की तैयारियों के दृष्टिगत यातायात प्रबंधन की बैठक के दौरान दिये।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान यातायात प्रबंधन की चुनौतियों का सामना करने के लिए पुलिस द्वारा बेहतर प्लान के साथ कार्य किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि यात्रा प्रबंधन में पिछले साल जो समस्याएं आई थी उनकी पुनरावृत्ति न हो। जाम की स्थिति वाले स्थानों की रियल टाइम जानकारी सोशल मीडिया पर और अन्य माध्यमों साझा की जाए। पुलिस व प्रशासन के सोशल मीडिया हैंडल्स पर यातायात और मौसम की जानकारी नियमित अपडेट की जाए। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि रजिस्ट्रेशन करने के बाद ही उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा पर आयें, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है। चारधाम यात्रा के लिए 60 प्रतिशत ऑन लाइन और 40 प्रतिशत ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई। सुव्यवस्थित यात्रा संचालन के लिए यात्रा मार्गों से जुड़े सभी हितधारकों के साथ निरंतर समन्वय बनाया जाए और उनके सुझावों को गंभीरता से लिया जाए।

सरकार द्वारा चारधाम यात्रा के लिए की



गई तैयारियों की जानकारी भी हितधारकों के साथ साझा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा के वैकल्पिक मार्गों को भी सुदृढ़ किया जाए। यात्रा मार्गों पर अस्थाई पार्किंग विकसित करने के लिए भुगतान के आधार पर स्थानीय लोगों से भी संपर्क किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत यात्रा मार्ग पर पुलिस सहायता डेस्क स्थापित किये जाएं। यात्रा मार्गों पर आपदा संभावित क्षेत्रों और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों की मदद से निगरानी और आपदा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। यात्रा मार्गों पर आवश्यकतानुसार क्रेश बैरियर लगाये जाएं। पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा वाहनों की सघन चौकिंग अभियान चलाया जाए और वाहनों की फिटनेस का विशेष ध्यान रखा जाए।बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, सचिव शैलेश बगोली, नितेश झा, सचिन कुर्वे, डा. बी.वी.आर पुरुषोत्तम, डा. पंकज पांडेय, बृजेश कुमार संत, सचिव एवं गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, एडीजी वी मुरुगेशन, ए पी अंशुमन, आई जी गढ़वाल राजीव स्वरूप, आईजी नीलेश आनंद भरणे और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

डीजीपी ने बताया कि चारधाम यात्रा मार्ग के 54 बॉटलनेक्स, 198 दुर्घटना संभावित स्थल, 49 ब्लैक स्पॉट और 66 लैंड स्लाइडिंग क्षेत्रों को पुलिस विभाग ने चिन्हित कर लिया है। पिछले साल 113 पार्किंग स्थल चिन्हित थे जिनमें 33295 छोटे और 3554 बड़े वाहनों की व्यवस्था थी। इस साल 17 पार्किंग स्थलों को और चिन्हित किया गया है। कुल 130 चिन्हित पार्किंग स्थलों में 43416 छोटे और 7855 बड़े वाहनों के पार्क की व्यवस्था रहेगी।

### डीजीपी दीपम सेठ ने दी चारधाम यात्रा को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी

**देहरादून।**डीजीपी दीपम सेठ ने चारधाम यात्रा को लेकर की गई तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले साल लगभग 48 लाख श्रद्धालुओं ने सकुशल यात्रा की। इस साल की सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा के लिए 50 थाने, 79 रिपोर्टिंग पुलिस चौकी, 5850 पुलिस बल, 38 सीजनल (अस्थाई) चौकियां रहेगी। ट्रैफिक के बेहतर प्रबन्धन हेतु तीन प्लान तैयार किए गए जिन्हें वाहनों के दबाव एवं जाम की स्थिति को देखते हुए लागू किया जाएगा। पुलिस महानिरीक्षक, गढ़वाल रेंज के अधीन चारधाम कंट्रोल रूम की स्थापना की गयी है, जिसके प्रभारी एसपी ट्रैफिक देहरादून लोकजीत सिंह रहेंगे। पुलिस महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था के अधीन पुलिस मुख्यालय स्तर पर चारधाम सेल गठित होगा, जो कि लगातार नियंत्रण एवं मॉनिटरिंग की व्यवस्था करेगा। सम्पूर्ण यात्रा मार्ग को 15 सुपर जोन, 41 जोन और 137 सेक्टर में बांटा गया है।

# धार्मिक पर्यटन को लेकर हरदा के आरोप मनगढंत: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने धार्मिक पर्यटन व्यवस्था को लेकर पूर्व सीएम हरीश रावत के आरोपों को सत्य से परे और मनगढंत बताया। उन्होंने कहा आंकड़े उनके कथन का पर्दाफाश करने के लिए पर्याप्त हैं।

भट्ट ने कहा कि पहले पावन धामों तक पहुंचने वाला कई दिन का सफर अब चंद घंटों में बदल गया है। ऑल वेदर रोड से भक्तों की यह यात्रा अब सुगम, सुरक्षित और यादगार बन रही है। श्री बद्रीनाथ केदारनाथ धाम समेत देवभूमि के तमाम पवित्र स्थान पर नागरिक सुविधाओं को लेकर ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। यही वजह है कि 10- 20 लाख तीर्थ यात्रियों का यह आंकड़ा अब 55-60 लाख से आगे बढ़ते हुए करोड़ों की तरफ बढ़ रहा है। अभी वर्तमान यात्रा सीजन की शुरुआत में लगभग एक माह का समय शेष है लेकिन पंजीकरण करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या रिकॉर्ड 13 लाख के पार पहुंच गई है



उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम इस सच्चाई को जानते हुए भी जनता के सामने इसे स्वीकार करने की हिम्मत नहीं जुटा रहे है। क्योंकि लगातार तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों की बढ़ती संख्या इस बात का स्पष्ट संकेत है कि राज्य में यात्रा प्रबन्धन, सुरक्षा और सुविधा को लेकर अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। लिहाजा सही मायने में इस मुद्दे पर झूठ फैलाकर, पर्दाफाश तो स्वयं हरीश रावत और कांग्रेस पार्टी का हो रहा है। भट्ट ने कहा कि उन्हे यात्रा से पहले लाखों लोगों रिकॉर्ड का पंजीकरण नहीं दिखाई देने वाला है। दअरसल उनके इस झूठ से तो स्वयं उनके और कांग्रेस पार्टी, दोनों का पर्दाफाश हो रहा है।

# नाबालिगों से मारपीट व गालीगलौज पर महिला आयोग सख्त

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**सोशल मीडिया पर जनपद बागेश्वर के कपकोट की वायरल वीडियो जिसमें 16-17 वर्षीय दो नाबालिगों के साथ चार युवक बेरहमी से पिटाई करते नजर आ रहे हैं तथा उन्हें गन्दी गालियां दे रहे हैं ।साथ ही पीड़ित व डरी सहमी नाबालिगों को मुर्गा बनाया हुआ है। इस वीडियो के सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने स्वत: संज्ञान लिया है। उन्होंने उक्त वीडियो को देखने के बाद कहा कि यह प्रकरण अत्यंत गंभीर व चिंताजनक है कि पहाड़ के दूरस्थ व ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस प्रकार के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक बागेश्वर चंद्रशेखर घोडके से फोन पर वार्ता करते हुए इस निन्दनीय घटना में सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए है। नाबालिगों के साथ इस प्रकार से दुर्व्यवहार के आरोपियों के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए किसी भी हाल में कोई भी आरोपी बख्शा नही जाना चाहिए। मामले में पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके ने बताया कि परिजनों की शिकायत के



आधार पर पोक्सो के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है तथा उक्त में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी दो आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही दोनों पीड़ित नाबालिगों की काउंसलिंग कराई गई है। मामले में आयोग अध्यक्ष ने निर्देश दिए है कि यह निर्मम व निन्दनीय वीडियो सोशल मीडिया से तुरंत हटना चाहिए, ताकि किशोरियों को भविष्य में किसी दिक्कत का सामना न करना पड़े व उनकी पहचान के कारण क्षवि धूमिल न हो। आरोपियों ने इस प्रकार से घटना को अंजाम देकर सोशल मीडिया में इस वीडियो को डालकर समाज में गलत संदेश एवं आपराधिक मानसिकता को बढ़ावा देने का काम किया है। चारों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

# केंद्र-राज्य एक रथ के दो पहिये, तालमेल जरूरी: डॉ. वीरेंद्र

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** केंद्र और राज्य एक रथ के दो पहिये हैं। रथ तभी तेजी से दौडेघ्गा, जब दोनों पहिये सही होंगे। इसलिए तालमेल जरूरी है। दो दिनी चिंतन शिविर के समापन के मौके पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार के संबोधन की यह पंक्तियां इस राष्ट्रीय आयोजन के उद्देश्य को प्रभावी ढंग से समझा गईं। यह भी स्पष्ट हो गया कि वंचित तबके की मजबूती का राज आखिर कहां छिपा है।

34 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों और 19 राज्यों के साामजिक न्याय और अधिकारिता विभाग से जुडेघ् मंत्रियों की मौजूदगी वाले चिंतन शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। दो दिन तक केंद्रीय




मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार अपनी पूरी टीम के साथ राज्यों के प्रतिनिधियों के बीच रहे।

हर सत्र में शामिल रहे। राज्यों की तरफ से उठने वाली आवाज को सुना। समस्याओं पर चर्चा की, सुझावों को नोट किया और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए राज्यों से और सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। समापन समारोह में केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने विभिन्न सत्रों में हुई चर्चा और आए हुए प्रस्तावों का विश्लेषण करते हुए कहा कि केंद्र सभी राज्यों के लिए समान रूप से योजनाओं का निर्माण करता है।

राज्य यदि उनके क्रियान्वयन पर जिम्मेदारी से काम नहीं करेगा, तो योजना चाहे जितनी अच्छी हो, वह सफल नहीं हो सकती।

■ समस्याओं और सुझावों पर दो दिन साथ-साथ बैठे केंद्र और राज्य के मंत्री-अफसर, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का चिंतन शिविर संपन्न, 34 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व, 19 मंत्री हुए शामिल

### राज्यों के मंत्रियों ने रखी बात, मिला जवाब

देहरादून।चिंतन शिविर के दूसरे दिन 19 राज्यों के मंत्रियों ने अपने-अपने प्रदेशों से संबंधित विषयों को उठाया। केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार और केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा की मौजूदगी में केंद्रीय सचिव अमित यादव ने मंत्रियों को उपयुक्त जवाब देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने भी अपने संबोधन में तमाम विषयों को छुआ। उन्होंने कहा कि राज्यों के लिए उनके मंत्रालय के दरवाजे हर समय खुले हैं।

### उत्तराखंड समेत कई राज्यों की मिली तारीफ

देहरादून।केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में राज्यों की जमकर हौंसला अफजाई की, लेकिन कमियां गिनाने से भी वह नहीं चूके। उन्होंने उत्तराखंड समेत कई राज्यों की तारीफ की। नमस्ते योजना के क्रियान्वयन के संबंध में उन्होंने चंडीगढ़ व केरल की पीठ थपथपाई, तो ट्रांस जेंडर कल्याण योजना के लिए तेलगांना को शाबासी दी। बिहार की भिक्षावृत्ति मुक्ति अभियान, मध्य प्रदेश व गुजरात की ओबीसी व घुमंतु जाति के उत्थान के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर सराहना की। उत्तराखंड में नशामुक्ति अभियान के लिए किए जा रहे प्रयासों पर मंत्री ने खुशी जताई।

### बिना नाम लिए राज्यों की कमियां भी रेखांकित

**देहरादून।**कैबिनेट मंत्री ने किसी राज्य का नाम तो नहीं लिया, लेकिन यह जरूर कहा कि कई राज्य ऐसे हैं, जिनके यहां से एससी जाति के बच्चों की विदेश में पढ़ाई से संबंधित योजना के लिए एक भी आवेदन नहीं आता है। ऐसे राज्यों से जागरूकता फैलाने की उन्होंने अपील की। उन्होंने राज्यों के स्तर पर उपयोगिता प्रमाणपत्र देने में विलंब का मामला भी उठाया। उन्होंने कहा कि समय पर उपयोगिता प्रमाणपत्र देने और संबंधित खाते में पैसा शेष ना रहने की स्थिति में अगली किस्त जारी करने में केंद्र के स्तर पर जरा भी विलंब नहीं होता है। मगर कई राज्य इसका पालन नहीं कर पाते। इस वजह से उन्हें धनराशि देर से अवमुक्त हो पाती है।

### हर जिले में ओल्ड एज होम खोलने के प्रयास

देहरादून।चिंतन शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए कल्याणकारी योजना को लेकर भी चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार का हर जिले में एक ओल्ड एज होम खोलने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के लोगों की बेहतरी के लिए विशेष न्यायालय, विशेष थाने खोलने के भी राज्य स्तर पर प्रयास होने चाहिए।

# सीएम ने दी लैब ऑन व्हील्स के माध्यम से 9 मोबाइल सांइस लैब की सौगात

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पढ रहे छात्र-छात्राओं को लैब ऑन व्हील्स के माध्यम से 9 मोबाईल सांइस लैब की सौगात दी गई। मुख्यमंत्री ने कैम्प कार्यालय परिसर में मोबाईल सांइस लैब के विज्ञान मॉडलों का अवलोकन किया और 09 मोबाईल सांइस लैब को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया।

पिछले वर्ष भी मुख्यमंत्री ने राज्य के चार जिलों चम्पावत, अल्मोड़ा, देहरादून एवं पौड़ी के लिए मोबाईल सांइस लैब को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया था। यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो0 दुर्गेश पंत ने बताया कि प्रथम चरण में राज्य के 04 जिलों क्रमशः चम्पावत, अल्मोड़ा, देहरादून एवं पौड़ी में लैब ऑन व्हील्स का सफल संचालन रहा जिसके



■ मुख्यमंत्री धामी ने किया लैब ऑन व्हील्स-मोबाइल साइंस लैब परियोजना के द्वितीय चरण का शुभारंभ

अभूतपूर्व परिणाम को देखते हुए राज्य के शेष जनपदों में आज लैब ऑन व्हील्स का शुभारंभ किया गया।

प्रो पंत ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) द्वारा राज्य सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना के माध्यम से राज्य के ग्रामीण/दूरस्थ क्षेत्रों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने और विज्ञान संचार गतिविधियों को बढावा देने का कार्य किया जा रहा है।

परियोजना के अंतर्गत प्रयोगशाला, व्यवहारिक प्रदर्शनों /मॉडलों, विज्ञान गतिविधियों और प्रदर्शनों के माध्यम से प्रदेश के कक्षा छः से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं को जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणित आदि विषय के पाठ्यक्रम को ओर अच्छे से सीखने एवं समझ पाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। प्रो0 पंत ने कहा कि यह प्रदेश में परियोजना का द्वितीय चरण है जिसके अंतर्गत शेष नौ जनपद उत्तरकाशी, टिहरी, चमोली, रुद्रप्रयाग, हरिद्वार, उधम सिंह नगर, नैनीताल, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ में किया जा रहा है।

इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सचिव नितेश झा एवं साइंस सिटी सलाहकार जी एस रौतेला, यूकॉस्ट से संयुक्त निदेशक डॉ डी पी उनियाल, परियोजना समन्वयक ई0 जितेन्द्र कुमार, अमित पोखरियाल, विकास नौटियाल, पुनीत सिंह एवं सहयोगी संस्था अगस्त्या इण्टरनेशनल से अमित कुमार, अशोक सिंह, योगेश के अलवा विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक राम आश्रय चौहान, निधि, शिवानी कोहली, सीमा भंडारी, अभय शर्मा, सुमन गुप्ता, अनीता नेगी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पंतनगर विश्वविद्यालय की वर्ल्ड रैंकिंग में बड़ी छलांग

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/पंतनगर।** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर ने वैश्विक स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय की वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वर्ष 2023 में विश्वविद्यालय को जहां 361वां स्थान प्राप्त हुआ था, वहीं अब यह 209वें स्थान पर पहुंच गया है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनमोहन चौहान ने कृषि मंत्री गणेश जोशी को भेंट के दौरान दी।

कृषि मंत्री ने इस सफलता पर विश्वविद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उत्तराखंड के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की निरंतर मेहनत और अनुसंधान के प्रति समर्पण का ही परिणाम है कि उसे अंतरराष्ट्रीय

■ 361वे स्थान से 209वें स्थान पर पहुंचा, कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सराहा विश्वविद्यालय का योगदान, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनमोहन चौहान ने दी जानकारी

मंच पर यह मान्यता मिली है। उन्होंने इस अवसर पर सभी शिक्षकों, शोधकर्ताओं और छात्रों के प्रयासों की सराहना की। कुलपति ने मंत्री को यह भी बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा पहली बार एग्रीकल्चर साइंस कांग्रेस का आयोजन किया गया, जिसमें देश-विदेश के कृषि वैज्ञानिकों, शोधार्थियों और विशेषज्ञों ने भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए और नवीनतम शोध कार्यों पर चर्चा की।

यह सम्मेलन विश्वविद्यालय के शोध और नवाचार को एक नई दिशा देने वाला साबित हुआ। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और अनुसंधान कार्यों में हरसंभव सहयोग करती रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति है कि राज्य के उच्च शिक्षण संस्थान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाएं, और पंतनगर विश्वविद्यालय ने यह लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। कृषि मंत्री गणेश जोशी उम्मीद जताई कि आने वाले समय में पंतनगर विश्वविद्यालय न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश के लिए कृषि क्षेत्र में एक मॉडल संस्थान के रूप में उभरेगा। मंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय को और बेहतर संसाधन, तकनीकी सहायता और अनुसंधान के लिए राज्य सरकार की पूरी मदद मिलती रहेगी।

# जोशी ने लिया सैनिक सम्मान समारोह की तैयारियों का जायजा

**खटीमा।** जनपद ऊधम सिंह नगर के प्रभारी/सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को खटीमा का दौरा कर आगामी 09 अप्रैल (बुधवार) को आयोजित होने वाले सैनिक सम्मान समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। यह समारोह तराई बीज विकास निगम मैदान, खटीमा में आयोजित किया जाएगा। जिसमे प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करेंगे। मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की और सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि समारोह में किसी प्रकार की कोई कमी न रह जाए। इसके उपरांत मंत्री जोशी ने बनबसा स्थित एनएचपीसी अतिथि गृह में अधिकारियों के साथ बैठक की और कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# यूटीयू के छात्रों को मिलेंगे नए अवसर

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) ने अपने परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने की। इस बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया, शैक्षणिक कैलेंडर और प्लेसमेंट पोर्टल जैसे अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। अब विश्वविद्यालय ने पहले चरण में प्रोविजनल पंजीकरण की प्रक्रिया को अपनाने का निर्णय लिया है। इस प्रक्रिया के तहत, योग्य अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपने पसंदीदा कॉलेज और ब्रांच का चयन कर सकते हैं।

हालांकि, यह पंजीकरण प्रवेश की अंतिम प्रक्रिया नहीं होगी। प्रोविजनल पंजीकरण करने के बाद छात्रों को आगामी ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेना होगा, जो एआईसीटीई और फार्मेसी काउंसिल जैसी नियामक संस्थाओं की ओर से निर्धारित शेड्यूल के अनुसार आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय ने छात्रों को सलाह दी है कि वे अधिक से अधिक विकल्प भरें, ताकि सीट आवंटन की संभावना बढ़ सके। छात्रों को यह ध्यान रखना होगा कि वे अपने इच्छित संस्थान और ब्रांच को ही प्राथमिकता दें। इस बदलाव से छात्रों को प्रवेश प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और आसानी मिलेगी।

इस महत्वपूर्ण बैठक में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सत्येंद्र सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनय कुमार पटेल और विश्वविद्यालय के सभी संस्थानों के निदेशक भी उपस्थित थे। इस बैठक में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से सभी संस्थाओं के निदेशकों ने अपनी भागीदारी दर्ज की।

**शैक्षणिक कैलेंडर का ऐलान**

बैठक में विश्वविद्यालय की ओर से आगामी शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए शैक्षणिक कैलेंडर भी जारी किया गया। इसके तहत, 5 अगस्त 2025 से नए सत्र की कक्षाएं प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। सभी संबंधित संस्थाओं से इस संबंध में मंतव्य मांगे गए हैं, ताकि अंतिम शेड्यूल तैयार किया जा सके और 5 अगस्त को कक्षाओं का प्रारंभ हो सके।

### नवीन प्लेसमेंट पोर्टल का शुभारंभ

विश्वविद्यालय ने अपने छात्रों के लिए एक नया प्लेसमेंट पोर्टल भी लॉन्च किया है। यह पोर्टल छात्रों को उनके क्षेत्र में करियर के अवसरों से जोड़ने का एक बेहतरीन मंच प्रदान करेगा। इस पोर्टल पर छात्र अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे, और इसके बाद कंपनियां इन छात्रों से सीधे संपर्क कर उनकी प्लेसमेंट प्रक्रिया को शुरू करेंगी। इस कदम से विश्वविद्यालय के छात्रों को बेहतर नौकरी के अवसर मिलेंगे और उद्योग जगत से सीधा संपर्क स्थापित होगा।

# ग्रामीण क्षेत्र की 7000 आंगनबाड़ी/सहायिका को मई में नियुक्ति पत्र : रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेशभर में लगभग 7000 आंगनबाड़ी और सहायिका पदों पर भर्ती 20 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी और मई की शुरुआत में इन सभी को नियुक्ति पत्र सौंपें जाएंगे। मंगलवार को विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक के बाद महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने यह जानकारी दी।

विधानसभा भवन स्थित सभागार में आयोजित बैठक में विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने विभाग की सभी योजनाओं की समीक्षा की। रेखा आर्या ने बताया कि प्रदेश की महिला नीति लगभग तैयार कर ली गई है और अगली कैबिनेट बैठक में इसे रखा जाएगा।इसके साथ ही मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना में किए गए संशोधनों को भी कैबिनेट से जल्द अप्रूव कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में लगभग 7000 पदों पर आंगनबाड़ी और सहायिका की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है।बैठक में



उन्होंने इस प्रक्रिया को 20 अप्रैल तक पूरे करने के निर्देश अधिकारियो को दिए। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री ने बताया कि नई नियुक्त होने वाली कार्यकत्रियों को मई महीने के आरंभ में नियुक्ति पत्र दिए जाने का लक्ष्य रखा गया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की कार्यशैली में सुधार के लिए विभाग उन्हें नया मोबाइल हैंडसेट और सिम देने जा रहा है। यह सिम आंगनबाड़ी केंद्र को अलाट होगा और उस केंद्र पर जो भी महिला कार्यरत होगी वह उसके जरिए सभी कामकाज निपटाएगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को रिचार्ज के लिए 2000 दिए जाते हैं और विभाग उनके इंटरनेट डाटा के खर्च को भी वहन करेगा। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अन्य लाभ देने पर भी विचार विमर्श किया गया। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि आंगनबाड़ी कल्याण कोष से उनकी बेटी की शिक्षा, बेटी के विवाह के लिए और साथ ही कभी कोई हादसा होने की सूरत में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के परिवार को आर्थिक सुरक्षा दी जाए, इसका खाका जल्द तैयार करें। इसके अतिरिक्त बैठक में महालक्ष्मी किट योजना, बाल पोषण योजना, महिला पोषण योजना, नंदा गौरा योजना जैसी सभी विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।बैठक में विभागीय सचिव चंद्रेश यादव, निदेशक प्रशांत आर्य, उपनिदेशक विक्रम सिंह, मोहित चौधरी आरती बलोदी एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे ।

■आंगनबाड़ी/सहायिकाओं को मिलेगा नया मोबाइल और सीयूजी नंबर, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री ने की विभाग की सभी योजनाओं की समीक्षा

### 6 नए महिला छात्रावास बनेंगे

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि प्रदेश के 6 जनपदों में 50 बेड के नए महिला आवासीय छात्रावास बनाने को स्वीकृति मिल गई है उन्होंने बताया कि इन छात्रावासों का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# तीर्थ मार्ग की सुरक्षा में टीएचडीसी की बड़ी भूमिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने विद्युत क्षेत्र में उत्कृष्टता के साथ-साथ अब भू-तकनीकी और ढलान स्थिरीकरण जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी खुद को एक भरोसेमंद तकनीकी भागीदार के रूप में स्थापित कर लिया है।

इसी कड़ी में एक नई उपलब्धि हासिल करते हुए टीएचडीसीआईएल ने जम्मू-कश्मीर के कटरा स्थित श्री माता वैष्णो देवी तीर्थस्थल के प्रमुख यात्रा मार्ग की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और टीएचडीसीआईएल के बीच 8 अप्रैल को श्राइन बोर्ड के केंद्रीय कार्यालय में हुआ।

समझौते का उद्देश्य तीर्थ मार्ग पर ढलान स्थिरीकरण और भू-तकनीकी सुरक्षा उपायों के माध्यम से यात्रा की दीर्घकालिक सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है।



**श्री माता वैष्णो देवी मार्ग पर ढलान स्थिरीकरण के लिए हुआ त्रिपक्षीय समझौता, भूस्खलन रोकने और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए टीएचडीसी देगी तकनीकी सहायता**

इस अवसर पर टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर. के. विश्नोई ने कहा कि कंपनी जल विद्युत के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के साथ-साथ अब चुनौतीपूर्ण हिमालयी क्षेत्रों में भूस्खलन शमन, ढलान स्थिरीकरण और भू-तकनीकी सलाह देने के क्षेत्र में भी अपनी विशेषज्ञता से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रही है।

उन्होंने बताया कि टीएचडीसीआईएल की परिकल्प एवं अभियांत्रिकी शाखा न केवल केंद्र और राज्य सरकारों बल्कि अन्य संस्थाओं को भी विशेषज्ञ परामर्श सेवाएं प्रदान कर रही है।

इससे पहले भी कंपनी ने उत्तरकाशी के वरुणावत पर्वत भूस्खलन शमन परियोजना सहित देशभर में 430 से अधिक डीपीआर तैयार की हैं, जो भूस्खलन जैसे प्राकृतिक खतरों को रोकने में सहायक रही हैं। इस समझौते के तहत भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण तीर्थ मार्ग पर भूवैज्ञानिक अन्वेषण करेगा, जबकि टीएचडीसीआईएल ढलान स्थिरीकरण उपायों की योजना और अभियांत्रिकी में सहयोग करेगा। टीएचडीसीआईएल के निदेशक (कार्मिक) शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि कंपनी वर्ष 2011 से श्राइन बोर्ड के लिए तकनीकी सलाहकार के रूप में कार्य कर रही है और यह नया समझौता दोनों संस्थाओं के बीच मजबूत विश्वास का प्रतीक है।

इस अवसर पर टीएचडीसीआईएल के निदेशक (तकनीकी) भूपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि यह समझौता भू-तकनीकी सुरक्षा के क्षेत्र में एक और मील का पत्थर है और यह देश के संवेदनशील भूगर्भीय क्षेत्रों में सुरक्षित ढांचागत विकास की दिशा में एक बड़ी पहल है।

समझौते पर टीएचडीसीआईएल के महाप्रबंधक (परिकल्प-सिविल) नीरज अग्रवाल, श्राइन बोर्ड के एडिशनल सीईओ आलोक कुमार मौर्य और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के उप महानिदेशक संजीव कुमार ने हस्ताक्षर किए।

इस मौके पर कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस पहल से तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होने के साथ-साथ पर्यटन को भी मजबूती मिलेगी, जिससे क्षेत्रीय विकास और स्थानीय समुदायों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# गढ़वाल सांसद ने सुनी श्रीनगर निगम क्षेत्र की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी सोमवार को देर रात्रि श्रीनगर मंडल कार्यालय में पहुंचकर क्षेत्र की समस्याओं को पुछा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत व्याप्त समस्याओं के बारे में बताया। नगर निगम वार्ड एक कलियासौड के पार्षद राजेंद्र नेगी ने धारी देवी क्षेत्र में पानी की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। इस मौके पर गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने रेलवे विभाग के पीएम कलियासौड़ में शीघ्र ही क्षेत्र में बोरिंग की व्यवस्था कर क्षेत्रवासियों को पानी की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। डांग क्षेत्र के पार्षद दिनेश पटवाल एवं पंकज सती ने भी डांग क्षेत्र में कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित किए जाने को लेकर एक सामुदायिक भवन निर्माण किए जाने की मांग की। जिसमें सांसद अनिल बलूनी ने अपनी सांसद निधि से सामुदायिक भवन देने की बात कही। पटवाल ने कहा कि ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक खोलने की मांग रखते हुए कहा कि श्रीनगर क्षेत्र में बहुत सारे पूर्व सैनिक हैं, जिनको छोटी सी स्वास्थ्य संबंधी समस्या के लिए रुद्रप्रयाग और पौड़ी की दौड़ लगानी पड़ती है। कहा कि यदि श्रीनगर में ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक की सुविधा मिलती है तो वह पूर्व सैनिकों को रूद्रप्रयाग और पौड़ी की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। पूर्व सैनिक दिनेश पटवाल की मांग पर गढ़वाल सासंद ने श्रीनगर में ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक खोले जाने की मांग की। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथुरा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल किशोर रावत, श्रीनगर मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विपिन मैठाणी, जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट, जगमोहन नेगी, संजय गुप्ता, नगमा तौफीक, वासुदेव कंडारी, आशा उपाध्याय, रामेश्वरी देवी, गणेश भट्ट सहित आदि मौजूद थे।



# बच्छणस्यूं पट्टी में एक व्यक्ति पर गुलदार ने किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** बच्छणस्यूं पट्टी के बरसूड़ी गांव में एक व्यक्ति पर रात को घर जाते हुए गुलदार ने हमला कर दिया। शुक्र रहा कि वह भागने में कामयाब हो गया। इसके बाद गांव में लोगों द्वारा शोर-शराबा करने के बाद गुलदार भाग गया। उक्त व्यक्ति की कमर में नाखून लगाए हैं। पीड़ित का मंगलवार को जिला चिकित्सालय में उपचार कराया गया।

जानकारी के अनुसार बरसूड़ी गांव निवासी 40 वर्षीय धन सिंह बिष्ट बीती सोमवार की सांय होते ही अपने घर को जा रहा था कि इसी बीच रास्ते में घात लगाए गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। धन सिंह चिल्लाते हुए आगे की ओर भागने में सफल हो गया। आप बीती बताने पर लोगों ने शोर शराबा किया और गुलदार को गांव से भगा दिया। हालांकि उक्त व्यक्ति के कमर में दो नाखून के निशान हैं। मंगलवार को उसने जिला चिकित्सालय में उपचार कराया। जहां डॉक्टर ने उपचार के बाद उसे घर भेज दिया है। इधर, क्षेत्र में गुलदार के हमले की घटना से लोगों में दहशत का माहौल है। खांकरा के पूर्व प्रधान प्रदीप मलासी का कहना है कि बीते कई समय से ग्रामीण क्षेत्रों में गुलदार की आवाजाही ज्यादा बढ़ गई है। वन विभाग को नियमित गश्त लगानी चाहिए। गुलदार की आवाजाही ग्रामीण इलाकों में न हो, इसके लिए वन विभाग को ठोस योजना बनानी होगी।

# बाप-बेटे ने बालक का काटा बांया कान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** भरदार पट्टी के खरगेड़ गांव में बाप-बेटे ने मिलकर नाबालिग बालक का बांया कान काट दिया, जबकि गले पर भी हमले किए। परिजनों के बीच-बचाव के बाद दोनों भाग गए। बताया जा रहा है कि नाबालिग बहन के साथ छेड़छाड़ करने के बाद जब भाई ने बाप-बेटे को समझाने का प्रयास किया तो बेटे ने नाबालिग बालक का कान काट दिया। घटना के बाद परिजन घायक बालक को लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचे, जहां से उसे बेस अस्पताल के लिए रेफर किया गया। साथ ही परिजनों की ओर से कोतवाली रुद्रप्रयाग में तहरीर देकर मामले में कार्यवाही की मांग की गई है।



कोतवाली रुद्रप्रयाग में दिए लिखित तहरीर में भरदार पट्टी के खरगेड़ निवासी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि बीते सोमवार की सांय करीब छः बजे ग्रामीण मकान सिंह पुत्र हुकम सिंह उम्र लगभग 44 वर्ष ने उनकी 16 वर्षीय पुत्री के साथ गांव के पंचायत चौक में छेडखानी की, जिसके बाद उनके पुत्र अनुज सिंह उम्र 15 वर्ष ने मकान सिंह को समझाने की कोशिश की तो इतने में मकान सिंह अपने घर गया और धारदार हथियार लेकर आया। जहां पर मकान सिंह के पिता हुकम सिंह उम्र लगभग 60 वर्ष ने उनके पुत्र अनुज के हाथ पकडे़ और मकान सिंह ने दरांती से हमला कर उसका बांया कान काट दिया। साथ ही गले पर भी हमले किए। उन्होंने बताया कि परिजनों ने बीच-बचाव किया, वरना मकान सिंह और हुकम सिंह बाप-बेटे मिलकर पुत्र अनुज को जान से खत्म कर देते। इसके बाद पुलिस को फोन से घटना की सूचना दी और घायल पुत्र अनुज को लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया। पुत्र का बेस अस्पताल श्रीकोट में इलाज चल रहा है। उन्होंने मामले में बाप-बेटे के खिलाफ कड़ी कार्याही की मांग के साथ अपने परिवार जनों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। कहा कि ग्रामीण मकान सिंह व हुकम सिंह से उनके परिवार जनों को खतरा बना हुआ है। वहीं कोतवाल निरीक्षक मनोज नेगी ने कहा कि जिस व्यक्ति ने नाबालिग से छेड़छाड़ की है, उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट में कार्यवाही की जा रही है। साथ ही धारदार हथियार से वार करने और मारपीट में बेटे का साथ देने सहित अन्य मामलों में अलग-अलग धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपियों की धरपकड़ कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर.....

### सीओ ने किया कोतवाली श्रीनगर का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर का पुलिस उपाधीक्षक अनुज कुमार ने सोमवार देर सांय कोतवाली श्रीनगर का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने थाने का भ्रमण करते हुए थाना परिसर में लम्बित माल मुकदमाती वाहनों का शीघ्र निस्तारण करने के साथ ही अभिलेखों को चेक कर शस्त्रागार, मालखाना, बैरिक, मेस, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, कम्प्यूटर उपकरणों आदि का निरीक्षण किया गया। मौके पर उन्होने कोतवाली में रखे आपदा उपकरणों का निरीक्षण करते हुए आपदा से सम्बन्धित सभी उपकरणों को तैयारी हालात में रखने के निर्देश दिए। सीओ अनुज कुमार ने पुलिस लाइन के आवासों का निरीक्षण कर आवासों के रख-रखाव पर उत्कृष्ट पाये जाने पर बद्री प्रसाद सिलोड़ी, संजय कण्डारी और जमूना भण्डारी को सम्मानित किया। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी सहित आदि मौजूद थे।

### छात्रों को दिलाई कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

**कोटद्वार।** नगर निगम के अंतर्गत पदमपुर स्थित श्री गुरु राम राय कालेज आफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओथ व लैंप लाइटिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को कर्त्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ गिरीश उनियाल सहित सभी नर्सिंग फैक्ल्टी द्वारा सेरिमोनियल लैंप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद नर्सिंग विभाग की विभागाध्यक्ष श्वेता बिष्ट द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। शपथ के अंतर्गत सभी छात्र-छात्राओं ने सेवा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ गिरीश उनियाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि कालेज में सभी नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाने का चलन लंबे समय से चला आ रहा है। इससे छात्रों में अपने कर्तव्य को अच्छी तरह से निभाने का भाव जागृत होता है।

### प्राथमिक चिकित्सा एवं सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन

**कोटद्वार।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में एसडीआरएफ की टीम द्वारा प्राथमिक चिकित्सा एवं सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से युवाओं को आपात स्थिति में जीवन रक्षा करने की तकनीक का ज्ञान होता है। यह प्रशिक्षण जीवन रक्षक तकनीकों के प्रति जागरूकता का सशक्त माध्यम है। रेड क्रॉस संयोजिका डॉ मीनाक्षी वर्मा ने कहा कि सोसाइटी समय-समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं के जीवन रक्षक कौशल को सशक्त बनाने हेतु कार्य कर रही है। तत्पश्चात एसडीआरएफ की टीम ने सीपीआर की विधि का प्रदर्शन किया। टीम ने जहर खाने, हड्डी टूटने एवं सांप के काटने जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में किए जाने वाले प्राथमिक उपचार की जानकारी भी प्रदान की। इस दौरान प्रोफेसर प्रीति रानी, डॉ जुनिश कुमार, डॉ संदीप कुमार, डॉ सरिता चौहान और डॉ चंद्रप्रभा भारती सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### उत्तराखंड जल संस्थान के संविदा श्रमिकों ने की एरियर भुगतान की मांग

**कोटद्वार।** उत्तराखंड जल संस्थान शाखा कोटद्वार में कार्यरत संविदा श्रमिकों ने उनके एरियर भुगतान की मांग को लेकर महापौर शैलेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता अभिषेक वर्मा से वार्ता की। वार्ता में अधिशासी अभियंता ने इस पर सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मंगलवार को महापौर शैलेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में संविदा श्रमिक अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचे। इस दौरान संविदा श्रमिकों ने अपने एरियर भुगतान सहित अन्य समस्याओं को भी अधिशासी अभियंता के समक्ष उठाया। इस पर अधिशासी अभियंता ने एरियर का भुगतान दो किश्तों में करने की बात कही। कहा कि शासन स्तर से बजट स्वीकृत होते ही श्रमिकों के बोनस का पैसा भी वितरित कर दिया जायेगा, साथ ही श्रमिकों के ईपीएफ की धनराशि भी सीधे उनके खातों में डाल दी जायेगी। इस पर श्रमिकों ने अधिशासी अभियंता और महापौर का आभार व्यक्त किया। वार्ता करने वालों में संविदा श्रमिक संघ के शाखाध्यक्ष देव प्रसाद कंडवाल और प्रांतीय उपाध्यक्ष मंगलेश लखेड़ा आदि शामिल रहे।

### वन अग्नि सुरक्षा पर आगराखाल में कार्यशाला आयोजित

**नई टिहरी।** वन विभाग के तत्वावधान में जायका ग्रोथ सेंटर आगराखाल में वन अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जंगलों में बढ़ती आग की घटनाओं की रोकथाम और नियंत्रण को लेकर गंभीर मंथन किया गया। कार्यशाला में वन क्षेत्रों को आग से बचाने के लिए जनजागरूकता फैलाने और विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रशासक फकोट राजेंद्र कंडारी ने वनाग्नि से होने वाले पर्यावरणीय और सामाजिक नुकसान को रेखांकित करते हुए इसके खिलाफ ठोस रणनीति बनाने की बात कही। एसडीएम देवेंद्र नेगी ने वन अग्नि से जुड़े विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों और आपसी तालमेल की आवश्यकता को विस्तार से समझाया। उप प्रभागीय वनाधिकारी किशोर नौटियाल ने वन अग्नि सुरक्षा के साथ-साथ मानव-वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए आवश्यक उपाय साझा किए। कार्यशाला में वन क्षेत्राधिकारी विवेक जोशी, थानाध्यक्ष गोपाल दत्त भट्ट, वन दरोगा गिरजा शंकर त्रिपाठी, यशवंत चौहान, वन बीट अधिकारी पूरण सिंह, निशा पंवार और चौकी इंचार्ज आगराखाल पंकज समेत कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों को भी वनाग्नि की रोकथाम में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

### बागवान के पास अलकनंदा नदी किनारे मिला मछुआरे का शव

**श्रीनगर।** कोतवाली कीर्तिनगर क्षेत्रांर्गत बागवान में अलकनंदा नदी के किनारे एक शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मौके पर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर श्रीकोट स्थित मेडिकल कॉलेज स्थित मोर्चरी भेजा। कीर्तिनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवराज शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान मुकेश चंद्र पुत्र कमलुराम निवासी उफल्डा वार्ड नंबर 39 श्रीनगर के रूप में हुई है। जिसकी पहचान मृतक के परिजनों द्वारा की गई है। बताया कि 29 मार्च को मृतक के परिजनों ने श्रीनगर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। वहीं कोतावाली श्रीनगर के उपनिरीक्षक मुकेश भट्ट ने बताया कि मृतक मछलियों के लिए जाल बिछाने के लिए अलकनंदा नदी में गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह नदी के तेज बहाव में बह गया। बताया कि पुलिस ने पंचायतनामा की कार्यवाही कर दी है। मृतक का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। ढछवदमझ

# मॉडल विलेज के रूप में विकसित होंगे प्रवासी उत्तराखण्डियों के चयनित गांव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में टिहरी गढ़वाल जिले में प्रवासी उत्तराखण्ड वासियों द्वारा चयनित गांवों को मॉडल विलेज के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कदम उठाए जा रहे हैं। इस पहल के तहत प्रत्येक चयनित गांव में ग्राम स्तरीय प्रवासी समिति का गठन किया गया है, जो निर्धारित रोस्टर के अनुसार गांवों का भ्रमण कर एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार करेगी। यह कार्ययोजना 15 अप्रैल तक जनपद स्तरीय प्रवासी प्रकोष्ठ को उपलब्ध कराई जानी है, जिससे संबंधित प्रस्तावों पर निर्णय लेने के बाद उन्हें प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।

**ग्राम भ्रमण कर रही प्रवासी समिति जुटा रही स्थानीय लोगों से सुझाव**
**15 अप्रैल तक तैयार होगी मॉडल गांवों की कार्ययोजना**

इस क्रम में ग्राम स्तरीय प्रवासी समिति ने 7 अप्रैल को प्रवासी उत्तराखण्डी देव रतूड़ी द्वारा चयनित भिलंगना विकासखण्ड के सुनारगांव और केमरिया सौंण गांवों तथा प्रवासी जयपाल सिंह रावत द्वारा चयनित चंबा विकासखण्ड के कीर्थवाल गांव का भ्रमण किया। समिति के सदस्यों ने इन गांवों के स्थानीय निवासियों से सीधी बातचीत करते हुए सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक दृष्टि से गांव को आदर्श बनाने को लेकर सुझाव प्राप्त किए।

इसके बाद 8 अप्रैल को समिति ने चंबा विकासखण्ड के पुजाल्डी गांव, जिसे प्रवासी विकास लेखवार ने चयनित किया है, और प्रतापनगर विकासखण्ड के हेरवाल गांव, जिसे प्रवासी विरेन्द्र सिंह रावत ने चुना है, का भी दौरा किया। भ्रमण के दौरान समिति ने इन गांवों की मौजूदा स्थिति और संभावनाओं का गहन अवलोकन किया और ग्रामीणों की सहभागिता से विकास के संभावित आयामों पर चर्चा की।

ग्राम स्तरीय समिति का यह भ्रमण 9 अप्रैल तक जारी रहेगा, जिसके अंतर्गत प्रवासी बी.पी. अन्थवाल द्वारा चयनित भिलंगना विकासखण्ड के मंज्याड़ी और मयालगांव, महादेव सेमवाल द्वारा चयनित मंज्याड़ी नैलचामी, तथा एम.पी. भट्ट द्वारा चयनित देवप्रयाग विकासखण्ड के भदरासू और झनौ गांवों का भ्रमण किया जाएगा। इस अभिनव प्रयास के जरिए प्रवासी उत्तराखण्डियों की भागीदारी से ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास की नई मिसाल कायम करने का प्रयास किया जा रहा है।

# डंफर खाई में गिरा, चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** तहसील बड़कोट के गातु पास गांव केवल मोटर मार्ग पर एक डम्फर अनियंत्रित होकर खाई में गिर जिसमें चालक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना मंगलवार की है जब गातु के पास एक डंपर अनियंत्रित होकर लगभग 500 मीटर खाई में गिरा है। जिसमें चालक परिचालक ही सवार थे।

मृतक वाहन चालक आलोक रावत पुत्र स्वर्गीय धर्म सिंह रावत निवासी सुनारा पुरोला की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। वहीं घायल सौरव मैठाणी पुत्र विकास मैठाणी निवासी तुनाल्का बड़कोट व्यक्ति को एंबुलेंस के माध्यम से हायर सेंटर देहरादून भेज दिया गया है।



# हाथी ने झंडीचौड में मचाया उत्पात सरकारी विद्यालय की तोड़ी दीवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** नगरनिगम कोटद्वार के झंडीचौड क्षेत्र में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाथी भाबर क्षेत्र के झंडीचौड़ सहित अन्य गांवों में ग्रामीणों की खेती सहित अन्य चीजों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। सोमवार रात को भाबर क्षेत्र के पश्चिम झंडीचौड़ स्थित प्राथमिक विद्यालय, आदर्श जूनियर हाई स्कूल और माध्यमिक विद्यालय की चहारदीवारी को हाथियों ने कई जगह पर क्षतिग्रस्त कर दिया। मंगलवार को जब आदर्श जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक भारत भूषण शाह स्कूल में गए तो उन्होंने देखा कि हाथियों ने स्कूल की रेलिंग सहित दीवार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। इसकी सूचना उन्होंने पार्षद सुखपाल शाह को दी। सूचना पाकर पार्षद भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्कूलों के ठीक बगल में स्थित आरटीओ ट्रेनिंग सेंटर की लोहे की बाड़ को भी टूटा पाया। इससे उन्होंने अनुमान लगाया कि इसी बाड़ को तोड़कर हाथी स्कूल प्रांगण में पहुंचा और स्कूलों की दीवारों व रेलिंग को नुकसान पहुंचाया।

लंबे समय से वार्डवासी प्रशासन व वन विभाग से हाथी सुरक्षा दीवाल निर्माण की मांग करते आ रहे हैं मगर इस ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। शाम होते ही हाथी आबादी की तरफ आने लगता है जिसे जान माल का भी खतरा भी बना हुआ है। मौके पर उन्होंने वन विभाग से स्कूल की सुरक्षा दीवार निर्माण की मांग करते हुए कहा कि दीवार क्षतिग्रस्त होने से बाहरी शरारती तत्व स्कूल को नुकसान पहुंचा सकते हैं साथ ही लावारिस जानवर भी स्कूल के अंदर जाकर नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# 2050 तक अतीस और मीठा विष के प्राकृतिक आवास हो जाएंगे गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग का असर सबसे ज्यादा हिमालय क्षेत्रों के औषधीय पादपों पर दिखाई देने लगा है। जलवायु परिवर्तन के कारण कई महत्वपूर्ण जड़ी-बूटीयां पर खतरे की जद में आ गयी है। समय रहते हुए इनकों बचाया नहीं गया तो यह विलुप्त होने के कगार पर आ जायेंगी। एक शोध में पता चला है कि अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के बुरे प्रभाव के प्रति अधिक संवेदनशील होते जा रही है। सिंप्रगर के इंनवरामेंट मौनेटिरिंग एंड अस्समेंट जर्नल में प्रकाशित शोध में पाया गया है कि तीन राज्यों के उच्च हिमालय क्षेत्रों में मिलने वाली महत्वपूर्ण जड़ी-बूटी अतीस और मिठा विष आने वाले 25 सालों में 50 प्रतिशत से अधिक विलुप्त हो जायेंगी। साथ ही आवासों के वितरण में भी बदलाव दिखे गये है। हैप्रेक संस्थान के शोधकर्ता डा. जयदेव चौहान ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण हिमालय के पारिस्थितिक तंत्र में कई ऐसे बदलाव हो रहे हैं, जिन्हें फिर से बहाल नहीं किया जा सकता है, जो वर्तमान संरक्षण रणनीतियों की समीक्षा करने के बारे में आगाह करते हैं। बताया कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के उच्च हिमालय क्षेत्र शामिल है। बताया कि गढ़वाल विवि के उच्च शिखरीय पादप कार्यिकी शोध केंद्र ने राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी) और डीबीटी नई दिल्ली परियोजना के सहयोग से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड के उच्च हिमालय क्षेत्रों में किए गये एक अध्ययन ने संकटग्रस्त अतीश और मीठा विष जैसे बहुमूल्य औषधीय पौधों पर प्रकाश डाला है। अध्ययन में 2050 में वर्तमान और भविष्य दोनों में जलवायु परिदृश्यों में अतीस और मीठा विष के औषधीय पौधों की प्रजातियों के आवासों के वितरण का विश्लेषण किया गया है। इसमें प्रजाति वितरण मैक्सएंट एयूसी, जैक नाइफ मॉडलिंग नामक तकनीक का उपयोग किया गया है। जो प्रजातियों के भविष्य के वितरण का पता लगाने के लिए आंकलनों को जोड़ती है। बताया कि आने वाले 25 से 50 वर्षों के जलवायु परिदृश्यों को देखते हुए दुलर्भ जड़ी बूटी अतीश और मीठा विष जम्मू कश्मीर में विलुप्त होकर उत्तराखंड के उच्च हिमालयों में शिफ्ट होने के आसार है। ''जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग आज के समय में एक बड़ी चुनौती है, जिसने पूरी दुनिया की जैव विविधता को प्रभावित किया है। भारतीय हिमालयी क्षेत्र, जैव विविधता के मेगा हॉट स्पॉट में से एक है, जो आयुर्वेद में वर्णित बहुमूल्य औषधीय पौधों का भंडार भी है। जलवायु परिवर्तन के कारण इन क्षेत्रों की औषधीय पौधों की विविधता बहुत अधिक तनाव में है या लंबे समय में विलुप्त हो सकती है। हिमालय क्षेत्रों में घटती हिम परत और बढ़ती ट्रीलाइन लाइन जलवायु परिवर्तन को दर्शा रहें है। कई दुलर्भ प्रजातियों पर शोध करने की आवश्यकता है।

# स्थानीय युवाओं को रोजगार देने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने टीएचडीसी में कार्यरत निजी कंपनियों को स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की बात दोहराते हुए इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता बताई। मंगलवार को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड टिहरी के भागीरथीपुरम स्थित अतिथिगृह में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि टिहरी जिले के युवाओं को विकास कार्यों का सीधा लाभ मिलना चाहिए।

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत, टिहरी भाजपा मण्डल अध्यक्ष विजय कठैत, टीएचडीसी के अधिकारी और जीई पावर इंडिया, शिवालिक हाइड्रो प्राइवेट लिमिटेड एवं बालाजी ऑपरेशन एंड मेन्टीनेंस सर्विस जैसी निजी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। विधायक उपाध्याय ने कंपनियों से स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि वे स्थानीय युवाओं को रोजगार दें और अब तक कितने लोगों को नौकरी दी गई, उसकी सूची उपलब्ध कराएं।जीई पावर इंडिया और शिवालिक हाइड्रो प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनकी परियोजनाएं अब लगभग पूर्णता की ओर हैं, जिससे नए रोजगार की संभावना सीमित हो गई है, परंतु अब तक कार्यों में स्थानीय लोगों को ही वरीयता दी गई है। वहीं, बालाजी ऑपरेशन एंड मेन्टीनेंस सर्विस के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनकी कंपनी में 72 प्रतिशत स्थानीय लोगों को ही रोजगार दिया गया है और भविष्य में भी कार्य की आवश्यकतानुसार स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने का आश्वासन दिया।

**टीएचडीसी की बैठक में विधायक ने उठाई प्राथमिकता की मांग, कंपनियों से मांगी गई स्थानीय नियुक्तियों की रिपोर्ट**

बैठक में अपर महाप्रबंधक डीपी पात्रो, आरएस राणा, वरिष्ठ प्रबंधक मोहन सिंह, एसएस राणा, एमएस नेगी, हरदीप सिंह, एचआर मैनेजर पवन परिहार और उप महाप्रबंधक वीएसवी रमैया सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने सभी कंपनियों को सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्थानीय युवाओं को अवसर देने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने को कहा।

# नई टिहरी के अखिलेश ने एथलेटिक्स मीट में जीते दो पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर सुद्धोवाला, देहरादून में आयोजित तृतीय वार्षिक एथलेटिक्स मीट में स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एवं एप्लाइड न्यूट्रीशन संस्थान, नई टिहरी के छात्र अखिलेश ने बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले और संस्थान का नाम रोशन किया है। बीएचएमसी छठे सेमेस्टर के छात्र अखिलेश ने 1500 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता, वहीं लंबी कूद प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक भी अपने नाम किया। संस्थान के सहायक प्रोफेसर राजेश रमोला के नेतृत्व में छात्र कुणाल कुमाई, अमन नेगी, ऋषभ पुंडीर और सागर सिंह सहित अखिलेश ने विभिन्न एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभाग किया। अखिलेश की इस उपलब्धि पर संस्थान के नोडल अधिकारी सतीश बहुगुणा, सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। छात्र की इस सफलता ने संस्थान में उत्साह का माहौल बना दिया है और अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का कार्य किया है।



# पूर्व सांसद के गोद लिए गांव में समस्याओं का अम्बार

**रुद्रप्रयाग।** पूर्व सांसद भुवन चन्द्र खण्डूड़ी के गोद लिए देवली-भणिग्राम गांवों में कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है। एससी बस्ती सिरवाणी, पनधारा व जखवाण के लिए जहां सड़क नहीं बन पाई है, वहीं अन्य ग्रामीण टूटी-फूटी सड़क से सफर कर रहे हैं। ग्रामीण जब बीमार होते हैं तो उन्हें पालकी के सहारे लेकर जाना पड़ता है। पानी की समस्या से भी ग्रामीण जनता जूझ रही है। हर घर जल हर घर नल योजना भी धरातल पर नहीं उतर पाई है। अन्य सांसद गांवों को आईना दिखाने को लेकर गोद लिए इस गांव की हालत बद से बदतर बनी हुई है। जिपंस गणेश तिवारी ने कहा कि पूर्व सांसद खण्डूड़ी के गोद लिए गांव के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं को लेकर परेशान हैं।

# चारधाम यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने चमोली पहुँचे स्वास्थ्य सचिव

## सड़कों, स्वास्थ्य केंद्रों, पार्किंग स्थलों और आपदा प्रबंधन व्यवस्था का किया निरीक्षण

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून/चमोली ।** चारधाम यात्रा 2025 को सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए राज्य सरकार ने युद्धस्तर पर तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। मुख्यमन्त्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर उत्तराखंड शासन के सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य, सिंचाई एवं चारधाम यात्रा के लिए बद्रीनाथ के नोडल अधिकारी डॉ. आर. राजेश कुमार ने मंगलवार को चमोली जनपद का व्यापक निरीक्षण दौरा किया। उन्होंने कमेड़ा से लेकर बद्रीनाथ तक के यात्रा मार्ग में स्वास्थ्य सुविधाओं, सड़कों की स्थिति, पार्किंग स्थलों, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों और रजिस्ट्रेशन व स्क्रीनिंग केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, एसडीएम चमोली राजकुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक गुप्ता, एनएच, बीआरओ और अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। डॉ. आर राजेश कुमार ने सबसे पहले गौचर स्थित रजिस्ट्रेशन सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र , मेला मैदान तथा कर्णप्रयाग स्थित ट्रॉमा सेंटर का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पतालों में मरीजों के लिए पर्याप्त दवाओं का भंडारण, डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता और साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयाँ, उपकरण और मेडिकल स्टाफ हर समय तैनात रहें। उन्होंने जानकारी दी कि जल्द ही चमोली जनपद में डायलिसिस मशीनें उपलब्ध करा दी जाएंगी जिससे मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। इसके साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि यदि किसी उपकरण या सुविधा की आवश्यकता हो तो संबंधित विभाग शासन को समय पर प्रस्ताव भेजे, ताकि संसाधन समय रहते उपलब्ध कराए जा सकें।



### यात्रा मार्ग पर बनेंगे 20 एमआरपी और 50 स्क्रीनिंग सेंटर

स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार

- श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि , स्वास्थ्य सचिव ने एमआरपी और स्क्रीनिंग पॉइंट्स को लेकर दिए विशेष निर्देश

ने जानकारी दी कि आगामी यात्रा में श्रद्धालुओं की बेहतर स्क्रीनिंग और प्राथमिक उपचार के लिए कुल 20 मेडिकल रिलीफ पोस्ट (एमआरपी) और 50 स्क्रीनिंग पॉइंट्स स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में जनपद में 3 एमआरपी और 5 स्क्रीनिंग पॉइंट्स कार्यरत हैं। इस बार 5 नए एमआरपी और कई अतिरिक्त स्क्रीनिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जो विशेष रूप से यात्रियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्राथमिक उपचार के लिए होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एमआरपी एवं स्क्रीनिंग सेंटरों के माध्यम से 13 विभिन्न भाषाओं में तैयार की गई हेल्थ एडवाइजरी का वितरण अनिवार्य रूप से किया जाए। यह एडवाइजरी श्रद्धालुओं को ऊँचाई वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य जोखिम, कोविड-19 जैसी संभावित बीमारियों, खानपान और आवश्यक सावधानियों की जानकारी देगी। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक श्रद्धालुओं की स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख बस स्टेशनों के पास ही स्क्रीनिंग सेंटर स्थापित किए जाएँ।

### सिरोबगड़ व कमेड़ा भूस्खलन जोन का किया निरीक्षण

चारधाम यात्रा की तैयारी के मद्देनजर स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने रुद्रप्रयाग जनपद स्थित सिरोबगड़ और चमोली जनपद स्थित कमेड़ा भूस्खलन क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों संवेदनशील क्षेत्रों में सड़क की जर्जर स्थिति और संभावित जोखिमों को देखते हुए कार्यदायी एजेंसियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कमेड़ा में 20 दिन के भीतर डामरीकरण कार्य पूर्ण करने और सिरोबगड़ में स्लाइडिंग जोन का स्थायी समाधान खोजने के लिए तत्काल प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए। सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रा जैसे महत्वपूर्ण आयोजन में एक भी अवरोध शासन को अस्वीकार्य है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से चेताया कि समयसीमा के भीतर सभी कार्य हर हाल में पूरे हों ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित की जा सके।

### सड़कों की मरम्मत और आपदा प्रबंधन पर विशेष ध्यान

निरीक्षण के दौरान सचिव ने राष्ट्रीय राजमार्ग अंतर्गत कमेड़ा भूस्खलन क्षेत्र में डामरीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था को 20 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। नंदप्रयाग के पाथाडीप क्षेत्र में चारधाम यात्रा से पहले अस्थायी ट्रीटमेंट कार्य और मलबा निस्तारण का कार्य युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है, जिसे 15 दिन के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। एनएच-07 के पागल नाला क्षेत्र में उन्होंने भूस्खलन जोन की विस्तृत जानकारी लेते हुए कार्यदायी संस्था को स्थायी समाधान के लिए रणनीति तैयार कर प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए। वहीं जोगीधारा में बीआरओ को सड़क के बेस को मजबूती प्रदान करने एवं सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण करने के आदेश दिए गए।

### सरकार की प्राथमिकता है सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित चारधाम यात्रा

डॉ. आर राजेश कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड के लिए आस्था, पर्यटन और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, और सरकार इसे पूरी गंभीरता से ले रही है। इसीलिए स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सड़क, आपदा प्रबंधन, रजिस्ट्रेशन व्यवस्था और पर्यावरण संतुलन पर भी बराबर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई यात्रा संचालन में बाधा उत्पन्न कर सकती है, इसलिए सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराए जाएँ।

# केंद्र सरकार ने फिर किया जनता पर महंगाई का वार : जोशी

**देहरादून (शाह टाइम्स )।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नवीन जोशी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल रही है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दामों में 50 रुपए की बढ़ोतरी ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। यह फैसला हर घर के बजट पर सीधा हमला है और गरीब व मध्यम वर्ग के लिए एक और भारी बोझ बन गया है। उन्होंने कहाँ कि सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। हालाँकि सरकार कह रही है कि इसका खर्च तेल कंपनियां वहन करेंगी, लेकिन यह केवल जनता को भ्रमित करने की एक सुनियोजित साजिश है। आने वाले समय में यह बोझ भी जनता के सिर पर ही डाला जाएगा। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री नवीन जोशी ने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार की यह नीति पूरी तरह जनविरोधी और अमानवीय है। कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ प्रदेशभर में जोरदार प्रदर्शन करेगी और जनता की आवाज को सड़क से संसद तक बुलंद करेगी।

### 70 श्रमिकों ने कंपनी खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**उत्तरकाशी (शाह टाइम्स):** धरासू - यमुनोत्री हाईवे पर निमार्णाधीन बहुचर्चित सिलक्यारा सुरंग में कार्यरत श्रमिकों ने अपनी मांगों को लेकर कार्यदायी कंपनी के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। श्रमिकों ने सोमवार देर रात्रि से कंपनी पर भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाने व शोषण का आरोप लगाते हुए सात सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है। अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर लगभग 70 श्रमिकों अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया हैं। श्रमिकों का आरोप है कि कम्पनी के अधिकारियों ने मनमर्जी व बिना कारण बताए श्रमिकों का हटाने का निर्णय लिया था। बताया जा रहा है कि श्रमिकों के उग्र आन्दोलन के बाद कंपनी बैकफुट पर आई और इस निर्णय को वापस लिया लेकिन श्रमिकों की अन्य मांगों को लेकर आंदोलन जारी है।

# कच्चे तेल के दामों में गिरावट पर सरकार की नियत खराब : कांग्रेस

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** अंतराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें लगातार गोता खा रही हैं, मगर सरकार पेट्रोल - डीजल के दामों में जनता को कोई राहत देने की बजाय उससे होने वाले बजट को भी हड़प रही है। यह बात मंगलवार को एआईसीसी सदस्य व उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने अहमदाबाद में आज से आयोजित होने वाले अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक व एआईसीसी महाधिवेशन के लिए रवाना होने से पहले अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कही। धस्माना ने कहा कि केंद्र सरकार ने जनता की गाड़ी कमाई को लूटने का यह सिलसिला पिछले लंबे समय से किया हुआ है, मगर अब जब अंतरास्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें लगातार कम होती जा रही हैं तब सरकार ने बाजार में पेट्रोल-डीजल सस्ता कर जनता को राहत देने की बजाय एक्साइज बड़ा कर उस लाभ को अपने खाते में डाल कर सलाना 36000 करोड़ कमाई का रास्ता अख्तियार किया। धस्माना ने कहा कि दूसरी तरफ मोदी सरकार ने घरेलू एलपीजी गैस की कीमतें 50 रुपए बड़ा कर महंगाई की मार झेल रही जनता पर एक और प्रहार किया है। धस्माना ने कहा कि अहमदाबाद से लौटने के बाद प्रदेश कांग्रेस पार्टी पेट्रोल डीजल और रसोई गैस कीमतों पर प्रदेश व्यापी प्रदर्शन करेगी।



- उत्तराखण्ड कांग्रेस प्रदेश व्यापी प्रदर्शन करेगी पेट्रोल-डीजल में जनता को राहत देने की बजाय सरकार ने 36000 करोड़ अपने खाते में डाले : धस्माना

# गांधी एक व्यक्ति नहीं विचारधारा है : जोशी

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** अपनी गुजरात यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता महेश जोशी ने पोरबंदर जाकर गांधी जी के जन्मस्थान कीर्तिमंदिर के संग्रहालय में गांधी जी के जन्मस्थान के दर्शन किए और उनसे जुड़े संस्मरण कार्यशैली चित्रों चरखे के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि गांधी एक व्यक्ति नहीं एक विचारधारा है जिसने उन्हें महात्मा बनाया और देश विदेश में ख्याति दी। उन्होंने जीवन पर्यंत सत्य अहिंसा का पालन किया। उन्होंने स्वदेशी अपनाने और स्वाबलंबी बनने पर जोर दिया। उन्होंने संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधकर हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई आपस में सब भाई भाई का संदेश दिया, उनके विचारों का अनुसरण संपूर्ण विश्व कर रहा है।



# जन सेवा केन्द्र में हुई लूट में फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## शामिल चार आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** विगत 11 मार्च को भगत सिंह कॉलोनी रायपुर में हुई एक जन सेवा केंद्र में लूटपाट करने के बाद से फरार चल रहे एक आरोपी को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले कंट्री मैड पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है ' इस संबंध में संबंधित थाने पर मंजीत पाल पुत्र सुरेश पाल निवासी भगत सिंह कालोनी रायपुर देहरादून ने अभियोग पंजीकृत कराया था उसके भाई के भगत सिंह कालोनी में स्थित जन सेवा केन्द्र में स्कूटी सवार लुटेरों द्वारा दुकान के गल्ले में रखे पैसे लूटकर फरार हो गए थे रायपुर पुलिस ने धाराः 309 (4), 61 (2) का अभियोग पंजीकृत कर लिया था। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि उक्त घटना के बाद थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन कर लुटेरों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए थे इसके बाद पुलिस ने पूर्व में चार लुटेरे को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटी गई रकम व अन्य सामान बरामद कर लिया था जबकि पकड़े गए लुटेरे का एक साथी फरार चल रहा था' वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में पकड़े गए लुटेरों ने पूछताछ के दौरान अपने नाम मौ0 दिलशाद पुत्र शफीक साहिल पुत्र यूनुस कामिल पुत्र कयूम तथा राहुल राजपूत पुत्र महाराज। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान उक्त लूट की घटना में एक अन्य अभियुक्त मोहित कुमार पुत्र विनोद कुमार उर्फ बबलू निवासी आई0 ब्लाक जहाँगीरपुरी दिल्ली का सम्मिलित होना प्रकाश में आय़ा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहे थे। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रानिक सर्विलांस की सहायता से भी अभियुक्त के सभी सम्भावित स्थानों पर पुलिस टीमों द्वारा लगातार दबिशें दी जा रही थी। अभियुक्त मोहित कुमार बेहद शातिर किस्म का अपराधी है। पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे लगातार प्रयासों के परिणाम मंगलवार को रायपुर पुलिस ने मोहित कुमार को जहांगीर पुरी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक कंट्री मेड पिस्तौल बरामद की है। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वो जहाँगीरपुरी दिल्ली का निवासी है तथा वो पहले भी वर्ष 2018 में महेंद्रा पार्क थाना दिल्ली से हत्या के प्रयास के अभियोग में जेल जा चुका है।

उक्त अभियोग में कोर्ट में पेशी के दौरान उसकी पहचान साहिल उर्फ माया शूटर निवासी चाँदपुर बिजनौर से हुई थी, जो हत्या के अभियोग में पेशी पर दिल्ली कोर्ट में आता था। साहिल द्वारा ही उसे तथा उसके साथी राहुल को देहरादून में घटना करने के लिये चांदपुर बिजनौर बुलाया था, जहा से उक्त सभी अभियुक्तों द्वारा योजना के अनुसार रायपुर स्थित जन सेवा केन्द्र में लूट की घटना को अंजाम दिया गया था।

# रानी कंस्ट्रक्शन कंपनी पर गांव के रास्ते व पेयजल लाईन क्षतिग्रस्त का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी :** धरासू -यमुनोत्री हाईवे पर ऑल वेदर सड़क का निर्माण कर रही रानी कंस्ट्रक्शन कंपनी पर गांव के रास्ते व पेयजल लाईन क्षतिग्रस्त का आरोप है। सोमवार को विकास खंड डुंडा के ग्राम पंचायत पनोथ के ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राज मार्ग (134) के कम्पनी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है । गांव का क्षतिग्रस्त मुख्य मार्ग निर्माण व पेयजल आपूर्ती के सम्बन्ध में। सोमवार को ग्रामीणों का एक शिष्टमंडल जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और धरासू -यमुनोत्री हाई पर ऑल वेदर सड़क का निर्माण कर रही रानी कंस्ट्रक्शन कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। प्रेषित ज्ञापन में यह कि के राष्ट्रीय राज मार्ग कटिंग के कारण ग्राम पनोथ का मुख्य मार्ग पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे सम्बन्धित कम्पनी ने लाखों रूपयों का दुर्पयोग करके गांव जाने वाले मुख्य रास्ते की दीवार बनवाई है चन्द दिनों में भर-भरा कर दीवार धरासायी हो गयी जिस कारण ग्राम वासियों का मुख्य मार्ग अवरोधित होने के कारण विद्यालय जाने वाला रास्ता भी क्षतिग्रस्त हो गया है।

वहीं जल जीवन मिशन योजना से पनोथ गांव एवं विद्यालय में पेयजल की विभिन्न योजनायों के असफल व घटिया निर्माण के कारण समस्या लगातार बनी है। जिस कारण सम्पूर्ण ग्राम पंचायत की जनता किसान एवं पशुपालकों को बिना पानी से जूझना पड रहा है।

# भारतीय फार्मा का निर्यात 27.9 बिलियन डॉलर पहुंचा : डॉ. एस. फारूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** एमजीएसी अस्पताल व अनुसंधान केंद्र, वर्धा (महाराष्ट्र) के 69 बीएएमएस छात्रों का एक समूह 4 संकाय सदस्यों के साथ हिमालय वेलनेस कंपनी, देहरादून इकाई के औद्योगिक दौरे पर था। अपनी यात्रा के दौरान उन्हें हिमालय पर एक वृत्तचित्र दिखाया गया, जिसके बाद डॉ. सुमन लता और सुश्री इकरा के नेतृत्व में हर्बल गार्डन का निर्देशित दौरा कराया गया। छात्रों ने डॉ. दीक्षित और डॉ. जफर की ओर से आयोजित विनिर्माण प्रक्रियाओं और क्यूए/क्यूसी पर एक सूचनात्मक सत्र में भी भाग लिया। डॉ. एस. फारूक अध्यक्ष, एचडब्ल्यूसी देहरादून इकाई ने एमजीएसी अस्पताल और अनुसंधान इकाई के सभी छात्रों और संकाय सदस्यों का स्वागत किया, जो एचडब्ल्यूसी देहरादून में औद्योगिक दौरे के लिए वर्धा महाराष्ट्र से आए थे। उन्होंने छात्रों को शोध और नवाचार करने की सलाह दी, जिसमें क्षमता और तथ्य शामिल हों कि एंटीबायोटिक दवाओं के बिना कैसे ठीक किया जा सकता है। विज्ञान भी अब एआई की मदद से आगे बढ़ गया है जो दिन-प्रतिदिन विकसित हो रहा है। संकाय सदस्य डॉ. श्रीकांत काटे और डॉ. मोनिका लुहारिया ने डॉ. एस. फारूक को उनकी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि, आतिथ्य और छात्रों को प्रत्यक्ष ज्ञान प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने उन कर्मचारियों को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने पूरे दौरे में उनकी सहायता की और उनका मार्गदर्शन किया।




# आबकारी अधिकारी को घेरा

**अल्मोड़ा।** लोअर मालरोड के इंद्रा कालोनी वार्ड में शराब बार के विरोध में वार्डवासी उग्र हो गए है। मंगलवार को आक्रोशित लोगों ने आबकारी अधिकारी का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि यदि जबरन बार खोला गया तो समस्त वार्ड वासी सामूहिक आत्मदाह करेंगे। नगर के इंद्रा कालोनी के लोग बड़ी संख्या में कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने शराब बार के विरोध में आबकारी कार्यालय का घेराव कर अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई और अपना विरोध दर्ज किया। इस दौरान लोगों की अधिकारियों के साथ नोकझोंक भी हुई। लोगों ने कहा लगातार विरोध प्रदर्शन के बाद भी क्षेत्र में जबरन बार खोलने की साजिश की जा रही है। कहा कि शराब बार खुलने से क्षेत्र में अराजकता का माहौल बनेगा। जबकि बच्चों में इसका विपरीत असर होगा। लोगों ने कहा किसी भी हालत में यहां शराब बार नहीं खोलने दिया जाएगा।

# खिलाड़ी पर बचपन से इन्वेस्ट करने से मिलेंगे स्टार : रेखा आर्या

## मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना की चयन प्रक्रिया का किया निरीक्षण



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** खेल मंत्री रेखा आर्या ने मंगलवार को देहरादून के पवेलियन ग्राउंड में चल रहे खिलाड़ी चयन शिविर का निरीक्षण किया। इस शिविर के जरिए मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के लाभार्थियों का चयन किया जा रहा है। मंगलवार सुबह खेल मंत्री पवेलियन ग्राउंड पहुंची और उन्होंने शिविर में भाग लेने आए बच्चों और उनके अभिभावकों से बातचीत की। खेल मंत्री ने विभाग के अधिकारियों से कहा कि जनपद में इस योजना के तहत जितने अधिकतम बच्चों के चयन का लक्ष्य दिया गया है उसमें एक भी खिलाड़ी का चयन कम नहीं होना चाहिए। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अगर हम खिलाडियों पर उसके बचपन से ही इनवेस्ट करेंगे तभी भविष्य में हमें बड़े स्टार खिलाड़ी मिल सकते हैं। इस अवसर पर खेल मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चयन प्रक्रिया किसी भी सूरत में 30 अप्रैल तक पूरी कर दी जाए, इसके बाद मई महीने की शुरूआत से ही लाभार्थी खिलाड़ी बच्चों को प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी जा सके। इस अवसर पर ऐसे खिलाड़ी भी मौजूद थे जो विगत वर्षों में इस योजना का लाभ लेते रहे हैं। उन्होंने बातचीत के दौरान मंत्री को बताया कि योजना के तहत माहवार पैसा मिलने से उन्हें अपने गेम पर फोकस करने और उसके लिए जरूरी उपकरण खरीदने में काफी मदद मिली है। इस दौरान विभागीय अधिकारी संजीव पौरी, जिला खेल अधिकारी रविंद्र भंडारी , बच्चे और उनके अभिवावक मौजूद रहे ।

# बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को कृमि मुक्ति जरूरी : डॉ शम




**देहरादून (मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स) ।** जनपद देहरादून में जिला स्तरीय राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान का शुभारंभ आंगनवाड़ी केंद्र एमडीडीए कॉलोनी में किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून डॉक्टर मनोज कुमार शर्मा द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत बच्चों को कृमि मुक्ति (एल्बेंडाजोल) की दवा खिलाकर अभियान शुरू किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शर्मा ने कहा कि बच्चों में शारीरिक स्वच्छता के अभाव में कृमि का संक्रमण हो जाता है। जिस हेतु एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाती है। कृमि मुक्ति से बच्चा स्वस्थ होता है और बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास निर्बाध होता है। उन्होंने समस्त अभिभावकों से अपील की है कि कृमि मुक्ति दिवस पर जो बच्चे खाने से वंचित रह जाए उन्हें 16 अप्रैल को दिवस के दिन यह दावा अवश्य खिलाएं। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ निधि रावत ने जानकारी दी कि जनपद देहरादून में 6.80 लाख बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई जा रही है। मंगलवार को जनपद के समस्त विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, मदरसों एवं अन्य शिक्षा संस्थानों में 1 से 19 वर्ष आयु के बच्चों हेतु यह अभियान चलाया जा रहा है। 16 अप्रैल को मॉप अप दिवस के अवसर पर छूटे हुए बच्चों को दवाई खिलाई जाएगी। इस अवसर पर आशा फैसिलिटेटर आनंदी गोदियाल, आशा कार्यकत्री सुमन बलूनी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री आकांक्षी सिंघल, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की जिला समन्वय नीतू वालिया, जिला आरबीएस के मैनेजर गीता शर्मा, कल्पना, अनीश कुमार सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर चला अभियान



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को कृमि संक्रमण से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बचाना है।

- उत्तराखण्ड कांग्रेस प्रदेश व्यापी प्रदर्शन करेगी पेट्रोल-डीजल में जनता को राहत देने की बजाय सरकार ने 36000 करोड़ अपने खाते में डाले : धस्माना

स्वाति एस भदौरिया, मिशन निदेशक एन.एच.एम. ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों और किशोरों के पोषण स्तर, संज्ञानात्मक विकास और जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। कृमि संक्रमण बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है, जिससे उनके समग्र विकास में बाधा आती है। कृमि के नियंत्रण के लिए एल्बेंडाजॉल दवा को एक प्रभावी और सुरक्षित उपाय माना जाता है। झरना कमठान, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा ने कार्यक्रम में बताया कि भारत सरकार द्वारा शुरू की गई यह पहल "राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम" बच्चों और किशोरों को कृमि संक्रमण से मुक्त करने के लिए एक प्रभावी और समग्र रणनीति है। उन्होने बताया कि समाज और देश के निर्माण में स्वस्थ बचपन की भूमिका सर्वोपरि है। इस अभियान के तहत 8 अप्रैल को कृमि मुक्ति दिवस और 16 अप्रैल को मॉप-अप दिवस आयोजित किया जायेगा। मॉप-अप दिवस उन बच्चों के लिए निर्धारित है जो किसी कारण कृमि मुक्ति दिवस पर दवा नहीं ले सके। राज्य के सभी 13 जिलों में 1 से 19 वर्ष की आयु के 36 लाख से अधिक लक्षित बच्चों और किशोरों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल 400 मिलीग्राम दी जाएगी।

कार्यक्रम में डा. मनोज उप्रेती, निदेशक स्वास्थ्य महानिदेशालय, डॉ मनु जैन निदेशक एनएचएम, डॉ मनोज शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून, डा० पल्लवी, उपनिदेशक विद्यालयी शिक्षा, डॉ अर्चना ओझा, डॉ अजय नगरकर, सहायक निदेशक, एन.एच.एम, प्रेम लता बौडाई, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, राजपुर, पंकज सिंह, सलाहकार आर.के.एस.के., डॉ ऑचल आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** केंद्र सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग के नेतृत्व में गैस सिलेंडर लेकर शिवमूर्ति चौक पर प्रदर्शन कर विरोध जताया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना ने कहा कि महंगाई को काबू करने में नाकाम केंद्र की बीजेपी सरकार ने रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर जनता को जोरदार झटका दिया है। सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता परेशान है। अर्थव्यवस्था की तरफ कोई ध्यान नहीं है। बीजेपी चुनाव में गैस सिलेंडर सस्ते करने का वादा करती है। लेकिन सत्ता में आने पर अपना वादा पूरा नहीं करती। मुरली मनोहर, राजबीर सिंह चौहान ने कहा कि बीजेपी सरकार की नीतियां जन विरोधी हैं। महंगाई दिनों दिन बढ़ती जा रही है। सरकार सिर्फ नाम परिवर्तन में लगी हुई है। युवा नेता वरुण बालियान, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष लता जोशी ने कहा कि महंगाई का सबसे अधिक असर महिलाओं पर पड़ता है। महंगाई बढ़ने से घर का बजट बिगड़ जाता है। सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामयश सिंह, पार्षद सुनील कुमार, हिमांशु गुप्ता, विवेक भूषण विक्की, पूर्व पार्षद उदयवीर सिंह चौहान, कैलाश भट्ट, राजीव भार्गव, पार्षद प्रतिनिधि पुनीत कुमार, हाजी शहाबुद्दीन, तरुण व्यास, राजेंद्र चुटेला, अंजू मिश्रा, अंजू द्विवेदी, रंजना शर्मा, ग्रेस कश्यप, पिंकी, रंजना, सीमा, आरती, डोली, वीरेंद्र भारद्वाज, शुभम जोशी, नितिन यादव, दीपक टंडन, रमणीक सिंह आदि शामिल रहे।

## भाजपा नेता के साथ अज्ञात व्यक्तियों ने की मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र में कार से घर लौट रहे पूर्व भाजपा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री के साथ अज्ञात व्यक्तियों ने गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। आसपास से लोगों ने शोर सुनकर इकठ्ठा होने पर बीच बचाव कराया। आरोप है कि परिवार को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस को सुनील कुमार पुत्र रहतू राम निवासी शनि देव चौक जगजीतपुर ने पुलिस तहरीर देकर बताया कि सोमवार की रात कार से आपने घर की ओर आ रहा था। जब शनि चौक पर पहुंचा तो 3 से 4 अज्ञात व्यक्तियों ने गाडी को रोका और गाली गलौच करने लगे। गाली गलोच का विरोध करने पर लोहे के पाईप से हमला कर मारपीट करने लगे। आसपास के लोगों के इकट्ठा होने पर मौके से भागते हुए परिवार को जान से मारने की धमकी दे गए। कनखल थाना प्रभारी चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करने के बाद आरोपियों की पहचान कर जल्दी ही पकड़ लिए जाएंगे।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता




**हरिद्वार।** चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं उत्तराखंड की बैठक में कर्मचारियों की लैब सहायक, डार्करूम सहायक, ओटी सहायक एवं कनिष्ठ सहायक के रिक्त पदों पर पदोन्नति, नर्सेस सवर्ग के समान पौष्टिक आहार भत्ता आदि लंबित मांगों के पूरा नहीं होने और अस्पतालों में गोल्डन कार्ड व आयुष्मान कार्ड का लाभ नहीं मिलने पर रोष व्यक्त किया है। मेला चिकित्सालय परिसर में बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दिनेश लखेड़ा, प्रदेश प्रवक्ता राजेन्द्र तेश्वर व वरिष्ठ सलाहकार मूलचंद चौधरी ने बताया कि कर्मचारियों की मांगे लगभग 4 साल से लंबित हैं। अगस्त 2016 के बाद बाद आज तक किसी कर्मचारी की पदोन्नति नहीं हुई है। कई कर्मचारी पदोन्नति की आस में सेवानिवृत हो गए हैं। तत्कालीन महानिदेशक से समझौता वार्ता में आईपीएचएस मानकों के तहत डॉर्करूम सहायक, ओटी सहायक, लैब सहायक के पदों पर 50 प्रतिशत पदोन्नति करने की बात तय हुई थी। लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। प्रदेश ऑडिटर महेश कुमार, जिलामंत्री राकेश भंवर व संरक्षक शीशपाल ने कहा कि गोल्डन कार्ड के लिए कर्मचारियों के वेतन से हर माह रुपए काटे जाते हैं। उसके बाद भी कर्मचारियों को राजकीय चिकित्सालय में एमआरआई के लिए पैस जमा करने पड़ रहे हैं। तहसील हरिद्वार से विक्रम सिंह राणा अपनी पत्नी का एमआरआई कराने पहुंचे तो उन्हें कहा गया कि गोल्डन और आयुष्मान कार्ड नहीं चल रहा है। जिसके कारण उन्हें पैसे जमा कराकर एमआरआई कराना पड़ा। उन्होंने कहा कि गोल्डन कार्ड से ओपीडी से लेकर भर्ती और पूरे इलाज की सुविधा मिलनी चाहिए या कार्ड के लिए पैसे काटे जाने पर बंद किए जाएं। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश लखेड़ा ने बताया कि देहरादून में संगठन के पदाधिकारियों की बैठक होगी और उसके बाद महानिदेशक से वार्ता होगी। वार्ता सफल न होने की स्थिति में वहीं से आंदोलन की घोषणा कर दी जाएगी। बैठक में दिनेश लखेडा, महेश कुमार, राजेन्द्र तेश्वर, राकेश भंवर, मूलचंद चौधरी, शीशपाल, रामरतन, नितिन, सुरेश चंद, छत्रपाल सिंह आदि शामिल रहे।

# भाजपा के लिए हर कार्यकर्ता का सम्मान सर्वोपरि : महेंद्र भट्ट

## भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित हुआ अभिनंदन कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में जगजीतपुर में स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर विपिन शर्मा को बहादराबाद मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया स्वागत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसमें कोई भी कार्यकर्ता किसी भी बड़े पद तक जा सकता है। इस पार्टी में कार्यकर्ता को पूरा सम्मान मिलता है। सभी कार्यकर्ताओं को मिल कर बना एक परिवार है। इस पार्टी में परिवारवाद का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र में तीसरी बार लगातार भाजपा की सरकार बन चुकी है और प्रदेश में सरकार बनी है। सभी कार्यकर्ता जी जान से जुट जाएं और पार्टी की नीतियों और सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें। भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश एवं धामी के नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा है। भाजपा का कार्यकर्ता, कार्य पद्धति और नेतृत्व सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने कहा कि हमारा सभी का लक्ष्य पार्टी की विचारधारा को हर घर तक पहुंचाना है। यह कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही संभव होगा। लव शर्मा और पार्षद मनोज प्रालिया ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। कहा कि वर्तमान में दुनिया में सबसे अधिक आबादी युवाओं की है। हमारे लिए यह बहुत ही गर्व करने वाली बात है कि हमारा देश दुनिया में सबसे अधिक युवा हैं। भाजपा में इस समय लगभग बाइस करोड़ सदस्य है। इतनी संख्या किसी पार्टी के पास नहीं है। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष विपिन शर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पार्टी की नीतियों व रीतियों को जन-जन



तक पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करेंगे। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष नागेंद्र राणा, पार्षद विकास कुमार, कमल प्रधान, कमल राजपूत, गौरव वालिया, चंदन सैनी, उमेश कुमार, अजीत, सनी, कार्तिक राजपूत, शिवम चौधरी, विकास अग्रवाल, अमित कुमार, अरुण सैनी, नंदू धीमान, संदीप धीमान, सुबे सिंह, नीतीश वालिया, पंकज धीमान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस ने गुमशुदा युवक को सकुशल किया बरामद

## अपहरण की झूठी कहानी रचने पर पुलिस ने किया युवक का चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** युवक की गुमशुदगी का खुलासा करते हुए नगर कोतवाली पुलिस ने उसे सकुशल बरामद कर लिया। दोस्तों के उधार दिए गए पैसे वापस मांगने पर युवक ने स्वयं ही अपने अपहरण की कहानी रची थी। अपहरण की झूठी कहानी गढ़ने पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने उसका चालान कर दिया है। 1 अप्रैल को युवक के ससुर गंगोह निवासी रवि कश्यप ने उसकी गुमशुदगी दर्ज करायी थी। पुलिस को दी तहरीर में रवि कश्यप ने बताया था कि रानीपुर मोड़ के पास भगत चाट भण्डार के नाम से दुकान चलाने वाला उनका दामाद अजीत कश्यप पुत्र राकेश कुमार निवासी देवबन्द जिला सहारनपुर दुकान से घर के लिए निकला था। लेकिन घर नहीं पहुंचा। गुमशुदगी दर्ज करने के बाद पुलिस ने अजीत की तलाश के लिए पांच टीमों का गठन किया। जांच पड़ताल में जुटी पुलिस ने रानीपुर मोड़ से थाना क्षेत्र के व थाना क्षेत्र से बाहर के रोडवेज बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, टैक्सी स्टैंण्ड, भूपतवाला, कोर इंजीनियरिंग कालेज रुडकी, बहादराबाद, चण्डीघाट से ऋषिकेश तक 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरे चैक किए और सर्विलांस की मदद ली। पुलिस को अजीत के रूड़की में अपनी बाइक खड़ी कर बस से ऋषिकेश के लिए रवाना होने की सीसीटीवी फुटेज मिली तो पुलिस ने उसे ऋषिकेश से सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में अजीत ने बताया कि उसे देवबंद के कुछ लोगों के पैसे देने थे। जिस पर उसने अपने गायब होने की झूठी कहानी गढ़ी और रुड़की कोर कालेज के पास खाली प्लॉट में बाइक खड़ी कर अपने दोस्त को फोन कर कुछ लोगों के उसके पीछे पड़े होने की बात कही और मोबाइल से सिम निकाल कर फेंक दिया। उसके बाद वह बस से ऋषिकेश पहुंचा और नींद की गोली खाकर खुद्द के जहर खुरानी गिरोह का शिकार होने का ड्रामा किया। पुलिस ने उसके कब्जे से हरिद्वार से ऋषिकेश की बस टिकट बरामद करते हुए उसका 83 पुलिस एक्ट में चालान कर दिया। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी रितेश शाह, एसएसआई विरेन्द्रचन्द्र रमोला, एसआई सुनील दत्त पंत, हे.कां. सतीश नौटियाल, कां. निर्मल रांगड़, सुनील चौहान व अनिल शामिल रहे।

# स्कूटी से गांजा बेचकर आ रही दो महिला गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने स्कूटी पर घूम घूम कर गांजा बेच कर आ रही दो महिलाओं को पकड़ लिया। उनके कब्जे से एक किलो अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने स्कूटी को सीज कर दिया है। आरोपियों महिलाओं के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। सीओ ज्वालापुर अविनाश वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री उत्तराखंड के ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन को सफल बनाने के लिए हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल के आदेश पर नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने निर्देश दिए हुए है। सोमवार को ज्वालापुर पुलिस सेक्टर 2 तिराहे वाहन चैंकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान दो महिला स्कूटी पर आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने रोक कर स्कूटी की तलाशी की तो डिग्गी से 952 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि कोतवाली लाकर पुलिस पूछताछ में आरोपी महिलाओं ने अपना नाम पूजा पत्नी हरजीत सिंह,निवासी जग्गू घाट लाल मंदिर



कोतवाली ज्वालापुर जनपद हरिद्वार, टीना पत्नी अंकित निवासी ग्राम नहटौर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश हाल निवासी गांधी मार्केट मोहल्ला कोटरावान निकट गोयल स्वीट हाउस कोतवाली ज्वालापुर जनपद हरिद्वार बताया है।पुलिस ने दो महिलाओं को मेडिकल के बाद न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक सोनल रावत, कां. कृष्णा रावत, कां. वृजमोहन सिंह, म.का. शोभा, शामिल रही है।

# प्रेस क्लब पदाधिकारियों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** लघु व्यापार एसोसिएशन ने नवनिर्वाचित प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी, महासचिव दीपक मिश्रा और कोषाध्यक्ष काशीराम सैनी को अंग वस्त्र और गौमाता की मूर्ति भेंटकर सम्मानित किया। लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा कि नवनिर्वाचित प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी लगभग दो दशक से पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। लघु व्यापारियों को उनका मार्ग दर्शन हमेशा मिलता रहता है। कहा कि समाचार प्रकाशन के बाद कई मुद्दों का समाधान हो जाता है। इसलिए आज पत्रकारिता का बहुत महत्व है। कम शब्दों में अपनी पूरी बात को कहना ही पत्रकारिता है। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी ने कहा कि सभी परिवार के लोग हैं, फर्क इतना है कि सबके काम अलग-अलग हैं। कहा कि आज जिसके पास मोबाइल है, वह पत्रकार है। संजय चोपड़ा ने स्ट्रीट वेंडरों की लड़ाई पूरे देश में लड़ी है। जिसका लाभ सभी लघु



व्यापारियों को मिला है। प्रेस क्लब महासचिव दीपक मिश्रा ने कहा कि जो सहयोग लघु व्यापारी प्रेस क्लब से चाहेंगे उससे अधिक सहयोग किया जाएगा। कहा कि यदि कोई बच्चा शिक्षा से वंचित है, उसे वह शिक्षा देने का कार्य करेंगे। इसके लिए वह सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। कोषाध्यक्ष काशी राम सैनी ने कहा कि लघु व्यापारियों के मुद्दों को लगातार समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित किया जाता है।

## वन-वे रुट का उल्लंघन करने पर होगी कार्यवाही : शाह

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शहर को जाम से नितात दिलाने के लिये नगर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने शहर की अंदर की सड़कों पर ई-रिक्शा और टैम्पों के अत्याधिक दबाव को कम करने के लिये रूट वन-वे किया गया है। नगर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोभाल के दिशा-निर्देश के क्रम में कोतवाली नगर हरिद्वार पुलिस ने पोस्ट ऑफिस तिराह से बाल्मिकी चौक, रजिस्ट्री तिराहा, गुजरावाला चौक, रोडीबेलवाला मैदान, शंकराचार्य चौक, तुलसी चौक तक ई-रिक्शा व टैम्पो का रूट वन-वे किया गया है। रूट जारी करते हुए उन्होंने बताया कि पोस्ट ऑफिस से लेकर हरिद्वार रेलवे स्टेशन तक ई-रिक्शा व टैम्पों का अत्याधिक दबाव रहता है। जिसके कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि वन-वे रुट का ई-रिक्शा, टैम्पो चालक उलघंन करता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान पुलिस टीम ने वन-वे उल्लंघन करने पर 4 ई-रिक्शा को एमवी एक्ट में सीज किया है।

# प्रेस क्लब अध्यक्ष अध्यक्ष, महामंत्री व पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने की डीएम से भेंटवार्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नवनियुक्त प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा और प्रेस क्लब के वरिष्ठ पत्रकारों के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह से शिष्टाचार भेंट वार्ता की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह को बुके देकर स्वागत किया और हरिद्वार के विकास में पत्रकारों की भूमिका को लेकर चर्चा की। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा ने कहा कि जनपद के विकास कार्य शासन प्रशासन के आपसी समन्वय से बेहतर होते हैं। पत्रकार समाज एंव जनहित के मुद्दों को लगातार उठता रहता है। कुंभ मेला निकट है। कुंभ मेले के विकास कार्य आपसी तालमेल से ही बेहतर किया जा सकते हैं। शासन प्रशासन का हमेशा ही पत्रकारों को सहयोगात्मक रवैया मिलता है। कुंभ मेले को से कुशल संपन्न कराने में आपसी सहयोग की आवश्यकता पड़ती है। इस दौरान पार्किंग स्थल, यातायात एवं चिकित्सा सेवाओं पर भी चर्चा की गई। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा ने



पत्रकारों की सुरक्षा एवं पत्रकारों के हितों के संरक्षण की बात रखी और कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून पत्रकारों के हितों में लागू किया जाए। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार रजनीकांत शुक्ला, आदेश त्यागी, संजय आर्य, राहुल वर्मा, सुनील पाल, एमएस नवाज आदि ने भी धर्म नगरी के विकास में अपने विचार रखे। जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल को पत्रकारों के हितों एवं सुरक्षा का आश्वासन दिया।

# जलविहीन घाटों पर जल छोड़े जाने पर व्यापारियों ने जताया डीएम का आभार



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** यूपी सिंचाई विभाग द्वारा गंगा की अवरिल धारा में जल छोड़े जाने पर व्यापारियों ने जिलाधिकारी का आभार जताया है। कई दिनों के बाद घाटों पर पुनः जल प्रवाहित होने से श्रद्धालुओं, व्यापारियों व तीर्थपुरोहितों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महानगर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुनील सेठी के नेतृत्व में पूजा अर्चना कर गंगा पूजन कर दुग्धाभिषेक किया। जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए सुनील सेठी ने कहा कि पिछले कई दिनों से यूपी सिंचाई विभाग की उदासीनता और हठधर्मिता की वजह से उत्तरी हरिद्वार के तमाम घाटों पर आचमन के लिए भी गंगा जल नहीं पहुंच रहा था। जिससे श्रद्धालु परेशान थे। विरोध करने के बाद यूपी सिंचाई विभाग दोपहर में कुछ घंटे थोड़ा जल छोड़कर खानापूर्ति कर रहा था। व्यापारियों और श्रद्धालुओं द्वारा प्रदर्शन और धरने की चेतावनी के बाद सिंचाई विभाग नींद से जागा और जिला अधिकारी के निर्देश देने के बाद घाटों पर जल आपूर्ति बहाल की गयी। सेठी ने गंगा में गंदगी फैला रहे घोड़े खच्चरों पर भी रोक लगाने की मांग की। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेंद्र कश्यप, पंडित महेश चन्द, पंडित राजू जोशी, पंडित मोहन लाल गौड़, अनिल कोरी, गौरव खन्ना, लक्की तनेजा, राकेश सिंह, रवि बांगा, सेवा समिति घाट से बालम कुमार, दुर्गेश पंजवानी, बंटी प्रकाश, एसएन तिवारी, भूदेव शर्मा, पवन पंडित, नंदकिशोर पंडित, पंकज माटा, सुनील मनोचा, मुकेश अग्रवाल सहित कई व्यापारी व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# युवा संगठन की रीढ़: चौ. नीरपाल

## मई के पहले सप्ताह में होगा कार्यकर्ता सम्मेलन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक की अध्यक्षता में भूपतवाला में एक होटल में आयोजित राष्ट्रीय लोकदल की बैठक में बोलते हुए राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि युवा शक्ति देश को नई दिशा देती है। युवाजन परिवर्तन के प्रतीक है। जब जब युवा शक्ति जागरूक हुई हैं तब तब बहुत बड़े बदलाव आए हैं। पार्टी संगठन में भी युवाओं की बहुत बड़ी भूमिका होती है। बूथ स्तर से लेकर ऊपर तक पार्टी को मजबूती युवा शक्ति देती है। अगले महीने मई के पहले सप्ताह में हरिद्वार में कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि उत्तराखंड में युवाओं को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। आगामी



विधानसभा चुनाव 2027 में युवा बड़ी जिम्मेदारी निभाएंगे। उत्तर प्रदेश खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक तोमर व उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धान्त चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र चौहान ने कहा कि हमारी युवा टीम पार्टी सुप्रीमो जयंत चौधरी के नेतृत्व में मजबूती से काम करेगी जिसके सकारात्मक परिणाम उत्तराखंड में देखने को मिलेंगे। इस दौरान प्रशांत चौधरी, विक्रांत राठी, चौ भगत सिंह, दीपक नेहरा, ओमवेश त्यागी, अमित चौधरी, अनुज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## उज्जैन में दिव्य और भव्य रूप से बनेगा श्रीराम मंदिर : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में अयोध्या की तर्ज पर पारमार्थिक न्यास एवं शैक्षणिक संस्थान की ट्रस्ट की संरक्षक महंत ज्ञानेश्वर पुरी द्वारा स्थापित किए जा रहे श्रीराम मंदिर का भूमि पूजन अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने बताया कि अयोध्या की तर्ज पर दिव्य और भव्य रूप से स्थापित किए जा रहे मंदिर में श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के बालस्वरूप का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर की स्थापना होने से हिंदू समाज में जो जनजागरण हुआ है, वह प्रशंसनीय है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर प्रेमानंद पुरी, श्रीमहंत रामरतन पुरी, महंत दिनेश गिरी सहित कई संत महापुरूष, पंडित ऋषभ त्रिवेदी, पूजा, अमृतेश त्रिवेदी, अंकुर गोलश, अर्जुन कहार, श्रीधम शर्मा, केशर सिंह पटेल, मोनू चौहान, अनमोल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# विद्वान संत हैं स्वामी निर्मलदास : स्वामी संतोषानंद

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** भूपतवाला स्थित स्वामी नारायण आश्रम में स्वामी निर्मलदास महाराज का अवतरण दिवस संत समाज व श्रद्धालुजनों की उपस्थिति में सादगी से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी संतोषानंद महाराज ने कहा कि निर्मल जल के समान जीवन व्यतीत करने वाले संतों का अपना कुछ नहीं होता है। समाज की सेवा और भक्तों के कल्याण के लिए जीवन अर्पित करने वाले युवा संत स्वामी निर्मल दास महाराज विद्वान संत हैं। सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कथाव्यास आनंद स्वामी ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार के साथ स्वामी निर्मलदास महाराज देश को सांस्कृतिक व आध्यात्मिक रूप से एकजुट करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि स्वामी निर्मलदास महाराज समाज को ज्ञान की प्रेरणा देने के साथ राष्ट्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। स्वामी हरिहरानंद महाराज ने कहा कि देश की एकता अखंडता कायम रखने में संत महापुरूषों की अहम भूमिका रही है। स्वामी निर्मल दास महाराज विभिन्न सेवा प्रकल्पों के माध्यम से समाज के जरूरतमंदों की सेवा में उल्लेखनीय योगदान कर रहे हैं। स्वामी निर्मलदास महाराज ने सभी संत महापुरूषों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूज्य गुरूजनों की शिक्षा और उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए मानव कल्याण करना ही उनके जीवन का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर संत जगजीत सिंह, आनन्द स्वामी, महंत धर्मदास, स्वामी रविदेव शास्त्री, महंत कपिल मुनि, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी दिनेश दास, स्वामी शिवम महंत, स्वामी योगेश दास, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

**( अदालती सूचना )**

**सम्मन वास्ते करार दार उमर तनकीह तलब**

**प्रधान परिवार न्यायाधीश महोदय हरिद्वार**

वाद संख्या-624 सन् 2024

हिमांशु पुत्र विरेन्द्र उम्र 27 वर्ष निवासी 19, दौडबसी रोशनाबाद, हरिद्वार तहसील व जिला हरिद्वार ..... प्राथी/वादी

**बनाम**

श्रीमती रीना पत्नी हिमांशु पुत्री राम कुमार सिंह, हाल निवासी 19, दौडबसी रोशनाबाद, हरिद्वार तहसील व जिला हरिद्वार ......... प्रतिवादनी

हरगाह वादी ने उपरोक्त वाद वास्ते तलाक (विवाह-विच्छेद) डिक्री हेतु योजित किया है, लिहाजा आपको हुकुम होता है कि आप बतारिख 14.05.2025 बवक्त 10 बजे के दिन असालतन वकील के जो मुकदमे के हालात से करार वाकई किया गया हो और अमूरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की कर सके और हरगाह वादी तारीख जो आपके इजहारों के लिये मुकर्रर हो वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा तजबीज हुई है। बस आपको लाजिम होने उस रोज अपने जवाबदेही के ताईद इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकुर आप हाजिर ना होंगे तो मुकदमा बगैर हाजरी आपको मसमूह और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज तारीख 08.04.2025 को जारी किया गया।

आज्ञा से - प्रबन्धक,
प्रधान परिवार न्यायालय, हरिद्वार

Page7(1)_26 June -doon page-7.qxd 4/8/2025 10:08 PM Page 1



# श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज, सहसपुर ने पूरे किए 70 वर्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहसपुर/विकासनगर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देहरादून के सहसपुर स्थित श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज के 70 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कई वरिष्ठजनों को सम्मानित किया और स्कूली बच्चों को बैग वितरित किए।

## विद्यालय की भूमिका को बताया सराहनीय

मुख्यमंत्री ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजादी के ठीक बाद स्थापित इस विद्यालय ने क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाई है। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रविंद्र कुमार सैनी की 35 वर्षों की सेवा की सराहना करते हुए कहा कि उनके पढ़ाए छात्र देशभर में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विद्यालय द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों को शिक्षा से जोड़ने के प्रयासों की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि यह प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। विद्यार्थियों से समय के सदुपयोग की अपील की। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को समय का महत्व समझाते हुए कहा कि यह अमूल्य है और कभी लौटकर नहीं आता। उन्होंने बच्चों से मेहनत करने, अपने सपनों को साकार करने और क्षेत्र व स्कूल का नाम रोशन करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है, जिससे नकल माफिया जेल में हैं और पिछले तीन वर्षों में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि इस दौरान 20,000 से अधिक युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और संस्कार ही व्यक्ति को देश और समाज के लिए योग्य बनाते हैं। उन्होंने चारित्रिक विकास के महत्व पर भी बल दिया। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड ने सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू किया है। राज्य में 141 पीएमश्री विद्यालय और नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालयों का निर्माण हो रहा है। प्रदेश के 13 जिलों में 50 वर्चुअल क्लासरूम स्थापित किए गए हैं और सभी विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य की गई हैं। मेधावी छात्रों को 600 से 1200 रुपये तक प्रोत्साहन राशि और भारत भ्रमण की सुविधा दी जा रही है। राज्य सरकार ने आपदा, महामारी या दुर्घटना से अनाथ हुए बच्चों के लिए भी शिक्षा योजना शुरू की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में 20 मॉडल कॉलेज और 9 नए महाविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, साथ ही महिला छात्रावास, आईटी लैब और परीक्षा भवनों का निर्माण भी हो रहा है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं और हाल ही में हुए राष्ट्रीय खेलों में राज्य ने सातवां स्थान प्राप्त किया है।



### राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी का तोहफा

राज्य सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने की पहल भी शुरू की है। इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीरू देवी, प्रधानाचार्य डॉ. रविंद्र कुमार सैनी, डॉ. डीएस मान, आचार्य आशीष सेमवाल, एसडीएम विकासनगर विनोद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एसपी देहात ने सहसपुर थाने का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहसपुर।** एसपी देहात श्रीमती रेनू लोहानी द्वारा थाना सहसपुर का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। एसपी देहात द्वारा थाना भवन व आवसीय परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किये गये। उन्होंने थाना पर तैनात समस्त अधिकारी, कर्मचारियों का सम्मेलन लेकर सभी की व्यक्तिगत, विभागीय समस्या की जानकारी ली गयी। उन्होंने निम्नवत निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किये गये। एसपी देहात श्रीमती रेनू लोहानी ने मालखाने का निरीक्षण कर मालों रखरखाव एवं मालों से सम्बन्धित अभिलेख अध्यावधिक रखने, शस्त्रों का निरीक्षण कर शस्त्रो के रखरखाव हेतु उचित दिशा निर्देश देने, थाना अभिलेखों का रखरखाव व अध्यावधिक रखने हेतु दिशा-निर्देश देने, थाना भवन, कार्यालय, मैस व आवासीय परिसर का निरीक्षण व साफ-सफाई रखने को, थाना परिसर में खडे वाहन (लावारिस ,एमवी एक्ट, माल मुकदमाती) के निस्तारण को, सीसीटीएनएस फॉर्म से संबंधित दिशा निर्देश देने, एनसीआरपी/सीएम हेल्पलाईन व उच्चाधिकारियों से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच व कार्यवाही की समीक्षा, महिला हेल्प डेस्क, शिकायत डेक्स का निरीक्षण, आपदा नियंत्रण सबंधित समान, उपकरण का निरक्षण कर थानों में प्राप्त शिकायतो का शीघ्रता से निस्तारण कर सम्बन्धित अभिलेख अध्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर एसपी देहात ने थाना सहसपुर पर नियुक्त समस्त अधिकारी, कर्मचारी को निरोधात्मक कार्यवाही में अपेक्षित वृद्धि लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



# मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों में देश में हुए कई परिवर्तन : विधायक

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रमों के क्रम में विकासनगर विधानसभा के कार्यकताओं का सम्मेलन जिला अध्यक्ष मीता सिंह की अध्यक्षता में विकासनगर में संपन्न हुआ। सम्मेलन में जिला अध्यक्ष मीता सिंह ने भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन विषय पर संबोधन किया। विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 11 वर्षों में देश में हुए परिवर्तन पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा विपुल मैंदोली ने भारतीय जनता पार्टी का संगठन विस्तार और सफलता पर सभी कार्यकताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर संतोष रावत, जिला महामंत्री एवं जिला कार्यक्रम संयोजक विनोद कश्यप, प्रदेश संयोजक विधि प्रकोष्ठ संजय गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र चावला, विकासनगर विधानसभा के मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा, शुभम गर्ग, अनूज गुलेरिया, विधानसभा कार्यक्रम संयोजक अमित डबराल, सुरेंद्र चौहान, ऋषभ अग्रवाल, अरुण मित्तल, खजान नेगी, आशा सक्सेना, शांति, जयंती पटवाल, अनिल कुमार, ममता मुल्तानी, रचिता ठाकुर, सुमन काश्व, पंकज शर्मा, दीवान सिंह, जनार्दन जोशी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री और विधानसभा कार्यक्रम संयोजक अमित डबराल ने किया।




# जब तक शासनादेश नहीं , तब तक होता रहेगा मुख्यमंत्री का विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** मुख्यमंत्री के सहसपुर आगमन के कार्यक्रम की सूचना मिलते ही कांग्रेस कार्यकताओं ने सेलाकुई बाजार में काले झंडे दिखाकर अपना विरोध दर्ज कराया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित पवार ने कहा कि 2022 में भी मुख्यमंत्री धामी ने कूड़ा घर स्थानांतरण की बात की थी और अभी हाल ही में जनवरी में नगर पंचायत चुनाव सेलाकुई में भी चुनाव के बाद स्थानांतरण की बात कही परंतु धामी जी अपनी ही बात से चुनाव के बाद पलट जाते हैं यह एक बार नहीं वह कई बार कर चुके हैं जबकि नगर निगम एनजीटी कोर्ट में 600 पेज की क्लोजर रिपोर्ट कोर्ट में सबमिट कर देता है जिसमें कूड़ा घर स्थानांतरण की बात ना करके व्यवस्थाएं सुधारने पर नगर निगम के द्वारा कहा जाता है आखिर सरकार क्षेत्र वासियों के साथ दोहरी चाल क्यों चल रही है। अमित पंवार ने कहा जब सरकार इसका स्थानांतरण चाहती है तो व्यवस्थाएं क्यों सुधारी जा रही है। आरोप लगाया कि व्यवस्था सुधारने के नाम पर सिर्फ पैसा की बंदरबांट चल रही है, कूड़ा निस्तारण प्लांट पर पेनल्टी लगाकर सिर्फ दिखावा किया जा रहा है और कंपनी से मोटा मुनाफा सेटिंग के नाम पर लिया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकताओं ने कहा कि जब तक पूरा घर स्थानांतरण नहीं किया जाएगा तब तक सहसपुर विधानसभा में होने वाले हर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का एवं विभागीय मंत्रियों का बहिष्कार जारी रहेगा। पुलिस सभी कांग्रेस कांग्रेस कार्यकताओं एवं सामाजिक कार्यकताओं को गाड़ी में बिठाकर थाने लाई जहां पर मुख्यमंत्री जाने के बाद सबको छोड़ दिया गया। प्रदर्शन में सामाजिक कार्यकर्ता द्वारिका सेमवाल, संदीप मेहरा, सोनी बिष्ट, चरण सिंह कोटियाल, अमित नेगी, बीडीसी हरीश बिष्ट, अशोक नेगी, शाहिद, धर्मवीर आदि शामिल रहे।

- आखिर अपनी ही घोषणा को क्यों भूले मुख्यमंत्री : पवार



## 12 दिनों की मेहनत, उद्यमिता की सफलता

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नोडल ऑफिसर डॉक्टर हरिश चंद्र जेटली और समिति के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्राचार्य प्रोफेसर दलीप सिंह नेगी और मुख्य शास्ता डॉ. रोशन लाल केशटवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को उद्यमिता के मूल सिद्धांतों और व्यावसायिक कौशल की जानकारी दी गई। छात्रों ने अपने उत्पादों और व्यावसायिक योजनाओं का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने छात्रों की प्रतिभा और उद्यमिता की भावना की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, और एडीपी कार्यक्रम के बेस्ट वॉलिंटियर्स जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को उसकी प्रकार से चलने के लिए मदद की उनको सम्मानित किया गया।

सम्मानित किए गए छात्रों में मानसी सिंह और शिवानी सिरोही को उनके उच्चतम उद्यमिता आइडिया के लिए व तुषार दास, तुषार कपूर, शुभम चौहान, करिश्मा, बलजिंदर सिंह, वंशिका शामिल थे। मुख्य वक्ता डॉ. रोशन लाल केशटवाल ने कहा कि उद्यमिता एक ऐसी भावना है जो हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने और उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया।

# नगऊ गांव की गोचर भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** नगऊ गांव के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी चकराता योगेश मेहरा से भेंट कर गांव की गोचर बंजर भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की। उन्होंने 14 मई 2024 को जिलाधिकारी देहरादून को सौंपे गए शिकायती पत्र का हवाला देते हुए इस मामले में त्वरित जांच और कार्रवाई की मांग दोहराई। ग्रामीणों ने बताया कि यह मुद्दा पूर्व में भी प्रशासन के संज्ञान में लाया गया था। उपजिलाधिकारी कार्यालय द्वारा 28 मई 2024 को ग्राम नगऊ की गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने और कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके, अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस संबंध में उपजिलाधिकारी योगेश मेहरा से दूरभाष पर संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया प्रगति पर है। जहां-जहां अवैध कब्जा पाया गया है, वहां नोटिस जारी किए जा चुके हैं और जल्द ही विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। वही इस मौके पर संजय तोमर, अनिल तोमर, अरुण तोमर, ऋषभ तोमर, सचिन वर्मा, वीरेंद्र सिंह, आलम सिंह, खजान दास, केसर सिंह तोमर, कृपाल दास आदि मौजूद रहे।



# ध्यानी की नियुक्ति पर बंटी मिठाई, शहर में जोरदार आतिशबाजी

## अध्यक्ष पद पर मनोज ध्यानी की ताजपोशी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**ऋषिकेश।** भाजपा में ऋषिकेश मंडल अध्यक्ष के पद पर मनोज ध्यानी से नियुक्ति से कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। हर्ष जताने के लिए शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक से कार्यकर्ता ऋषिकेश पहुंचे। उन्होंने आतिशबाजी कर मिठाईयां बांटते हुए पार्टी के फैसले का स्वागत किया। नियुक्ति पर मनोज ध्यानी को फूल-मालाओं से भी लाद दिया। मंगलवार की शाम करीब पांच बजे भाजपा ऋषिकेश के नवनियुक्त मंडल दून तिराहे पहुंचे। कार्यकताओं ने मनोज का जोरदार स्वागत करते हुए आतिशबाजी शुरू की। नियुक्ति पर खुशी में झूमे कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। कहा कि भाजपा कार्यकताओं का सम्मान करने वाला संगठन है, जिसमें हर कार्यकर्ता को जनसेवा के रूप में मौका दिया जाता है। वहीं, मंडल अध्यक्ष मनोज ध्यानी ने कहा कि संगठन के विश्वास पर वह पूरी तरह से खरा उतरेंगे। पार्टी की रीति-नीति को जनजन तक पहुंचाने के साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को भी हर व्यक्ति तक पहुंचाना व लाभ दिलाना प्राथमिकता होगी। उन्होंने कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार करते हुए पंचायत चुनाव में भी राज्य में भाजपा का परचम लहराने का आह्वान किया। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा, जिला महामंत्री दीपक धमीजा, संदीप गुप्ता, संजय शास्त्री, जितेंद्र अग्रवाल, दिनेश पयाल, दिनेश सती, देवदत्ता शर्मा, चेतन शर्मा, बृजेश शर्मा, शिवकुमार गौतम, गोपाल सती, राजेश दिवाकर, अरूण बड़ोनी, सुमित पंवार, आशु डंग, रूचि जैन, सुधा असवाल, सतपाल राणा, संदीप शास्त्री आदि मौजूद रहे।

## बैक करते हुए कार गिरी खाई में, एक घायल

**सहिया (शाह टाइम्स)।** हईया अलसी मोटर मार्ग अलसी गांव के समीप अलसी गांव निवासी भाव सिंह पुत्र बहादुर सिंह अपनी कार को गांव के पास बैक कर रहा था कि अचानक बैक करते हुए कार करीब बीस मीटर नीचे जा गिरी। गनीमत रही कि नीचे बेंड होने के कारण सड़क थी जहां कार रूक गई। जिसमें भाव सिंह को गम्भीर चोटें आई और घायल हो गया। अलसी गांव के ग्रामीणों ने निजी वाहन से घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहिया ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार देकर घायल भाव सिंह को हायर सेंटर रेफर किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिक्षक डॉ बिक्रम सिंह तोमर ने बताया कि घायल के पैर व एक हाथ में फैक्चर हुआ है जिस कारण उसे हायर सेन्टर रेफर किया गया।

## अपहरणकर्ता गिरफ्तार, नाबालिग सकुशल बरामद

**विकासनगर (शाह टाइम्स)।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को सहारनपुर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से नाबालिग को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। नाबालिग के बयानों के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो ऐक्ट में भी मुकदमा दर्ज किया है।

# ध्वस्तीकरण के विरोध में उतरे भाजपाई, डीएम को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** पछवादून में ढांग की जमीन पर हुए निर्माण के ध्वस्तीकरण के विरोध में अब भाजपाई भी सामने आने लगे हैं। मंगलवार को भाजपा नेताओं ने ध्वस्तीकरण से पहले जमीनी वास्तविकता का आकलन करने की मांग जिलाधिकारी से की है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष आरिफ मोहम्मद, भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य राजेश बलूनी, मेदनीपुर-बद्रीपुर के प्रधान सुभाष चंद्र ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि पछवादून के सिंहनीवाला, हसनपुर, कल्याणपुर, सभावाला, बद्रीपुर, मेदनीपुर, माजरी, जाटोवाला, शाहपुर, कल्याणपुर, कुंजाग्रांट, कुंजा समेत अन्य गांवों में 70 से अधिक बरसाती नाले बहते हैं। बताया कि इन बरसाती नालों का स्वरूप हर साल बदलता रहता है, जिस कारण पूरे क्षेत्र में कई जगहों पर नंबर की जमीन पर नाले बह रहे हैं, जबकि नालों की जमीन पर ग्रामीणों के आवास बने हुए हैं। अब प्रशासन नालों की जमीन पर हुए निर्माण को ध्वस्त कर रहा है, जिस जमीन पर नाले बह रहे हैं, उस जमीन को ग्रामीणों को नहीं दिया जा रहा है। कहा कि ध्वस्तीकरण से पहले नालों को उनकी पूर्व स्थिति में लाया जाना जरूरी है, जिससे कि पीड़ित अपनी मालिकाना जमीन पर निर्माण कर सके। उन्होंने जिलाधिकारी से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है।

# बस हादसे के आरोपी चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहसपुर।** शिमला बाईपास के सिंघनीवाला में बस दुर्घटना के बाद से फरार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी ने भी इस मामले में आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सोमवार को शिमला बाईपास के सिंघनीवाला में प्राइवेट बस चालक ने पहले एक लोडिंग टैंपो को टक्कर मारी और इसके बाद बस सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में एक छात्र और एक युवक की मौत हो गई थी, जबकि 14 लोग घायल हो गए थे। दुर्घटना के बाद से बस चालक फरार चल रहा था। मामले में एसएसपी अजय सिंह ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके बाद सहसपुर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम का गठन किया। गठित टीम ने दुर्घटना के बाद से ही फरार चल रहे बस चालक के संबंध में जानकारियां एकत्रित की। साथ ही उक्त बस के मालिक सुलेमान, निवासी ग्राम बुड्डी पटेलनगर से पूछताछ की। जिसके बाद बस चालक खालिद पुत्र इकबाल, निवासी ग्राम शेरपुर सहसपुर देहरादून को ग्राम हसनपुर अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# वैष्णो देवी यात्रा मार्ग की ढलान होगी स्थिर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**ऋषिकेश।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड जम्मू-कश्मीर में श्री माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग की ढलान स्थिरता के लिए कार्य करेगा। जिसके लिए टीएचडीसी, माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के बीच त्रिपक्षीय समझौता हुआ। टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आरके विश्नोई ने बताया कि माता वैष्णो देवी तीर्थस्थल देश के लोगों के मध्य असीम आस्था और श्रद्धा का स्रोत है। इसी विशेष कार्य में एक विश्वसनीय तकनीकी भागीदार के रूप में अपनी भूमिका को सुदृढ़ करते हुए, टीएचडीसीआईएल ने माता वैष्णो देवी, कटरा, जम्मू-कश्मीर के श्राइन बोर्ड और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। आठ अप्रैल को कटरा, जम्मू-कश्मीर में श्राइन बोर्ड के केंद्रीय कार्यालय में औपचारिक रूप से किए गए इस समझौते का उद्देश्य केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में श्री माता वैष्णो देवी भवन की ओर जाने वाले यात्रा मार्ग का ढलान स्थितिकरण का अध्ययन करना है। इस सहयोग के माध्यम से टीएचडीसी आधुनिक तकनीक द्वारा ढलान स्थिरीकरण, भू-तकनीकी और भूगर्भी अन्वेषण में अपने व्यापक अनुभव द्वारा परामर्श सेवाएं प्रदान करेगा, जिससे तीर्थयात्रा मार्ग की दीर्घकालिक सुरक्षा व आवागमन सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि टीएचडीसी के परिकल्प एवं अभियांत्रिकी विभाग के अंतर्गत एक समर्पित परामर्श विंग है, जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर जल संसाधन अभियांत्रिकी और उच्च स्तरीय अभियांत्रिकी सेवाओं के क्षेत्र में संपूर्ण अभियांत्रिकी समाधान प्रदान करती है। मौके पर श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ आईएएस अंशुल गर्ग, टीएचडीसीआईएल के निदेशक कार्मिक शैलेन्द्र सिंह, निदेशक तकनीकी भूपेंद्र गुप्ता, सहायक प्रबंधक ईशान भूषण, भू-तकनीकी अभियंता अमनिन्दर सिंह नय्यर, जीएसआई जम्मू के निदेशक प्रवीण कुमार, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की प्रबंधक रविंदर कौल आदि उपस्थित रहे।



- टीएचडीसीआईएल ने कार्यों के लिए किया त्रिपक्षीय समझौता

# कार्यकर्ताओं का शोषण बर्दाश्त नहीं करेगी यूकेडी : पूरन सिंह

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड क्रांति दल के आह्वान पर आक्रोश रैली आयोजित की गइ। रैली के लिए परेड ग्राउंड में हजारों कार्यकर्ता एकत्रित हुए जहां पर से कार्यकर्ता सरकार विरोधी नारे लगाते हुए आशुतोष नेगी व आशीष नेगी की रिहाई की मांग के लिए आगे बढ़े। इस अवसर पर दल के केंद्रीय अध्यक्ष पूरन सिंह ने कहा कि हम हर हाल में उत्तराखंड के लोगों के हितों के लिए काम करते रहेंगे कोई भी कार्यकर्ता और पदाधिकारी का शोषण सरकार करती है तो उसे उक्रांद किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। सरकार से आर-पार की लड़ाई जारी रखी जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता सुरेंद्र कुकरेती ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार दमनात्मक नीति इसलिए अपना रही है कि वह बेरोजगारों को रोजगार उत्तराखंड को बेहतर बनाने की कोई योजना उसके पास नहीं है। वह वर्ग विशेष और धर्म विशेष की राजनीति कर रही है। इस अवसर पर दल के कार्यकारी अध्यक्ष एपी जुयाल ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी प्रमुख मांगे रखी। दल के वरिष्ठ नेता केंद्रीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि सरकार के खिलाफ आंदोलन जारी रहेंगे। रैली में प्रमिला रावत, राजेश्वरी, शकुंतला रावत, गीता बिष्ट, राजेंद्र बिष्ट, भोला चमोली, प्रवीण रमोला, बृजमोहन सजवान, जितेंद्र पवार, दीपक भाकुनी, आयुष रावत, कुसुम लता, अनीता कोटियाल, उषा चौहान, शशि गंगवाल, विमल बहुगुणा, संगीता उनियाल, मंजू कलूड़ा, सुशील उनियाल, चंद्र मोहन गढ़िया, कुशाल सिंह गढ़िया, वीरेंद्र बिष्ट, मेजर संतोष भंडारी व किरन रावत कश्यप आदि मौजूद रहे।

- आशुतोष नेगी व आशीष नेगी की रिहाई की मांग को लेकर निकाली रैली

# हनुमान ने फूंकी रावण की लंका

## उत्थान मंच में महिला रामलीला मंचन का आठवां दिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुनर्नवा महिला समिति द्वारा आयोजित उत्थान मंच में चल रहे महिला रामलीला मंचन के आठवें दिन सीता की खोज व लंका दहन तक की लीला का मंचन दिखाया गया। यह दृश्य देखकर रामलीला आयोजन स्थल पर मौजूद लोग हनुमान जी की और जय श्रीराम के जयकारे से पूरा पड़ाव भक्तिमय हो गया। मंगलवार को रामलीला मंचन का शुभारंभ बतौर मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद गदरपुर विधायक अरविन्द पांडे, विशिष्ट अतिथि में व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, संध्या डालाकोटी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। रामलीला मंचन के दौरान दिखाया गया कि हनुमान जी माता सीता की खोज में निकलते है और वह सब बाधाओं को पार करते हुए लंका पहुंचे जहां उनका विभीषण से मिलन होता है। हनुमान विभीषण से सीता का पता जानकर अशोक वाटिका में प्रवेश किया। जहां सीता के सामने श्री राम द्वारा दी हुई मुद्रिका को डालकर अपना परिचय दिया। मां सीता से हनुमान आज्ञा ले अपनी क्षुधा मिटाने के लिए अशोक वाटिका में फल खाने के साथ वाटिका को उजाड़ते और रावण पुत्र अक्षय कुमार का वध कर देते। अक्षय कुमार के वध से क्रोधित रावण अपने ज्येष्ठ पुत्र मेघनाद को हनुमान से युद्ध के लिए भेजता जहां हनुमान उसके ब्रह्मफांस के बंधन को स्वीकार कर रावण के समक्ष पहुंच जाते। रावण व हनुमान के बीच रोचक संवाद सुनकर मौजूद दर्शक भाव विभोर हो जाते हैं। हनुमान द्वारा रावण को राम मय करने का हर प्रयास विफल हो जाता है। अन्तत: रावण पुत्र वध और राम मय करने के प्रयास से क्रोधित होकर हनुमान के पूंछ में आग लगाने का आदेश दे देता है, पूंछ में आग लगते ही हनुमान सम्पूर्ण लंका को जला देते और मां जानकी के पास पहुंच कर पहचान स्वरूप चूड़ामणि लेकर श्रीराम के पास प्रस्थान करते। मंचन के दौरान रावण की सोने की लंका जलते ही जय श्रीराम के नारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। रामलीला मंचन देखने के लिए दर्शकों के भारी भीड़ देखी गई। इस दौरान समिति की अध्यक्ष लता बोरा, उपाध्यक्ष यशोदा रावत, सचिव शांति जीना, प्रचार सचिव कल्पना रावत, जानकी पोखरिया, प्रेमा बृजवासी, मंजू बनकोटी, अंजना बोरा, रेखा रावत, कुसुम बोरा, शैलेन्द्र दानू, सुशीला शर्मा आदि मौजूद रहे।



## फिटनेस प्रक्रिया में सुधार की मांग

**हल्द्वानी।** गौला खनन मजदूर संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने मंगलवार को आरटीओ परिवर्तन विभाग के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने वाहन स्वामियों की बढ़ती परेशानियों पर ध्यान आकर्षित किया। ज्ञापन में राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि एटीएस में पिछले एक हफ्ते से फिटनेस प्रक्रिया नहीं हो रही है, जिससे वाहन स्वामियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जिन वाहनों की फिटनेस समाप्त हो गई है, उन्हें अब लेट फीस भी जमा करनी पड़ेगी, और सवाल उठता है कि क्या एटीएस लेट फीस भी जमा करेगा? समिति के अध्यक्ष ने यह भी कहा कि फिटनेस प्रक्रिया को पूर्व की भांति लागू किया जाए, ताकि वाहन स्वामियों को राहत मिल सके और वे अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी स्थान पर फिटनेस करा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि एटीएस में फीस अत्यधिक है और वहां भ्रष्टाचार का माहौल बना हुआ है, जिस पर परिवहन विभाग को सख्त नजर रखनी चाहिए और उसकी मॉनिटरिंग करनी चाहिए। ज्ञापन में राजेंद्र सिंह बिष्ट, रोहित राजेश बिष्ट, मनोज जोशी और आशु मौजूद रहे।

# महेन्द्र ने चाय व्यवसाय से दिया 10 लोगों को रोज़गार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** फूलचौड़ देवलचौड़ निवासी महेंद्र ने सरकारी योजनाओं का सही तरीके से लाभ उठाकर खुद को आत्मनिर्भर बनाया और अब 10 लोगों को रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं। महेंद्र ने चाय पेकिंग व्यवसाय को रोजगार का जरिया बनाया, जिसके तहत हल्द्वानी के अलावा कुमाऊं के कई शहरों और गांवों तक उनकी गोल्डन चाय की सप्लाई होती है। महेंद्र ने बताया कि उन्होंने मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) की डिग्री हासिल करने के बाद चार साल तक बैंकिंग सेक्टर में काम किया। हालांकि उनका सपना हमेशा अपना कारोबार शुरू करने का था। उन्होंने चाय पेकिंग व्यवसाय को चुना और इसके लिए जिला उद्योग केंद्र से जानकारी प्राप्त की। उन्हें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत चाय पैकिंग यूनिट स्थापना के लिए सब्सिडी पर लोन मिलने की जानकारी मिली। महेंद्र ने इस योजना के तहत आवेदन किया और ठंडी सड़क स्थित आध्रा बैंक से 10 लाख रुपये का लोन स्वीकृत हो गया। महेंद्र का कहना है कि लोन की धनराशि और कुछ स्वयं के सहयोग से उन्होंने चाय पैकिंग उद्यम की स्थापना की और काम शुरू कर दिया। चार साल से उनका कारोबार अच्छी तरह से चल रहा है। महेंद्र ने सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने और दूसरों को रोजगार देने में मदद करने का उदाहरण प्रस्तुत किया है।



## नर्सिंग ऑफिसर्स की ज्वाइनिंग

**हल्द्वानी।** मंगलवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज के परिसर में चयनित नर्सिंग ऑफिसर्स को नियुक्ति पत्र वित. रित किए गए और उन्हें संस्थान में जॉइनिंग दी गई। आयोजित कार्यक्रम में डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के 221 पदों और स्टेट कैंसर अनुसंधान संस्थान के 64 पदों के लिए नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के लिए 40 नर्सिंग ऑफिसर्स और स्टेट कैंसर अनुसंधान संस्थान के लिए 15 नर्सिंग ऑफिसर्स को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इसके बाद, इन नर्सिंग ऑफिसर्स ने सभी आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किए और शाम तक जॉइनिंग दी गई। डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के लिए 40 नर्सिंग ऑफिसर्स और स्टेट कैंसर अनुसंधान संस्थान के लिए 50 नर्सिंग ऑफिसर्स ने नियुक्ति के सभी औपचारिकताएं पूरी की। इस कार्यक्रम में डा. आनंद बल्लभ ओली (उप प्रबंधक, एचआर), गणेश पांडेय, अजय चौबे, रघुबीर बुधानी, दीपक आनंद, विजय और रमेश पलेडिया ने अभिलेखों की जांच में मदद की।

## एक नजर

### सांस्कृतिक दलों का ऑडिशन 26 मई से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग उत्तराखंड द्वारा सरकार की नीतियों एवं कल्याणकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों के प्रचार प्रसार के दृष्टिगत गीत एवं नाट्य योजना के अन्तर्गत कुमाऊ मंडल के सांस्कृतिक दलों का ऑडिशन एमबीपीजी कालेज हल्द्वानी में आगामी 26 मई से 30 मई के मध्य किया जायेगा। जिला सूचना अधिकारी गिरिजा शंकर जोशी ने बताया कि जनपद में निवासरत सांस्कृतिक दल लोकगीत, नाटक, नौटंकी, नुक्कड नाटक, भजन कब्बाली, जादू आदि विधाओं से दक्ष सांस्कृतिक दल 20 अप्रैल तक आवेदन सभी वांछित अभिलेखों सहित सूचना कार्यालय नैनीताल अथवा मीडिया सेंटर हल्द्वानी में व्यक्तिगत अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा करा सकते हैं। उन्होंने बताया जनपद नैनीताल का ऑडिशन 30 मई को एमबीपीजी कालेज हल्द्वानी में किया जायेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जिला सूचना कार्यालय नैनीताल एवं मीडिया सेंटर हल्द्वानी से कार्यदिवस में संपर्क किया जा सकता है।

### नशे के इंजेक्शन के साथ दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नशे की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसओजी व बनभूलपुरा पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 18 अदद इंजेक्शन व 36 नशीले इंजेक्शन बरामद किए है। पकड़े गए दोनों तस्करों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी की रोकथाम के लिए बीते सोमवार की रात एसओजी प्रभारी संजीत राठौर व बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में संयुक्त ने क्षेत्र में सघन चैकिंग अभियान चलाया। चैकिंग के दौरान टीम ने संदिग्ध अवस्था में घूम रहे दो लोगों को पूछताछ के लिए रोका और उनके पास रखे बैग की तलाशी ली तो उनके पास से नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। पकड़े गए तस्करों ने अपना नाम मुकीम उर्फ मामू पुत्र मो. यूसुफ निवासी सरताज मैरिज हॉल मलिक का बगीचा बनभूलपुरा, रियासत पुत्र लियाकत निवासी इन्द्रानगर ठोकर बनभूलपुरा बताया। तस्करों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। टीम में एसआई मोनी टम्टा, कांस्टेबल भुपेन्द्र जेष्ठा, दिलशाद अहमद, सुनील कुमार, महबूब अली शामिल थे।

### शुल्क में बढ़ोतरी वापस लेने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद के सूखाताल वार्ड के पूर्व सभासद भूपाल सिंह कार्की ने नगर पालिका परिषद बोर्ड की ओर से लेक ब्रिज चुंगी तथा कार पार्किंग के शुल्क में बेहताशा बढ़ोत्तरी किए जाने पर रोष जताया है। कार्की ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पालिकाध्यक्ष तथा पालिका के अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर अपनी आपत्ति दर्ज करायी है। उन्होने पालिका प्रशासन से शुल्क में बढ़ोत्तरी जनहित में वापस लेने की मांग की है तथा ऐसा नहीं करने पर आंदोलन की धमकी भी दी है।

### दीवानी न्यायालय में टिन शेड निर्माण की शुरुआत

**हल्द्वानी।** दीवानी न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के बैठने के लिए बनाए जा रहे टिन शेड निर्माण के दूसरे चरण का कार्य मंगलवार को विधायक सुमित हृदयेश ने अपनी विधायक निधि से शुरू कराया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर कुमार पंत, अपर जिला जज कवर अमनिन्दर सिंह, उपाध्यक्ष सुनील पुण्डीर, सचिव मोहन बिष्ट और अन्य अधिवक्ता विधि-विधान से भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। भूमि पूजन कार्यक्रम में महिला उपाध्यक्ष भगवती पलडिया, सचिव मोहन सिंह बिष्ट, योगेश चंद्र लोहनी, आदित्य कुमार, योगेंद्र कुमार पाठक, आरपी पांडे, हरेंद्र सिंह पडियार, लोकेश राज चौधरी, मोहित पांडे, पंकज कबडवाल, नीलू शर्मा, गोविंद सिंह बिष्ट, राम सिंह बसेड़ा, जेके शर्मा, घनानंद जोशी, चंदन सिंह अधिकारी, हीरा वल्लभ पलडिया, गणेश नेगी, दिगंबर किरोला, दीपक अधिकारी मौजूद रहे।

### पंचायत परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री बने महेंद्र नागर

**हल्द्वानी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार, सुबोध कांत सहाय द्वारा अखिल भारतीय पंचायत परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इस दौरान उत्तराखंड के महेन्द्र नागर को पुन: राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर मनोनीत किया गया है। महेन्द्र नागर ने पूर्व में पंचायत परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और राष्ट्रीय महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। इसके अलावा, वे 10 वर्ष तक पूर्व पार्षद रहे हैं।

# धूम्रपान सामग्री बेचने पर 7 दुकानें सील

## कोटपा अधिनियम के तहत सिटी मजिस्ट्रेट ने की बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बनभूलपुरा और बरेली रोड की 7 दुकानों को सील कर दिया। यह कार्रवाई सरकारी और निजी स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में पान मसाले, तंबाकू, सिगरेट और अन्य धूम्रपान सामग्री की बिक्री पर की गई। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों के निर्देशों के बाद यह कदम उठाया गया। बनभूलपुरा, बरेली रोड, और कालाढूंगी रोड समेत अन्य क्षेत्रों में सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के आसपास की दुकानों में पान मसाले, गुटखा, तंबाकू, सिगरेट और अन्य धूम्रपान सामग्री बेची जा रही थी, जो कोटपा अधिनियम, 2003 के तहत प्रतिबंधित है। इस कार्रवाई में शिक्षा विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि 7 दुकानों को सील कर दिया गया है, जबकि कई दुकानों से बीड़ी, पान मसाले और सिगरेट के पैकेट जब्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इसके अलावा सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि यदि किसी सरकारी या गैर सरकारी स्कूल के पास कोई दुकानदार धूम्रपान सामग्री बेचता है, तो स्कूल प्रशासन उसे नोटिस जारी कर सकता है। यदि दुक. ानदार इसके बावजूद अपनी बिक्री जारी रखता है, तो प्रशासन को इसकी जानकारी दी जा सकती है।



### ट्रैवल एजेंसी पर धोखाधड़ी का आरोप

**हल्द्वानी।** फरवरी में हल्द्वानी से प्रयागराज स्थित महाकुंभ स्नान के लिए गए सीनियर सिटीजन ने ट्रैवल एजेंसी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पीड़ितों का कहना है कि ट्रैवल एजेंसी ने महाकुंभ यात्रा के लिए उन्हें लेकर जाने और वापस लाने की जिम्मेदारी ली थी और यात्रा से पहले ही पूरी धनराशि ले ली थी। आरोप है कि 8 फरवरी को जब सीनियर सिटीजन प्रयागराज के लिए रवाना हुए, तो उन्हें प्रयागराज से 15 किलोमीटर पहले ही छोड़ दिया गया। इसके बाद उनकी कोई भी जानकारी नहीं ली गई। पीड़ितों ने एसएसपी कार्यालय और कोतवाली हल्द्वानी में लिखित शिकायत दी है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि जांच की जा रही है। शिकायत करने वालो में प्रेमा तिवारी, आभा जोशी, राजेंद्र प्रसाद जोशी, प्रेमा जोशी, हेमंत पाठक, चंपा भट्ट, भगवती रौतेला हैं।

# राष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों का सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत जनपद नैनीताल में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं और समापन समारोह के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले अधिका. रियों का सम्मान समारोह मंगलवार को नगर निगम सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें जिला प्रशासन की ओर से मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडेय ने सभी सम्मानित अधिकारियों को राष्ट्रीय खेल किट और स्मृति चिह्न प्रदान किए। इस अवसर पर नगर आयुक्त ऋचा सिंह, उप जिला अधिकारी के एन गोस्वामी, उप जिला अधिकारी तुषार सैनी, पल्लवी गुप्ता, ऋतु कुक. रेती, अजय कुमार, गिरिजा शंकर जोशी, जितेंद्र उप्रेती, मनोज कुमार, प्रभात आगर, चंद्रा कुमारी, त्रिलोक जीना, श्याम भट्ट, अंकुश रौतेला, गोविंद लटवाल, नीलेश गुप्ता, पूनम सिरौला समेत कई अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में उप निदेशक खेल रशिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, उपजिला क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, सुरेश पांडेय, त्रिलोक सिंह जीना सहित अन्य अधिकारी रहे।

**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
TATA पंजीकृत कार्यालय: 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर पैरल, मुंबई-400013. CIN No. U67190MH2008PLC187552

**कब्ज़ा सूचना (अचल संपत्तियों हेतु)**
(सिक्योरिटी इंटरेस्ट इंफोर्समेंट नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)

**जबकि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा के प्रवर्तन के तहत, टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का अधिकृत अधिकारी अधोहस्ताक्षरी है। ब्याज अधिनियम, 2002 और सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ताओं को नोटिस में उल्लिखित राशि को चुकाने के लिए नीचे उल्लिखित एक मांग नोटिस उक्त नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर जारी किया।**
उधारकर्ता, राशि चुकाने में विफल रहने पर, एतद्वारा उधारकर्ता को, विशेष रूप से और आम जनता को, नोटिस दिया जाता है **कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13 (4) उक्त अधिनियम के उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित।** उधारकर्ता, विशेष रूप से, और आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे लेन-देन न करें, संपत्ति के साथ और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा, नीचे उल्लिखित राशि के साथ उस पर ब्याज और दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि नीचे उल्लिखित तारीख से। **सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।**

| ऋण खाता संख्या | दायित्व (ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी/ कानूनी प्रतिनिधि(ओं) का नाम | डिमांड नोटिस की राशि और तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|
| 10396501 | श्री राजकुमार (उधारकर्ता) और श्रीमती रेखा (सह-उधारकर्ता) | 08.01.2025 को रु. 7,65,941/- (रू. सात लाख पैसंठ हजार नौ सौ इक्तालिस मात्र) | 03.04. 2025 |
| **सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों का विवरण:-** खसरा संख्या 612 में शामिल आवासीय भूखंड के सभी टुकड़े और पार्सल, 278.81 वर्ग मीटर = 3000 वर्ग फीट (120' x 25') माप, **गांव पाडली गुज्जर, परगना और तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार (उत्तराखंड) में स्थित,** बिक्री विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं के साथ। **सीमा: पूर्व:** अज्ञात व्यक्ति की संपत्ति, **पश्चिम:** 08' चौड़ा मार्ग, **उत्तर:** रतन का प्लॉट, **दक्षिण:** विक्रेता की संपत्ति। | | | |
| 10467202 & 10468239 | श्री संजीव गुप्ता (उधारकर्ता) और श्रीमती ऊशा गुप्ता (सह-उधारकर्ता) | ऋण अनुबंध 10467202 के अंतर्गत रु. 30,34,438/- तथा ऋण अनुबंध 10468239 के अंतर्गत रु. 23,07,704/- देय है, अर्थात कुल रु. 53,42,142/- (तिरपन लाख बयालीस हजार एक सौ बयालीस रूपये मात्र) 07.01.2025 तक बकाया है। | 03.04. 2025 |
| **सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों का विवरण:-** चौथी मंजिल के आवासीय फ्लैट नंबर डी-3 के सभी हिस्से, जो संपत्ति संख्या 56/45 का हिस्सा हैं, जिसका सुपर **एरिया 97.58 वर्ग मीटर (कवर्ड एरिया 80 वर्ग मीटर) है, जो रेलवे रोड पर कोठारी नर्सिंग होम, ऋषिकेश, देहरादून उत्तराखंड पर स्थित है, साथ ही बिक्री विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाएं भी हैं। सीमाएं: पूर्व:** 60 फीट चौड़ा मार्ग, **पश्चिम:** अन्य की भूमि, **उत्तर:** रेलवे रोड, **दक्षिण:** अन्य की संपत्ति। | | | |
| TCHHL073100100289221 & TCHIN0731000100293060 | श्री विजय कुमार (उधारकर्ता) और श्रीमती पूजा देवी और श्री हर्ष कुमार प्रजापति (सह-उधारकर्ता) | आपके द्वारा ऋण खाता TCHHL0731000100289221 के अंतर्गत रु. 19,12,753/- रुपए तथा ऋण खाता संख्या TCHIN0731000100293060 के अंतर्गत रु. 86,268/- बकाया हैं, अर्थात कुल मिलाकर 13/01/2025 तक रु.19,99,021/- (केवल उन्नीस लाख निन्यानवे हज़ार इक्कीस रुपए) बकाया हैं। | 03.04. 2025 |
| **सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों का विवरण:-** आवासीय डबल स्टोरी भवन के सभी टुकड़े और पार्सल जिनका कुल क्षेत्रफल 602 वर्ग फीट या 55.945 वर्ग मीटर है (पूर्व-16 फीट, पश्चिम-16 फीट, उत्तर-36 फीट 8 इंच, दक्षिण-36 फीट 7 इंच) कवर्ड एरिया 1100 वर्ग फीट, यानी 102.23 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 384 मिन. के हिस्से में शामिल, वार्ड नंबर 4, प्रेमकुंज, **गांव मलकपुर लतीफपुर में नगर निगम रुड़की, परगना और तहसील रुड़की जिला हरिद्वार (उत्तराखंड)** के भीतर स्थित है, जिसमें बिक्री विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाएं हैं। **सीमाएं: पूर्व-** प्रेम कुमार का घर, **पश्चिम-** मार्ग 12 फीट। चौड़ा, **उत्तर-** मनु शर्मा का मकान, **दक्षिण-** ज्वौये की संपत्ति | | | |

दिनांक: 09.04.2025 एसडी/- अधिकृत अधिकारी
स्थान:- हरिद्वार/देहरादून (उत्तराखण्ड) टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड, बिजलीघर नं. 6 के समीप, रूड़की-247667
मोबाईल नं.: +91-9412074725, ई-मेल: etdroorkee@gmail.com, etdrupcl@yahoo.co.in

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी व प्रतिष्ठित कार्यदायी संस्था जो कि जी०एस०टी०, ई०पी०एफ०, ई०एस०आई० एवं आयकर विभाग में पंजीकृत हो तथा उत्तराखण्ड शासन से विद्युत सम्बन्धी कार्यों को करने के लिये उत्तराखण्ड सरकार का 'ए' क्लास प्रमाण पत्र धारक हो एवं निम्नलिखित कार्य (सम्बन्धित निविदा का अनुमानित 200% की आपूर्ति/कार्य किये जाने का अनुभव आवश्यक) का अनुभव रखते हो, को प्राथमिकता दी जायेगी, के लिये निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदायें दो भागो में निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 25.04.2025 की दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जोकि उसी तिथि को उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष सांय 3.00 बजे खोली जायेगी। निविदा भाग प्रथम में अधोहस्ताक्षरकर्ता के नाम किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ०डी०आर०/सी०डी०आर० के रूप में अग्रिम धनराशि, 'ए' क्लास प्रमाण पत्र, जी०एस०टी०, ई०पी०एफ०, ई०सी०आई० एवं आयकर पंजीकृत प्रमाण पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र की प्रति देनी होगी। निविदा भाग-2 में निर्धारित प्रपत्र पर रेट व मूल्य आदि का विवरण जोकि निविदा खुलने से छः माह तक वैध हो, देना होगा। निविदा प्रथम भाग में निर्धारित अग्रिम धरोहर राशि न होने की स्थिति में निविदा भाग-दो नहीं खोला जायेगा। जिसके लिये निविदादाता स्वयं जिम्मेदार होगे। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 24.04.2025 तक खण्ड में नगद धनराशि/राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट, 'ए' क्लास प्रमाण पत्र जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण कोई बताये निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।

| निविदा सं० | निविदा विवरण | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | निविदा जमा करने की तिथि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01(W)/ 2025-26 | विद्युत परीक्षण खण्ड, रूडकी के अर्न्तगत ओ०एण्ड०एम० मद में विभिन्न प्रकार की 33/11 केवी एस/एस पर रिले की आपूर्ति और स्थापित करने का कार्य | Rs. 1000.00 +18% GST | Rs. 30000.00 | 25.04.2025 at 12.00 PM | 25.04.2025 at 2.00 PM |

पत्रांक: 944/वि.प.ख.रु./ दिनांक: 08.04.2025 अधिशासी अभियन्ता

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें
(टोल फ्री नं.-1800 419 0405 अथवा 1912) विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/फैक्स संख्या: 0135-2760911 पर दें)

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
**विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट**
CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867

**ई-निविदा सूचना**

अधिशासी अभियनता, विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों को कराने हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत सुरक्षा विभाग से प्रदत्त लाईसेन्सधारी ठेकेदारों/ आपूर्तिकर्ता फर्म जो आयकर, ई०पी०एफ०, जी०एस०टी० में पंजीकृत हों, से मुहरबन्द निविदायें दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र, सम्बन्धित प्रपत्र, नियम शर्तें एवं द्वितीय भाग में दरें) जो कि अनुबन्ध की तिथि से 180 दिन वैध हों, ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा में प्रथम भाग में लगाये जाने वाले प्रपत्र का मूल्य विवरण तथा अन्य समस्त नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र से अवलोकन करना सुनिश्चित करे, जो कि उत्तराखण्ड शासन की ई-निविदा वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर प्राप्त किये जा सकते है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (जी०एस०टी० अतिरिक्त) (रू० लाख में) | निविदा शुल्क (जी०एस०टी० अतिरिक्त) (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि (रू० लाख में) | निविदा क्रय करने हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन एवं ऑफ लाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | ऑनलाईन एवं ऑफ लाईन निविदा खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01/2025-26 | विद्युत वितरण खण्ड बड़कोट के अन्तर्गत श्री यमुनोत्री धाम एवं यात्रा पड़ाव में एच०टी०/एल०टी० लाइन के परिचालन एवं अनुरक्षण का कार्य बाह्य एजेंसी के माध्यम से संपादित कराये जाने का कार्य। | 13.67 | 1000.00 | 0.42 | 28.04.2025 (16:30 बजे तक) | 28.04.2025 (16:30 बजे तक) | 29.04.2025 (12:30 बजे तक) |
| 02/2025-26 | विद्युत वितरण खण्ड बड़कोट के अन्तर्गत टी० एण्ड पी० की सामग्री की आपूर्ति का कार्य। | 14.96 | 1000.00 | 0.45 | 28.04.2025 (16:30 बजे तक) | 28.04.2025 (16:30 बजे तक) | 29.04.2025 (12:30 बजे तक) |

पत्रांक : 620/वि०वि०ख०ब०/टी०-7 दिनांक : 08/04/2025 **अधिशासी अभियंता**

**"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल-फ्री नं० -1912"**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, उत्तरकाशी**

पंत्राक: 596/सिं0ख0/निविदा, दिनांक : 08/04/2025

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना संख्या-02/अधि0अभि0/2025-26, दिनांक: 08.04.2025**

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, उत्तरकाशी द्वारा निम्न कार्य के निर्माण हेतु मद आधारित दरों पर सिंगल-बिड प्रणाली के माध्यम से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख रू0 में) जी0एस0टीस हित | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | निविदा की वैद्यता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | नाबार्ड मद के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के यमुनोत्री विधानसभा के अन्तर्गत उदखोल नहर का मरम्मत/ पुनर्स्थापना का कार्य। (रीच 0.00 से 500.00 मीटर) | 25.10 | 0.50 | 2000.00 + 360.00 (18 % GST) | 90 दिवस | 09 माह | उत्तराखण्ड सिंचाई विभाग में श्रेणी "डी" एवं उच्चतर |
| 2 | नाबार्ड मद के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के यमुनोत्री विधानसभा के अन्तर्गत गमरी नहर का मरम्मत/पुनर्स्थापना का कार्य। (रीच 0.00 से 2230 मीटर) | 26.30 | 0.53 | 2000.00 + 360.00 (18 % GST) | 90 दिवस | 09 माह | उत्तराखण्ड सिंचाई विभाग में श्रेणी "डी" एवं उच्चतर |
| 3 | नाबार्ड मद के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के यमुनोत्री विधानसभा के अन्तर्गत चांदपुर नहर का मरम्मत/पुनर्स्थापना का कार्य। (रीच 0.00 से 2000.00 मीटर) | 29.74 | 0.60 | 2000.00 + 360.00 (18 % GST) | 90 दिवस | 09 माह | उत्तराखण्ड सिंचाई विभाग में श्रेणी "डी" एवं उच्चतर |
| 4 | नाबार्ड मद के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के यमुनोत्री विधानसभा के अन्तर्गत जसपुर नहर का मरम्मत/पुनर्स्थापना का कार्य। (रीच 0.00 से 4400 मीटर) | 30.91 | 0.62 | 2000.00 + 360.00 (18 % GST) | 90 दिवस | 09 माह | उत्तराखण्ड सिंचाई विभाग में श्रेणी "डी" एवं उच्चतर |

ई-निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रण की तिथि 08.04.2025
ई-निविदा के माध्यम से निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय 19.04.2025 सांय: 05:00 बजे तक।
निविदाओं से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी हेतु उत्तराखण्ड सरकार की वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर लॉग इन करें।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड उत्तरकाशी

# विराट ने टी-20 में 13 हजार रन बनाए



● विराट कोहली की उपलब्धि और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह पारी के हिसाब से 13 हजार रन के आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी बन गए है

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पुरुष टी-20 क्रिकेट में 13 हजार रन बनाने वाले पहले भारतीय और दुनिया के पांचवें क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने अपनी 386वीं पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। 36 वर्षीय कोहली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में अपना 17वां रन बनाते ही यह उपलब्धि हासिल की। इसके साथ ही वह टी-20 रन बनाने वाले शीर्ष खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गए, जिसमें वेस्टइंडीज के

**■ खिलाड़ियों में विंडीज खिलाड़ी क्रिस गेल सबसे आगे है, जिन्होंने 14562 रन बनाए हैं**

महान खिलाड़ी क्रिस गेल सबसे आगे हैं, जो 381 पारियों में 14 हजार 562 रन बनाकर इस सूची में शीर्ष पर हैं। टी-20 में सर्वकालिक रन बनाने वालों की सूची में कोहली से आगे इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स (474 पारियों में 13,610), पाकिस्तान के शोएब मलिक (487 पारियों में 13,557) और वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड (594 पारियों में 13,537) हैं। कोहली की यह उपलब्धि और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वह पारी के हिसाब से 13,000 रन के आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी बन गए हैं, उनसे आगे केवल गेल हैं। सभी प्रारूपों में अपनी निरंतरता और क्लास के लिए जाने जाने वाले कोहली आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए मुख्य खिलाड़ी बने हुए हैं और विश्व क्रिकेट में सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक हैं।

## आईपीएल-2025 का यह सप्ताह शानदार होगा: शेन वॉटसन

● **बुमराह की वापसी से मुंबई को सपोर्ट मिलेगा, 13 अप्रैल को एमआई-डीसी के बीच मुकाबला**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी और जियोस्टार एक्सपर्ट शेन वॉटसन को लगता है आईपीएल 2025 का यह सप्ताह काफी शानदार होने वाला है। दरअसल, इस सप्ताह कई राइवल मैच होने है। 12 अप्रैल को गुजरात का सामना लखनऊ से और 13 अप्रैल को मुंबई का सामना दिल्ली से होगा। शेन वॉटसन ने कहा कि मेरे लिए इसमें कोई संदेह नहीं है कि दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच एक शानदार मुकाबला होने वाला है। दिल्ली कैपिटल्स के पास काफी अच्छी टीम है। वहीं, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुम. राह की वापसी से मुंबई इंडियंस को सपोर्ट मिलेगा, जिसकी उन्हें जरूरत थी। इसलिए मुझे लगता है कि यह इस राइवल वीक के बेस्ट मुकाबलों में से एक होने वाला है।श उन्होंने आगे कहा कि लीग में इस समय जब बात लखनऊ जायंट्स और गुजरात टाइटंस की हो रही है तो जीटी आग उगल रही है। उन्होंने अपने आखिरी मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बहुत अच्छा खेला। टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। इसलिए मुझे लगा कि लीग की शुरुआत से पहले जीटी टीम में कुछ कमियां रही होंगी, लेकिन टीम ने हैदराबाद के खिलाफ इस सीजन पहली बार वॉशिंगटन सुंदर को खिलाया, वे वास्तव में अपनी टीम के लिए काफी वैल्युएबल प्लेयर साबित होंगे। अक्षर पटेल शानदार लीडर वॉटसन ने कहा, श्जब बात इस सीजन किसी बेहतरीन खिलाड़ी की आती है, तो मैं अक्षर पटेल का नाम लूंगा।

## रजत पाटीदार पर लगा धीमे ओवर रेट का जुर्माना



**मुम्बई, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रूपये जुर्माना लगा हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार पर सोमवार रात मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस पर जीत के दौरान धीमे ओवर रेट के लिए यह जुर्माना लगाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)2025 में आरसीबी पर पहली बार धीमे ओवर रेट अपराध के लिए जुर्माना लगा हैं। इससे पहले हार्दिक पांड्या, रियान पराग और ऋषभ पंत पर भी

● **रजत की अगुवाई वाली आरसीबी निर्धारित समय में अपने ओवर पूरे नहीं कर पाई थी**

धीमे ओवर रेट के लिए जुर्माना लगा चुका हैं। पाटीदार की अगुवाई वाली आरसीबी निर्धारित समय में अपने ओवर पूरे नहीं कर पाई थी। आईपीएल की आचार संहिता के तहत उन्हें धीमे ओवर रेट का दोषी करार देते हुए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आरसीबी ने मैच में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मुम्बई इंडियंस को 12 रनों से हरा दिया था।

## पुकोवस्की ने चोट के कारण क्रिकेट से लिया संन्यास



**■ 27 वर्षीय विल पुकोवस्की ने 2021 में भारत के खिलाफ एक टेस्ट खेला था**

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर विल पुकोवस्की ने चोट के कारण क्रिकेट से सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया हैं।

विल पुकोवस्की ने मंगलवार को मेलबर्न में एसईएन रेडियो पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि बहुत निराश हूं, यह बहुत कठिन साल रहा है। उन्होंने कहा कि काश मैं बेहतर परिस्थितियों में होता। उन्होंने कहा कि सरल संदेश यह है कि मैं फिर से किसी भी स्तर पर क्रिकेट नहीं खेलूंगा। 27 वर्षीय पुकोवस्की ने 2021 में भारत के खिलाफ एक टेस्ट खेला था।

वह पिछले वर्ष शेफील्ड शील्ड में मैच के दौरान तस्मानिया के खिलाफ रिले मेरेडिथ की गेंद हेलमेट पर लगने के बाद वे चोटिल होकर रिटायर हर्ट हो गए थे। पिछले वर्ष ही चोट लगने के बाद एक स्वतंत्र मेडिकल पैनल ने पुकोवस्की को क्रिकेट से संन्यास लेने का सुझाव दिया था। उन्हें किशोरावस्था में फुटबॉल खेलते समय पहली बार सिर में चोट लगी थी। वह कंस्यूशन से पीड़ति थे। पुकोवस्की ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 45-19 की औसत से 2350 रन बनाए, जिसमें सात शतक शामिल हैं, जिनमें से तीन दो. हरे शतक शामिल है।

## वनडे त्रिकोणीय सीरीज भारतीय टीम में तीन नए खिलाड़ी

**■ आयरलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में बाहर बैठने के बाद हरमनप्रीत को कप्तान बनाया गया**

**मुम्बई, वार्ता।** श्रीलंका में होने वाले एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम में काशवी गौतम, एन श्री चरनी और शुचि उपाध्याय को पहली बार शामिल किया गया है।

चयनकर्ताओं ने जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में बाहर बैठने के बाद हरमनप्रीत कौर को बतौर कप्तान के रूप में टीम में जगह दी है। इसके अलावा स्नेह राणा, यास्तिका भाटिया, अरुंधति रेड्डी और अमनजोत कौर को भी टीम में शामिल किया गया हैं। चयनकर्ताओं ने चोटिल रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और तेज गें. दबाज तीतास साधु के नाम पर विचार नहीं किया गया। 21 वर्षीय का काशवी गौतम इस साल वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक रहीं। उन्होंने अपने नौ मैचों में 11 विकेट लिए। वहीं बीस वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर चरनी ने डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए सिर्फ दो मैच खेले और चार विकेट चटकाए। इस बीच, बाएं हाथ की स्पिनर उपाध्याय पिछले साल दिसंबर में आयोजित सीनियर महिला एकदिवसीय ट्रॉफी में तीसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं। उन्होंने



भारतीय टीम का फाइल फोटो

तब नौ पारियों में 3-48 की इकॉनमी रेट और 15-44 की औसत से 18 विकेट चटकाए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। उनकी टीम मध्य प्रदेश ने ट्रॉफी जीती। इस वर्ष भारत में सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व. कप को ध्यान में रखते हुए यह श्रृंखला तीनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है। त्रिकोणीय सीरीज की तीसरी टीम दक्षिण अफीका है। सीरीज के सभी मैच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जायेंगे। पहला मुकबाला 27 अप्रैल को भारत और श्रीलंका के बीच होगा। 19 अप्रैल को भारतीय टीम दक्षिण अफीका से भिड़ेगी। दो मई को श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका, चार मई को श्रीलंका भारत, सात मई को भारत दक्षिण अफ्रीका और नौ मई को श्रीलंका और दक्षिण अफीका के बीच मैच खेला जायेगा। सीरीज का फाइनल 11 मई का होगा। एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम में हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, तेजल हसबनिस, श्री चरणी और शुचि उपाध्याय।

## कलिंगा सुपर कप 2025 के कार्यक्रम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** कलिंगा सुपर कप 2025 ओडिशा के भुवनेश्वर में 20 अप्रैल से 3 मई तक खेला जायेगा जिसमें 16 क्लब (इंडियन सुपर लीग से 13 और आई-लीग से तीन) भाग लेंगे। नॉक आउट प्रारूप में खेले जाने टूर्नामेंट के सभी मैच कलिंगा स्टेडियम में होंगे।

आईएसएल टीमों को 2024-25 सत्र में उनकी अंतिम लीग स्थिति के अनुसार राउंड ऑफ 16 के लिए वरीयता दी गई थी। तीन आई-लीग टीमों चर्चिल ब्रदर्स एफसी गोवा, इंटर काशी और गोकुलम केरल एफसी ने अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है। उनका सामना शीर्ष तीन आईएसएल टीमों (मोहन बागान सुपर जायंट, एफसी गोवा और बेंगलुरु एफसी) से होगा। इन तीनों मुकाबलों का फैसला 9 अप्रैल को ड्रॉ से होगा। राउंड ऑफ 16 20, 21, 23 और 24 अप्रैल को, क्वार्टर फाइनल 26 और 27 अप्रैल को,

**■ कलिंगा सुपर कप 20 अप्रैल से 3 मई तक खेला जाएगा**

सेमीफाइनल 30 अप्रैल को और फाइनल 3 मई को खेला जाएगा। यदि राउंड ऑफ 16, क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में 90 मिनट के अंत में स्कोर बराबर रहता है, तो कोई अतिरिक्त समय नहीं होगा और विजेता का निर्धारण पेनल्टी शूट-आउट से होगा।

यदि फाइनल में 90 मिनट के अंत में स्कोर बराबर रहता है, तो अतिरिक्त समय होगा, जिसके बाद चैंपियन का निर्धारण करने के लिए पेनल्टी शूट-आउट होगा। कलिंगा सुपर कप 2025 के विजेता 2025-26 एएफसी चैंपियंस लीग टू प्रारंभिक दौर के लिए क्वालीफाई करेंगे। ईस्ट बंगाल एफसी गत चैंपियन है, जिसने भुवनेश्वर में 2024 के फाइनल में ओडिशा एफसी को हराया था।

## हार्दिक पांड्या के विस्फोट के बावजूद मुम्बई को मिली हार



**मुबंई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुबंई इंडियन (एमआई) को 12 रन से हरा दिया। बेंगुलुरु दस साल बाद वानखेड़े स्टेडियम में मुबंई को हराने में सफल रहा है।

हार्दिक पांड्या (42 रन 15 गेंद) और तिलक वर्मा (56) के क्रीज पर रहते मुकाबला मुबंई के पाले में जाता दिख रहा था मगर 18वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार की ऑफ स्टंप के बाहर जाती धीमी गति की गेंद को कट करने के प्रयास में तिलक डीप कवर में कैच दे बैठे जबकि अगले ही ओवर में पांड्या को जोश हेजलवुड ने अपना शिकार बना लिया। दोनो के आउट होने के बाद मुकाबला एक बार फिर बेंगलुरु के पाले में चला गया। आरसीबी के दिये गए 222 रन के जवाब में मुबंई इंडियंस निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 209 रन ही बना सकी। लक्ष्य पीछा करने उतरी मुबंई की शुरुआत औसत रही। 12वें ओवर में सूर्य कुमार यादव (28) के आउट होने के बाद पांड्या ने क्रीज पर आते ही चौके छक्कों की बरसात कर दी। उन्होने हेजलवुड के ओवर में दो चौके और दो छक्के जड़ कर मैच को रोमांच से भर दिया जबकि अगले ओवर में उन्होने अपने भाई कृणाल पांड्या पर भी रहम नहीं किया और उनकी भी जमकर धुनायी की। दूसरे छोर पर तिलक वर्मा भी बेंगलुरु के गेंदबाजो पर कहर बरपाते रहे और दोनो ने 89 रन की पार्टनरशिप कर डाली। इससे पहले विराट कोहली (67)-देवदत्त पड्डिक्कल (37) के बीच 91 रन और कप्तान रजत पाटीदार (62) -जितेश शर्मा (40 नाबाद) के बीच 69 रन की विस्फोटक साझीदारियों की बदौलत आरसीबी ने मुबंई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ पांच विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा कर लिया।

## लखनऊ ने कोलकाता को चार रन से हराया

**■ पूरन ने नाबाद 87 रन और मिचेल मार्श ने 81 रनों की पारी खेली**

**कोलकाता, वार्ता।** निकोलस पूरन (नाबाद 87), मिचेल मार्श (81) की अर्धशतकीय और एडन मारक्रम (47) की तूफानी पारियों के बाद गेंदबाजों शानदार प्रदर्शन की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 21वें मुक. ाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को चार रन से हरा दिया। लखनऊ सुपर जायंट्स की यह इस सत्र की तीसरी जीत हैं। 239 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 37 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक (15) का विकेट गवां दिया। क्विंटन डी कॉक को तीसरे ओवर में आकाश दीप ने पगबाधा आउट किया। इसके



बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सुनील नारायण के साथ पारी को संभाला। सातवें ओवर में दिग्वेश राठी ने सुनील नारायण (30) को एडन मारक्रम के हाथों कैच आउट करा कोलकाता को दूसरा झटका दिया। 13वें ओवर में शार्दुल ठाकुर ने अजिंक्य रहाणे को निकोलस पूरन के हाथों कैच आउट कराकर लखनऊ को तीसरी सफलता दिलाई। अजिंक्य रहाणे ने 35 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। कोलकाता का चौथा विकेट रमनदीप सिंह (एक) के रूप में गिरा। उन्हें रवि बिश्नोई ने आउट किया। 15वें ओवर में आवेश खान ने अंगकृष रघुवंशी (पांच) को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच आउटकरा दिया।16वें ओवर में आकाश दीप ने वेंकटेश अय्यर को मारक्रम के हाथों कैच आउटकरा कर पवेलियन भेज दिया। वेंकटेश अय्यर ने 29 गेंदों में एक छक्के और छह चौकों की मदद से (45) रन बनाए। 17वें ओवर में शार्दुल ठाकुर ने आंद्रे रसल (सात) को आउट किया। रिंकू सिंह ने अंतिम ओवरों में तूफानी बल्लेबाजी और अपनी टीम को जीत की दहलीज तक, तो ले गए, लेकिन जीत नहीं दिला पाए। रिंकू सिंह ने 15 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 38) रनों की पारी खेली। हर्षित राणा (10) रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 234 रन ही बना सकी और चार रन से मुकाबला हार गई।

## शासन ने मो. मीशम को हज कमेटी अधिशासी अधिकारी पद से हटाया

# लोकायुक्त अनुसचिव मौ. आरिफ को सौंपी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** शासन ने लोकायुक्त के अनुसचिव मोहम्मद आरिफ को उत्तराखंड राज्य हज समिति का अधिशासी अधिकारी नियुक्त किया हैं।मोहम्मद आरिफ ने मंगलवार को हज समिति के अधिशासी अधिकारी का कार्यभार ग्रहण किया।इस दौरान हज समिति स्टाफ ने उनका बुके देकर स्वागत किया।



उत्तराखंड राज्य हज समिति के हज अधिकारी मोहम्मद अहसान ने जानकारी देते हुए बताया कि हज समिति के नवनियुक्त हज समिति के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने हज समिति का पदभार ग्रहण किया गया हैं।इस दौरान उन्होंने हज यात्रा 2025 की तैयारियों का जायजा लिया हैं।और समस्त स्टाफ को निर्देशित किया गया कि हज का कार्य बड़ा महत्वपूर्ण व समयबद्ध एवं समपर्ण का कार्य हैं।जिसको समय से किया जाना आवश्यक हैं।इस दौरान अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि उत्तराखंड प्रदेश से हज यात्रा पर जाने वाले आवेदकों को बेहतर से बेहतर सुविधा दिए जाने के लिए इस साल हज यात्रियों की फ्लाईट और रिहाईश एक साथ कराए जाने का प्रयास किया जा रहा हैं। हज अधिकारी मोहम्मद अहसान ने हज अधिकारी को बताया कि संभावित अप्रैल के अंतिम माह तक उत्तराखंड प्रदेश के हज यात्रियों का टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न कर लिया जाएगा।जिसके लिए तैयारियां गतिमान हैं।उन्होंने कहा कि प्रदेश से हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को मुबारकबाद पेश करते हुए कहा कि हज यात्रा 2025 का संचालन पुर्ण रूप से सफल हो इसके लिए अथक प्रयास किए जाएंगे। इससे पहले उन्होंने दरगाह साबिर पाक में चादर और फूल पेश कर अमनो अमान की दुआ की।इस मौके पर रफत हुसैन, अब्दुल कादिर,इजहार,शाहिद ,अरशद,नासिर,गुलशन, अमजद अली, अजीम रजा, अब्दुल सलाम,अजीम आदि मौजूद रहें।

**❖ हज कमेटी कलिपर पहुंचकर संभाला कार्यभार, कर्मचारियों ने गर्मजोशी से किया इस्तकबाल**

## कार का शीशा तोड़कर नकदी चोरी

**रुड़की।** विवाह समारोह में कार्यक्रम स्थल के बाहर कार से रविवार रात को रुपयों से भरा बैग चोरी कर लिया। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के बीएसएम चौक निवासी भूपेन्द्र खन्ना ने तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री की बारात पंजाब से आयी थी। घर जाने से पहले समारोह के बाद रुपयों से भरा हुआ बैग कार्यक्रम स्थल के बाहर खड़ी कार में रख दिया। कुछ समय बाद ही चोरों ने पीछे का शीशा तोड़कर बैंग चोरी कर लिया। बैंग में करीब तीन लाख रुपये बताए गए हैं। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। सिविल लाइन के एसएसआई विनोद थपलियाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले में जांच की जा रही है।

## स्कूटी सवार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कलियर।** शनिवार को कावंड़ पटरी पर सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक के मामले में पुलिस ने दो व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

नगर पंचायत पिरान कलियर निवासी इरफान ने तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र सरफराज शनिवार देर शाम को कावंड़ पटरी पर स्थित रोज गार्डन से अपने घर आ रहा था। तभी स्कूटी सवार ने पीछे से उसे टक्कर मार दी थी। जिससे वह गम्भीर घायल हो गया। उसका इलाज हायर सेंटर में चल रहा हैं। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई हैं। घायल युवक के पिता ने स्कूटी सवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैं। बताया कि तहरीर के आधार पर अक्षित चौधरी, और रोहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कोतवाली गंगनहर पुलिस ने किया अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

# चोरी की 16 बाइकों के साथ तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भांडाफोड़ करते हुए वाहन चोरी गिरोह के 03 सदस्य गिरफ्तार किए हैं जिनके पास से बुलेट, स्कूटी सहित चोरी के कुल 16 दोपहिया वाहन व 02 दोपहिया के पार्ट्स बरामद किए हैं। आरोपी नशे का शौक और पूरा करने के लिए चोरी वाहन को मॉडिफाई कर बेचकर मुनाफा कमाते थे।

कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के निर्देश पर पूरे जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनों की चौकिंग के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली गंगनहर पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए मुखबिर की सूचना पर लाठरदेवा पनियाला तिराहे के पास आम के बाग से 02 सन्दिग्ध व्यक्तियों मोनू व सचिन को बिना नम्बर की 02 मोटर साईकिल के साथ पकडा। पूछताछ में दोनों संदिग्ध ने स्वीकार किया कि उक्त मोटर साईकिलें चोरी की हैं। सख्ती से पूछताछ करने पर संदिग्ध सचिन ने बताया कि वह और मोनू बचपन के दोस्त हैं। मोनू के जरिये ही उसकी मुलाकात गौरव से



हुई थी। इसके बाद इनके ग्रुप में अंकित नाम के युवक की इंट्री हुई। सचिन और मोनू नशे के आदि होने के कारण इन जरूरतो को पूरा करने के लिये अपने साथियों संग मोटरसाइकिल चोरी किया करते थे। इस अन्तर्राज्यीय गिरोह ने हरिद्वार, रूडकी, मंगलौर, सहारनपुर व हरियाणा से मोटरसाईकिले चोरी की थी। ये वाहन चोरी गैंग भीडभाड़ वाले इलाकों व सुनसान इलाको में रेकी करते हुये मोटरसाईकल चोरी किया करते हैं। एक सदस्य मोटरसाईकिल चोरी करता था तथा बाकी वाहन स्वामी तथा अन्य लोगों पर नजर रखते थे। संदिग्ध ने मई 2024 में बुरिया गुरूद्वारा यमुनागर व हनुमान कालोनी बीएसएम चौक से दो स्पलेण्डर बाईक, मार्च 2024 में पनियाला चाँदपुर से हीरो स्पलैण्डर बाइक, मण्डी सहारनपुर से एक हीरो सुपर स्पलैण्डर रामनगर कोर्ट के पास से एक हीरो स्पलैण्डर,मच्छी मौहल्ला चौक के पास से एक बुलेट, मालवीय चौक के पास से एक स्पलेण्डर प्लस, सोनाली पार्क से हीरो स्पलैण्डर प्लस, नेहरू स्टेडियम से आगे नहर पटरी के पास सें एक हीरो स्पलैण्डर प्लस, नेहरू राष्ट्रीय इण्टर कालेज मंगलौर से एक सीडी डीलक्स, सिकन्दरपुर भगवानपुर क्षेत्र से एक हयाते मोटरसाईकिल चोरी करना स्वीकार किया। अंकित बाइक का लॉक खोलने में माहिर है व उसको मोडिफाई कर आगे बेचता है। गिरोह ने विभिन्न स्थानों से चुराए गए दोपहिया वाहनों को शक्ति विहार कालोनी के पीछे नहर पटरी के पास एक खण्डर में छिपाया गया था। संदिग्धों की निशांदेही पर पुलिस टीम ने शक्ति विहार कालोनी के पीछे नहर पटरी के पास खण्डर से दर्ज मुकदमों से संबंधित 06 मोटर साईकिलों सहित कुल 13 मोटर साइकिल व 02 मोटर साईकिल के पार्टस बरामद किये। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश करते हुए पुलिस टीम ने चौकिंग के दौरान गिरोह के सदस्य गौरव को पनियाला रोड़ से बिना नम्बर प्लेट की चोरी की मोटर साईकिल स्प्लेन्डर रंग के साथ हिरासत में लिया। पूछताछ जारी है। पकड़े गए आरोपियों के नाम मोनू पुत्र राजकुमार निवासी टोडा कल्याणपुर, कोतवाली रूड़की, हरिद्वार उम्र 25 वर्ष,सचिन पुत्र श्याम सिंह सैनी निवासी उपरोक्त, उम्र 24 वर्ष और गौरव पुत्र विजयपाल निवासी गोधना थाना पुरकाजी जनपद मुज्जफरनगर हाल निवासी सलेमपुर महदूद थाना सिडकुल हरिद्वार बताए गए हैं। जबकि अंकित पुत्र धूपनारायण सिंह नि0 सोसायटी रोड़ केशनगर थाना कोतवाली लक्सर हरिद्वार फरार है। कप्तान ने पुलिस टीम को 5 हजार इनाम देने की घोषणा की। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह,वरिष्ठ उप निरीक्षक आनन्द मेहरा,उप निरीक्षक प्रवीण बिष्ट,अपर उप निरीक्षक मनीष कवि, आशीष कुमार,कांस्टेबल इसरार, लखपत सिंह, अशोक तिवारी, नितिन, भूपेन्द्र, महिपाल सीआईयू और होमगार्ड सुबोध शामिल रहे।

## ताईक्वांडो चैंपियनशिप के होनहारों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की प्रथम नवयुवक ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप का समापन हो गया है। प्रदेश की अलग-अलग जगह से आई 15 टीमों ने लिया हिस्सा। बीती 6 अप्रैल को आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में आयोजित फर्स्ट नवयुवा के कप ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ जिसमें प्रदेश की 15 टीमों के 250 बच्चों ने प्रतिभा किया। कार्यक्रम में रुड़की शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों को बुलाया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर रविंद्र सहित अन्य अतिथियो ने सभी बच्चों का उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता में कई बच्चों ने अपने करतब दिखाये। प्रथम वाद द्वितीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में लक्सर जग्दंमनी एकेडमी के 13 बच्चो द्वारा हिस्सा लिया गया जिसमें दिव्यम, विनायक,साईकृष्णा,देवानसी पवार,जिज्ञाषा,आदित्य कुमार ने गोल्ड मैडल, और अक्षित सिंह, प्रज्ञान गर्ग,आशुतोष सुयाल, अदनान, अंशिका शर्मा, ने सिल्वर मेडल, व प्रिंयाशी शर्मा ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। जिन्हें मोइट देकर सम्मानित किया गया। टीम कोच कृति व टीम मैनेजर की भूमिका सलोनी नेगी ने निभाई। तो वहीं प्रबंधक कमेटी में मन्नू सुनकर, विवेक प्रसाद मेघा, एग्जीक्यूटिव मेंबर में अलीशा चौधरी ने प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग दिया।

# बीएसएम पीजी कॉलेज में एंटी ड्रग सेल ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम (पीजी) कॉलेज, रुड़की में एंटी ड्रग सेल समिति के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य नशे से मुक्ति अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को जागरूक करना था। इसके तहत सभी छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर व्यसन मुक्ति का संदेश दिया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त पशु चिकित्सा अधिकारी एवं कृषि विभाग के प्रोफेसर संतोष कुमार महाविद्यालय प्रांगण में मानव श्रृंखला में शामिल हुए। उन्होंने मानव श्रृंखला में शामिल शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने समाज को नशा मुक्त करने में हर संभव योगदान का संकल्प दुहराया है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नौजवानों में जो नशे की लत काफी तेजी से बढ़ रही है जिससे समाज में आए दिन वाद-विवाद एवं घटना हो रही है उसी को रोकने को लेकर महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान का आगाज किया गया। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी हानिकारक बुराई है जिससे आए दिन पिता पुत्र , पति- पत्नी एवं अपने रिश्तेदारों को नशे की हालत में बेतुकी बात एवं मारपीट लड़ाई झगड़ा उत्पन्न करती है जिससे समाज के छोटे-छोटे बच्चों में भी नशे की लत देखने को मिल रही है। आए दिन रोड एक्सीडेंट एवं अन्य तरह की घटनाएं नशे की हालत में देखने को मिल रही है जिससे हानि के अलावा कुछ नहीं मिलता है। अत:



उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से नशे से परहेज होने की गुहार लगाई और कहां कि वे नशे से बिल्कुल मुक्त हो जाए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की डॉक्टर शिखा जैन ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणाम बताकर उन्हें प्रेरित करते हुए कहा कि नशा मुक्ति अभियान से अधिक से अधिक लोग जुड़े ताकि नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके। नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य न केवल जनसाधारण को नशे के दुष्प्रभावो के बारे में जागृत करना है, बल्कि नशे के खिलाफ जन आंदोलन का रूप देना है ताकि नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़ कर अपना योगदान दे सके। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को बताया कि हमें हमेशा नशे से दूर रहना चाहिए और समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलानी चाहिए। एंटी ड्रग सेल की नोडल अधिकारी डॉक्टर अलका तोमर ने विद्यार्थियों को मोटिवेट करते हुए कहा कि नशे की लत एक व्यक्ति ही नहीं समाज और राष्ट्र के लिए घातक है जो कि चिंगारी के रूप में शुरू होकर एक विनाशकारी ज्वाला में परिवर्तित हो जाता है। नशा आपके जीवन के लिए हानिकारक है और समाज के लिए भी हानिकारक है। नशा न तो स्वास्थ्य के लिए सुख देने वाला है और ने ही आपको पवित्र करने वाला है और ना ही इससे धन संचय होगा। नशे से धन का नाश और स्वास्थ्य का नाश होता है। अत: आप सभी व्यसन से मुक्त हो जिससे समाज का भला हो सके। राजनीति विभाग के डॉक्टर राजेश पालीवाल ने छात्र-छात्राओं को बताया कि जो लोग इस मानव शरीर का महत्व समझते हैं, उन्हें किसी भी हालत में नशीली चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे मानव का अनमोल जीवन पशु के समान हो जाता है। हर एक सांस के महत्व को समझते हुए लोगों को यह समझना चाहिए कि सही रास्ते पर चलने में कभी देरी नहीं होती। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक गण डॉक्टर रीमा सिन्हा, डॉक्टर सुनीता कुमारी, डॉक्टर सीमा गुप्ता, डॉक्टर अर्चना त्यागी, डॉक्टर सुरजीत सिंह, डॉक्टर संदीप पोसवाल, डॉक्टर संजय धीमान, श्री विकास शर्मा, श्रीमती रीनू शर्मा, रेशु चौहान, डॉक्टर मृदुला कश्यप, डॉक्टर सुष्मिता पंत, डॉक्टर इंदु अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सृष्टि,अंजलि, निकिता,कोमल, तन्वी, वंश प्रजापति ,प्रभाकर बडोला ,विशांत, रजत अभिमन्यु आदि छात्र-छात्राओं का योगदान रहा एवं सागर सैनी, हार्दिक, रोहन ,मनीषा, साक्षी, अलका, प्रभाकर बडोला आदि छात्राएं उपस्थित रहे।

## आजाद नगर में तारकोल सड़क निर्माण कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आज नगर विधायक प्रदीप बत्रा के द्वारा आजाद नगर में बी.एम.एस.डी.बी.सी द्वारा तारकोल सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद यजुर प्रजापति,संजय प्रजापति,प्रेम रावत एवं मौजूद लोगों ने विधायक प्रदीप बत्रा का आभार व्यक्त किया। आपको बता दें के०एल०डी०ए०वी० कॉलेज से मकतुलपुरी तक, रामनगर से अलाउदीन लोहार चौराहा तक, भागीरथी कुंज, गणपति विहार की आंतरिक, आजाद नगर से पनियाला रोड तक, काशीपुरी चौराहे से विश्वकर्मा चौराहे तक, विशाल मेगा मार्ट से पी०डब्लू०डी० होते हुए खंजरपुर तक एवं टैंक चौक से स्टेट बैंक रोड़ तक बी०एम०एस०डी०बी०सी० द्वारा निर्माण कार्य का कराया जा चुका है।इस अवसर पर विधायक बत्रा ने अधिकारियो को गुणवत्ता पूर्वक निर्माण कार्य एवं शीघ्र उक्त निर्माण कार्यो को सम्पन्न करने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं जनता के द्वारा उपरोक्त कार्य के लिए धन्यवाद दिया, जिससे वहा निवासरत एवं आने जाने वाले व्यक्ति कों हो रही परेशानियों से निजात मिलेगी। इस अवसर पर नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा की जनहित के कार्यों को प्राथमिकता पर रखा जाएगा और जनहित के कार्यों में लगातार तेजी लायी जाएगी।नगर विधायक बत्रा ने कहा की उन्होंने अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था।

## मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना प्रतियोगिता हुई संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** नारसन ब्लॉक के न्याय पंचायत स्तर की माननीय मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना वर्ष 2025 -26 की प्रतियोगिता ब्लाक खंड शिक्षा अधिकारी मेराज अहमद, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कामेश्वर उनियाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जे बी आर्य एवं ब्लॉक खेल समन्वयक पवन राना के संरक्षण में 7 अप्रैल 2025 से 8 अप्रैल 2025 तक आयोजित हुई।

जानकारी के अनुसार इस प्रतियोगिता में 8 वर्ष 14 वर्ष तक के बालक बालिकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मेडिसिन बॉल, 6 ' 10 मी, शटल रन, 600 मी रन, 30 मी फ्लाइंग स्टार्ट, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, फॉरवर्ड बेंड एंड रीच बैटरी शारीरिक टेस्ट सम्मिलित थे। ब्लॉक खेल समन्वयक नारसन पवन राणा ने बताया की न्याय पंचायत स्तर पर चयनित बालक एवं बालिकाएं ब्लॉक स्तर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में नोडल अधिकारी चंद्रपाल सिंह , भरत सिंह मलिक, संजय कुमार आर्य, जितेंद्र पाल सिंह राठी, और व्रत चौधरी, सरताज अहमद, चित्रा सिंह चौकियाल, प्रकाश चंद्र कुल्हासरी सी आर सी विवेक राठी, मासूम अली,



ललित कुमार, रणवीर सिंह, ऋषि पाल, प्रदीप बर्मन, कल सिंह राठौर , अर्जुन सिंह सैनी, व्यायाम शिक्षक, प्रशांत राठी, सतीश कुमार, आलोक द्विवेदी, अरविंद कुमार, सुमित, प्रीति सैनी, सोनिया सैनी, दिनेश बड़वाल, सौरभ पवार, ज्ञानेश्वर, केशव, संजीव कुमार,राजीव चौधरी, अरुण खरे, मनीष कुमार, विनय कुमार, आकाश कुमार त्यागी आदि ने उपस्थित होकर अपना अमूल्य सहयोग दिया।

## गंगनहर पुलिस ने दो किशोरों को तमंचे के साथ दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा 02 विधि विवादित किशोरों को एक अदद तमंचा मय जिन्दा कार0 के साथ धर दबोचे है। जिनके विरूध्द अभियोग पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

जानकारी के अनुसार जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनपद में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता अपराधिकयों/संदिग्ध व्यक्तियों/असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। महोदय के आदेश के अनुपालन में श्रीमान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा अलग-अलग पुलिस टीम का गठन करने त्वरित कार्यवाही हेतु क्षेत्र में रवाना किये गये। पुलिस टीम द्वारा शान्ति व्यवस्था ड्यूटी, चौकिंग संदिग्ध वाहन / व्यक्ति के दौरान मुखबिर की सूचना पर 02 विधि का उल्लंघन करने वाले किशोरो को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 जिंदा कारतूस के साथ हिरासत पुलिस लिया गया। जिनके विरूध्द थाना हाजा पर अभियोग पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। आरोपी किशोरों से बरामदगी में एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर02 जिंदा कारतूस किया है। पुलिस टीम का विवरण'1-अ0उ0नि0 आशीष कुमार 2-कां0 पवन नेगी 3- का0 अर्जुन शामिल रहे।

## आर्य समाज मंदिर लक्सर के 90वें वार्षिकोत्सव में लक्सर विधायक हाजी शहजाद को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** आर्य समाज मंदिर के 90 वार्षिकोत्सव के द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद रहे, अति विशिष्ट अतिथि आरबीएस शुगर मिल लक्सर के महाप्रबंधक एसपी सिंह एवं नगर पालिका परिषद लक्सर के अध्यक्ष संजीव चौधरी उर्फ नीटू, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर यशपाल अग्रवाल एवं समाजसेवी घनश्याम गुप्ता ने शिरकत की प्रसिद्ध वैदिक विद्वान आचार्य अनुज शास्त्री ने अपने उपदेशों के माध्यम से बताया कि आर्य समाज ने किस प्रकार स्वतंत्रता के आंदोलन में अपना योगदान दिया व पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, महात्मा हंसराज ,गुरुदत्त विद्यार्थी, पंडित लेख राम, अशफाक उल्ला खान जैसे स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी में अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। पंडित ऋषिपाल पथिक जी ने अपने भजनों के माध्यम से बताया कि आर्य समाज ने समाज को नशे से मुक्त करने स्त्री शिक्षा पर बल देने में छुआछूत मिटाने के लिए कितना महान कार्य देश में किया है भजन का देशमुख रमेश चंद स्नेही पंडित सतीश सुमन युवा भजन अंशुल आर्य ने भी अपने भजनों के माध्यम से आर्य समाज कादेशमेंयोगदानप्रस्तुतकियावार्षिकोत्सव के द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में समाजसेवी आदेश यादव,



राजवीर भाटी ,दिनेश चौहान, मास्टर ईलम चंद गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, रमेश चंद धीमान, रामकुमार चौधरी, सेवाराम सिंघल, सौरभ वर्धनसिंघल,रामसिंहवाल्मीकि,राकेश त्यागी, लक्ष्य अग्रवाल, विनय सिंघल, विजय ढल, सुरेश आर्य,बीरबल आर्य, सुखपाल आर्य, राजेश कुमार,रामपाल गुप्ता, राजेश जंडवाणी, अरुण धीमान,हरी भारद्वाज, सुनीता वर्मा, ममता गर्ग, मोनिका कश्यप ,सारिका कश्यप, ममता उपाध्याय, विमल देवी आदि आर्य बंधु ,मातृशक्ति उपस्थित रहे।

## मुठभेड़ में घायल फरार बदमाश को पुलिस ने सात घंटे में फिर किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की। शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल अस्पताल से फरार हुए बदमाश को पुलिस ने सात घंटे के भीतर फिर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की तलाश में एसएसपी के आदेश पर जिले भर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया था।

जानकारी के अनुसार सिविल अस्पताल से फरार हुए बदमाश को पुलिस ने सात घंटे के भीतर फिर से गिरफ्तार कर लिया। सोमवार रात कोतवाली भगवानपुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान अंशुल पुत्र प्रवीण निवासी हरचंदपुर थाना मंगलौर को गिरफ्तार किया था। आरोपी पुलिस की गोली लगने के कारण घायल हो गया था। उक्त बदमाश को उपचार के लिए संयुक्त राज्य चिकित्सालय रुड़की में भर्ती किया गया था। जो आज सुबह को टॉयलेट जाने के बहाने वाशरूम की खिड़की तोड़ कर फरार हो गया था। घटना के संबंध में आरोपी के खिलाफ अंशुल सैनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएसपी हरिद्वार के आदेश पर




फरार अभियुक्त की तलाश हेतु तत्काल टीमें गठित कर जिले भर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा लगातार आरोपी की सुरागरसी पतारसी कर पीछा करते हुए घटना के 07 घंटे के भीतर अभियुक्त को थाना गंगनहर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

# सम्पादकीय

बुधवार, 9 अप्रैल 2025

## क्यों पिछड़ रही कांग्रेस

गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन हो रहा है। जो 8 से 9 अप्रैल तक चलेगा। मंगलवार को पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक चार घंटे चली। मीटिंग के बाद कार्यसमिति के सभी सदस्यों को पटेल लाइफ नाम की पुस्तक दी गई। कांग्रेस को अब लगा कि वह अगले चुनाव में अपना अस्तित्व बरकरार रख सकती है। आज इन्हें सरदार वल्लभाई पटेल याद आ रहे है। अगर पार्टी का प्रदर्शन गिरा, तो गांधी परिवार पर भी सवाल उठेंगे। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी के सामने कांग्रेस कहां पिछड़ रही है और विपक्षी दलों के बीच ग्रैंड ओल्ड पार्टी की पोजीशन क्या है। आज अधिवेशन में 158 सदस्य मौजूद थे और सरदार पटेल पर विशेष चर्चा हुई और प्रस्ताव पास हुआ। गुजरात में अधिवेशन होना ही विशेष है। सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर बैठक हो रही है। पटेल और जवाहरलाल नेहरु आधुनिक भारत के निर्माता थे। इन दोनों के बीच कोई रिश्ता नहीं होने का दावा करने वाले झूठ बोल रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस को इस बात पर भी जोर देना होगा कि तराजू के दोनों पलड़ों का आकलन किया जाए। किस तरफ क्या है और क्या नहीं है? लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की ताकत और कमजोरियां क्या रही हैं, इन सब बातों पर भी मंथन करना जरूरी है। आज देश में जिस तरह नफरत फैल रही है, वहीं कांग्रेस इसे खत्म करने की कोशिश कर रही है। उसे लोगों के बीच जाना होगा और अपने एजेंडे तथा पिछले किए गए कामों को बताना होगा, ताकि लोग उसमें विश्वास कर सकें। क्योंकि निकाय से लेकर लोकसभा तक भाजपा हर चुनाव पूरी गंभीरता और ताकत से लड़ती है। पन्ना प्रमुख' और 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' जैसे नए कॉन्सेप्ट से बीजेपी ने भारत में चुनावी राजनीति को नई दिशा दी है। आज के समय में भी कांग्रेस ही असल मायने में अखिल भारतीय पार्टी है। चौतरफा निराशा और निगेटिव खबरों के बावजूद, पार्टी की तीन राज्यों में सरकारें हैं। कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का जलवा बरकरार है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 19 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले थे। यह अकेली विपक्षी पार्टी थी जिसे डबल डिजिट में वोट मिले थे। ऐसे में पिछड़ने के बाद भी कांग्रेस दूसरे विपक्षी दलों से आगे है। राहुल की पहले भारत जोड़ो यात्रा, फिर भारत जोड़ो न्याय यात्रा... लोग कह रहे हैं कि इंडियन पॉलिटकल लीग में पार्टी अब गंभीरता दिखा रही है। हालांकि राहुल गांधी की इन यात्राओं का चुनाव में कितना असर दिखेगा, यह कहा नहीं जा सकता है। पिछले डेढ़ साल से राहुल लगातार घूमते रहे हैं। रोडशो किया, ट्रक में घूमे, लोगों से मिले, बातें की। इससे उनकी इमेज भी सुधरी है। राहुल गांधी बीजेपी-आरएसएस को खतरा बताते रहे हैं, लेकिन अब उन्हें और उनकी पार्टी को नए नारों की जरूरत है, जिससे पीएम मोदी और भाजपा को चुनौती दी जा सके। ज्योतिरादित्य सिंधिया से लेकर मिलिंद देवड़ा तक राहुल गांधी के कई पुराने साथी एक-एक कर 10 साल में बिछड़ गए। आज के कई मुख्यमंत्री पहले कांग्रेसी हुआ करते थे। कांग्रेस छोड़कर पहले भी नेता गए हैं, लेकिन राहुल की लीडरशिप में यह ज्यादा हुआ। वास्तव में आज कांग्रेस के सामने अगर कोई बड़ी चुनौती है तो उसे बूथस्तर पर एक मजबूत कार्यकर्ता की है देखने में आया भी है कि कांग्रेस के शीर्ष नेता चाहे वह राहुल गांधी हो या प्रियंका गांधी चुनावी सभाओं में भीड़ खींचने में तो सफल दिखाई देते है, लेकिन वह उसको वोट में कन्वर्ट नहीं कर पाते। आलोचक भी यही बात कहते है कि कांग्रेस भीड़ को वोटों में नहीं बदल पाती। यह कांग्रेस को सोचना होगा कि इस समस्या का समाधान ढूंढने के लिए शीर्ष मंथन के बाद किस तरह आगे बढ़ा जाए। इस समय जो अच्छी बात है वो यह है कांग्रेस के बड़े नेताओं से अब यह संकेत मिलने लगे है कि वह इस समस्या पर गंभीरता से विचार कर रहे है और अब उन्हे लगने लगा है कि कांग्रेस पार्टी को बूथस्तर पर संगठन को मजबूती देनी होगी। जाहिर है उसके लिए जरूरी है युवाओं को उसके लिए ज्यादा प्रेरित किया जाए। अहमदाबाद में होने जा रही यह बैठक भी इसी का हिस्सा है।

## अहिंसा के सामने कोई ताकत टिक नहीं सकती



सरदार वल्लभभाई पटेल और पंडित जवाहरलाल नेहरू के संबंधों को लेकर भाजपा और आरएसएस भले ही दुष्प्रचार का प्रयास कर रही है, लेकिन सच यह है कि दोनों की सोच एक थी और इसी के परिणाम स्वरूप सरदार पटेल ने आरएसएस पर बैन लगाया और दुनिया भर में कांग्रेस का नाम रोशन किया, सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़कर देश के बुनियादी मसलों से ध्यान भटकाने का आज काम हो रहा है और सीमित लोगों द्वारा देश के संसाधनों पर कब्जा करते हुए शासन को नियंत्रित करने का काम हो रहा है, गुजरात की धरती पर पैदा हुई तीन महान हस्तियों ने कांग्रेस का नाम दुनिया भर में रोशन किया है, इनमें दादा भाई नौरोजी, महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल, ये सभी हमारी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रहे, गांधी जी ने हमें अन्याय के खिलाफ सत्य और अहिंसा का हथियार दिया। ये इतना मजबूत वैचारिक हथियार है कि इसके सामने कोई ताकत टिक नहीं सकती।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**कांग्रेस अध्यक्ष**

## जंगल उजड़ते रहे और हिरण मरते रहे, पर मुकदमा किस पर चले

**सालों पहले बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान पर काले हिरण (ब्लैकबक) के शिकार का मामला दर्ज हुआ था, वह मामला आज भी अदालतों की फाइलों में जीवित है, चर्चा में है और उसके जरिये यह संदेश दिया जाता है कि कानून के सामने सभी समान हैं, लेकिन वास्तव में ऐसा है? आज जब हैदराबाद जैसे शहर के बाहर एक पूरा जंगल नष्ट कर दिया जाता है, जहां दर्जनों हिरणों की जान जाती है**



प्रियंका सौरभ

भारत में पर्यावरणीय न्याय के दोहरे मापदंड है। एक ओर अभिनेता सलमान खान पर एक हिरण के शिकार का वर्षों तक मुक़दमा चलता है, जबकि दूसरी ओर, हैदराबाद में एक पूरे जंगल को उजाड़ दिया जाता है। जिसमें दर्जनों हिरण मारे जाते हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती। क्यों व्यक्तिगत अपराधियों को कठघरे में खड़ा किया जाता है, जबकि संस्थागत अपराधों पर कानून मौन हो जाता है। साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण कानूनों की अक्षमता, मीडिया की चुप्पी और समाज की निष्क्रियता है। यह जरूरी है कि वन्यजीवों और जंगलों की रक्षा के लिए आवाज़ उठाएं और न्याय की परिभाषा को व्यापक और निष्पक्ष बनाएं।

सालों पहले बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान पर काले हिरण (ब्लैकबक) के शिकार का मामला दर्ज हुआ था। वह मामला आज भी अदालतों की फाइलों में जीवित है, चर्चा में है, और उसके जरिये यह संदेश दिया जाता है कि कानून के सामने सभी समान हैं। लेकिन क्या वास्तव में ऐसा है? आज जब हैदराबाद जैसे शहर के बाहर एक पूरा जंगल नष्ट कर दिया जाता है, जहां दर्जनों हिरणों की जान जाती है, तो न तो खबरें बनती हैं, न जांच बैठती है और न ही कोई मुकदमा चलता है। क्या कानून सिर्फ उन्हीं पर लागू होता है जो प्रसिद्ध हैं, और संस्थाएं या सरकारें इससे परे हैं?

### वन्यजीव और पर्यावरण संरक्षण कानून...

भारत में पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण के लिए कई सख्त कानून मौजूद हैं। भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत किसी भी संरक्षित जीव की हत्या, पकड़ या उसे नुकसान पहुंचाना दंडनीय अपराध है। वहीं, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा और प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए एक व्यापक कानूनी ढांचा प्रस्तुत करता है। लेकिन ये कानून कितने प्रभावी हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि उन्हें लागू करने की राजनीतिक और सामाजिक इच्छाशक्ति कितनी है।

### दोहरे मापदंडः व्यक्तियों पर सख्ती, संस्थाओं पर मौन...

सलमान खान जैसे अभिनेता के खिलाफ मामला इसलिए सुर्खियों में रहा क्योंकि वह एक प्रसिद्ध चेहरा थे। उन्हें कानूनी प्रक्रिया से गुजरना पड़ा, जेल भी जाना पड़ा भले ही बाद में जमानत मिल गई। यह दिखाने के लिए पर्याप्त था कि कानून काम कर रहा है। पर जब बात किसी कॉर्पोरेट प्रोजेक्ट, सरकारी योजना या शहरी विकास परियोजना की आती है, जो एक साथ सैकड़ों पेड़ों और दर्जनों जानवरों की बलि लेती है, तो प्रशासन मौन हो जाता है। न मुकदमा, न मीडिया ट्रायल, न जनआंदोलन।

### हैदराबाद की घटनाः जंगल की मौत, हिरणों का नरसंहार...

हैदराबाद के बाहरी इलाके में एक बड़ी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना के तहत जंगल का एक विशाल क्षेत्र साफ कर दिया गया। इस क्षेत्र में रहने वाले हिरण, नीलगाय, खरगोश और कई पक्षियों की प्राकृतिक निवास स्थली नष्ट हो गई।

सूत्रों के अनुसार, जंगल की सफाई के दौरान दर्जनों हिरण मारे गए, कुछ मशीनों की चपेट में आए, तो कुछ भोजन और पानी की कमी से मारे गए। इस पर कोई औपचारिक आंकड़ा या सरकारी रिपोर्ट नहीं आई। कारण साफ हैकृइसका जिम्मेदार कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि 'प्रोजेक्ट' था। और प्रोजेक्ट्स पर मुकदमा नहीं चलता।

### मीडिया और न्याय प्रणाली की भूमिका...

यह भी गौर करने योग्य है कि मीडिया की भूमिका भी इन दो चेहरों वाली न्याय व्यवस्था को बनाए रखने में मदद करती है। जहां एक ओर सेलेब्रिटी केस महीनों तक चौनलों पर बहस का मुद्दा बनते हैं, वहीं दूसरी ओर हैदराबाद जैसी घटनाओं की खबरें स्थानीय अख़बारों के कोनों में दब जाती हैं या पूरी तरह नज़रअंदाज़ हो जाती हैं। न्याय प्रणाली भी अक्सर ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं लेती जब तक कि कोई जनहित याचिका दायर न की जाए या कोई एनजीओ इस पर विशेष ध्यान न दे।

### हमारी भूमिकाः सवाल पूछना जरूरी है...

समाज का भी दायित्व है कि वह ऐसे दोहरे मापदंडों पर सवाल उठाए। जब एक हिरण के शिकार पर हम नाराज़ होते हैं, तो सैकड़ों जानवरों की मौत पर हम क्यों चुप हो जाते हैं। क्या जंगल सिर्फ विकास के नाम पर बलिदान चढ़ाने के लिए हैं। क्या विकास की परिभाषा में प्रकृति का विनाश अनिवार्य है। हमें इन सवालों को अपने शहर, राज्य और देश के प्रशासन से पूछना होगा।



### कानूनी समाधान और संभावनाएं

इस तरह की घटनाओं के खिलाफ राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में मामला दायर किया जा सकता है। जनहित याचिकाएं (पीआईएल) उच्च न्यायालयों और सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की जा सकती हैं। पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) की प्रक्रियाएं पारदर्शी और मजबूत की जानी चाहिएं, ताकि किसी भी परियोजना को जंगलों को नुकसान पहुंचाने से पहले कठोर जांच से गुजरना पड़े।

### जन आंदोलन और युवाओं की भागीदारी...

इतिहास गवाह है कि जब-जब जन आंदोलनों ने पर्यावरण की रक्षा के लिए आवाज़ उठाई है, तब-तब व्यवस्थाओं को झुकना पड़ा है। आज भी जरूरत है कि छात्र, युवा, पर्यावरण प्रेमी, पत्रकार और जागरूक नागरिक मिलकर इस प्रकार के जंगल विध्वंस के खिलाफ संगठित हो जाएं। सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम हो सकता है, लेकिन उससे आगे जाकर जमीन पर भी बदलाव की मांग करनी होगी।

### न्याय का पुनर्परिभाषण...

सलमान खान पर मुकदमा इसलिए नहीं गलत था क्योंकि वह अकेले दोषी थे, बल्कि इसलिए कि वह अकेले दोषी नहीं थे। असली समस्या यह है कि बाकी दोषी लोग, संस्थाएं और परियोजनाएं कभी कटघरे में नहीं खड़ी होतीं।

## हिंदू राष्ट्र संभव राजशाही कदापि नहीं...

**2008 से अब तक नेपाल में 13 सरकारें सत्तासीन हुई और सभी मेल गठबंधन से यहां गठबंधन सरकारों पर गौर करें तो लभगभ सभी दल दुश्मन का दुश्मन दोस्त के फार्मूले पर ही सत्तासीन होते रहे, अभी की नेपाली कांग्रेस और चीन समर्थक ओली की एमाले गठबंधन की सरकार भी उसी तर्ज पर है नेपाली कांग्रेस भारत का समर्थक माना जाता है**



यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल में हुई हाल की घटनाओं को राजशाही के आगाज की दृष्टि से देखा जाना मुनासिब नहीं है, हां इसे हिंदू राष्ट्र की बढ़ रही मांग माना जा सकता है। नेपाल राजा शासन के वक्त नेपाल हिंदू राष्ट्र था। वहां मुस्लिम, क्रिश्चियन आदि की आबादी इतनी भी नहीं है कि वे हिंदू राष्ट्र का विरोध करें। इस छोटी समुदाय को हिंदू राष्ट्र से कोई गिला शि. कवा भी नहीं रहा। राजशाही खत्म होने के बाद जब लोकतांत्रिक सरकार का गठन हुआ तब संविधान में नेपाल को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया। यह शासक दलों का अपना फैसला था न कि किसी ने इसकी मांग की थी।

हैरत है कि धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित होने के बाद कुछ राजनीतिक दलों को हिंदू राष्ट्र की याद आई इसमें नेपाली कांग्रेस भी शामिल है। पिछले आम चुनाव में नेपाली कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने अपने भाषणों में कहा था कि उनकी सरकार सत्ता में आई तो हिंदू राष्ट्र की पुनर्बहाली पर विचार करेगी। बहरहाल नेपाली कांग्रेस सत्ता में नहीं आई। और अभी राजा समर्थक प्रदर्शन के बीच नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशांक कोइराला ने भी हिंदू राष्ट्र के पक्ष में अपनी राय जाहिर की है। नेपाल में जब से लोकतंत्र बहाल हुआ तब से हुए अब तक चार चुनावों में किसी एक दल को पूर्ण बहुमत नहीं नसीब हुआ लिहाजा गठबंधन की सरकारें आती जाती रहीं।

लोकतांत्रिक नेपाल का यह सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। हैरत है कि वर्ष 2008 से अब तक नेपाल में 13 सरकारें सत्तासीन हुई और सभी मेल गठबंधन से। यहां गठबंधन सरकारों पर गौर करें तो लगभग सभी दल दुश्मन का दुश्मन दोस्त के फार्मूले पर ही सत्तासीन होते रहे। अभी की नेपाली कांग्रेस और चीन समर्थक ओली की एमाले गठबंधन की सरकार भी उसी तर्ज पर है। नेपाली कांग्रेस को भारत का समर्थक माना जाता है।

राजशाही समर्थक नेपाल में 1991 का संविधान फिर से लागू किए जाने, देश में संवैधानिक राजशाही दोबारा लागू करके राजशाही और संसदीय लोकतंत्र एक साथ होने की मांग कर रहे हैं। यह संभव नहीं है। सभी राजनीतिक दलों ने एक स्वर से इस मांग को अस्वीकार कर दिया है। पूर्व पीएम प्रचंड जो हाल की घटनाओं के लिए ओली सरकार को जिम्मेदार मानते हैं उन्होंने भी राजशाही की वापसी की मांग को खतरनाक माना है। प्रचंड ने तो पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र को नारायण हिटी नरसंहार की घटना का जिम्मेदार मानते हुए उक्त घटना की जांच हेतु आयोग के गठन तक की कर डाली। 2001 में नेपाल नरेश स्वर्गीय वीरेंद्र विक्रम शाह सहित संपूर्ण परिवार की उस समय हत्या कर दी गई थी जब यह शाही परिवार साप्ताहिक भोज पर इकट्ठा था। इस घटना का आरोप उनके बड़े बेटे दीपेंद्र पर लगा था। कहा गया कि नशे की हालत में उन्होंने पूरे परिवार की गोली मारी कर हत्या कर खुद को भी गोली मारी ली थी। घायल दीपेंद्र की भी दो दिन बाद मौत हो गई लिहाजा इस घटना की सच्चाई से पर्दा उठने से रह गया। प्रचंड ने ढाई दशक पूर्व की इस घटना की जांच की मांग कर नेपाल की राजनीति में न केवल हलचल मचा दी वे पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के निशाने पर आ गए।

यह एक सच्चाई है कि लोकतंत्र बहाली के बाद से गठबंधन और अस्थिर सरकारों ने जनता का कोई भला नहीं किया। जनता में आक्रोश स्वाभाविक है, उसे किसी तीसरे विकल्प की तलाश तो है लेकिन वह राजशाही नहीं हो सकता। हां इस आंदोलन को तब भारी समर्थन मिल सकता था जब स्वर्गीय वीरेंद्र विक्रम शाह जीवित होते। नेपाल राज्याभिषेक परंपरा के अनुसार उनके छोटे भाई ज्ञानेंद्र शाह राजा तो हो गए थे, लेकिन जनता में इनकी वह लोकप्रियता नहीं थी जो स्वर्गीय वीरेंद्र की थी। आज भी नेपाल में घर घर स्वर्गीय नरेश विरेंद्र और उनकी पत्नी एश्वर्य राज लक्ष्मी की तस्वीरें टंगी हुई दिख रही हैं। नेपाल में राजा को विष्णु का अवतार माना जाता है इस वजह से वे जनमानस में श्रेय होते हैं।

बेमेल गठबंधन और अस्थिर सरकारों से जनता की नाराज़गी का फायदा राजा वादी समर्थकों ने पूर्व नरेश को आगे कर उठाने की भरपूर कोशिश की। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र को भी पुनः राजसत्ता का सपना आने लगा। वे भी अपने लोगों के स्वागत समारोहों में शामिल होकर जनता का नायक बताने लगे नतीजा उनके समर्थक कुछ ज्यादा उत्साहित हो उठे। अभी कुछ रोज पहले काठमांडू में जिस तरह की अशांति हुई, उससे पूर्व नरेश के प्रति लोगों में नाराजगी ही दिखी। एक टीवी कैमरामैन सहित दो की हत्या, निर्दोषों के घरों में आगजनी और आते जाते निजी और सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ की घटना को उन अराजक तत्वों का कारनामा माना गया जो पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के समर्थन में पूरे नेपाल खासकर तराई बेल्ट से आए हुए लोग थे।

फरवरी से लेकर मार्च के अंतिम सप्ताह तक काठमांडू सहित नेपाल के विभिन्न हिस्सों में राजा वादी समर्थकों के कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं जिसमें काठमांडू का कार्यक्रम हिंसक हुआ है। राजा वादियों के समर्थन में जगह जगह भारी भीड़ तो उमड़ी लेकिन इसे पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के पक्ष में लहर या आंधी नहीं कह सकते। आखिर राजशाही के खिलाफ 1996 से 2006 तक चले जनयुद्ध में आम जनता ही भागीदार रही। हजारों आंदोलनकारियों ने अपनी जान भी दी। ऐसे में राजशाही के समर्थन में इसी जनता का पुनः उठ खड़ा होना न तो संभव है और न ही संविधान में ऐसी कोई व्यवस्था है। यहां यह भी गौर करने की बात है कि जिन भी देशों में लोकतंत्र स्थापित हुआ वहां चुनी हुई सरकार से लाख मतभेद के बावजूद राजनीतिक दलों ने लोकतंत्र को ही प्राथमिकता दी है। लोकतंत्र को मजबूती देना राजनीतिक पार्टियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। नेपाल की राजनीति में राजशाही या हिंदू राष्ट्र की मांग के बहाने जो उथल पुथल मचा है, समझा जाना चाहिए कि नेपाल की राजनीतिक पार्टियां इससे जरूर सबक ली होंगी और वे आपसी मतभेद भुलाकर जनता की भलाई और लोकतंत्र की मजबूती पर अब से जरूर ध्यान देंगी।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

## खाओ पियो स्वस्थ रहो...

**विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 150 मिनट मध्यम तीव्रता वाला व्यायाम हृदय रोगों के जोखिम को 30 प्रतिशत तक कम कर सकता है, लेकिन जब यह 'मध्यम' से 'अत्यधिक' की ओर बढ़ता है, तो स्थिति बदल सकती है**



रजनीश कपूर

व्यायाम और स्वास्थ्य का गहरा संबंध है। नियमित शारीरिक गतिविधि से हृदय मजबूत होता है, रक्तचाप नियंत्रित रहता है, और तनाव कम होता है। लेकिन क्या इस अच्छी आदत की भी कोई सीमा होती है? क्या ज्यादा व्यायाम करने से दिल की बीमारी हो सकती है। हाल के वर्षों में यह सवाल वैज्ञानिकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके साथ ही, इंटरमिटेंट फास्टिंग जैसी लोकप्रिय जीवनशैली प्रथाओं और कम उम्र के फिट लोगों में अचानक मृत्यु के मामलों ने भी दुनिया भर में चिंता बढ़ाई है। आज कल के विज्ञापन के दौर में हर रोज़ कोई न कोई नई तकनीक प्रचारित की जाती है जो आपको स्वस्थ रहने के उपाय बताती है। लेकिन क्या ऐसे शॉर्टकट उपायों से वास्तव में आपके शरीर को फ़ायदा होता है। व्यायाम हृदय के लिए वरदान है। जब हम दौड़ते हैं या साइकिल चलाते हैं, तो हृदय तेज़ी से धड़कता है, जिससे रक्त में ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, सप्ताह में 150 मिनट मध्यम तीव्रता वाला व्यायाम हृदय रोगों के जोखिम को 30 प्रतिशत तक कम कर सकता है। लेकिन जब यह 'मध्यम' से 'अत्यधिक' की ओर बढ़ता है, तो स्थिति बदल सकती है। अति व्यायाम तब होता है जब कोई व्यक्ति अपनी शारीरिक क्षमता से अधिक कसरत करता है, या बिना पर्याप्त आराम या पोषण के ऐसा करता है। लंबे समय तक उच्च तीव्रता वाला व्यायाम हृदय पर दबाव डाल सकता है। शोध बताते हैं कि मैराथन धावकों या ट्रायथलॉन एथलीटों में व्यायाम के बाद रक्त में ट्रोपो. निन का स्तर बढ़ जाता है। यह प्रोटीन हृदयाघात के संकेत के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा, 'एथलीट हार्ट सिंड्रोम' भी एक जोखिम है, जिसमें हृदय की मांसपेशियाँ मोटी हो जाती हैं और अनियमित धड़कन (एरिदमिया) की समस्या हो सकती है। कुछ मामलों में यह गंभीर हृदय रोगों का कारण बन सकता है। पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया ने इंटरमिटेंट फास्टिंग को वजन घटाने और स्वास्थ्य सुधार के लिए काफ़ी लोक. प्रिय किया है। इसमें व्यक्ति निश्चित समय तक भोजन नहीं करता, जैसे 16 घंटे उपवास और 8 घंटे खाने का समय। हालांकि इसके कुछ फायदे भी हैं, जैसे इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार। लेकिन जानकारों के अनुसार अति व्यायाम के साथ इसे जोड़ने से खतरे बढ़ सकते हैं। जब शरीर को ऊर्जा के लिए पर्याप्त भोजन नहीं मिलता और साथ ही भारी व्यायाम किया जाता है, तो हृदय पर अतिरिक्त तनाव पड़ता है। इससे इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन, कमज़ोरी, और हृदय की अनियमित धड़कन (एरिदमिया) का जोखिम बढ़ता है।



2023 में अमेरिका में एक 28 वर्षीय फिटनेस ट्रेनर की मृत्यु का मामला चर्चा में आया। वह इंटरमिटेंट फास्टिंग के साथ रोज़ाना 2 घंटे की तीव्र कार्डियो और वेटलिफ्टिंग भी करता था। पोस्टमॉर्टम में पता चला कि उसकी मृत्यु हृदय गति रुकने से हुई, जिसका कारण इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन और हृदय पर अत्यधिक दबाव था। यानी बिना संतुलन के फास्टिंग और व्यायाम खतरनाक हो सकता है।हाल के वर्षों में कम उम्र के स्वस्थ और फिट लोगों में अचानक मृत्यु के मामले बढ़े हैं। भारत में भी ऐसी घटनाएं देखी गई हैं। उदाहरण के लिए, 2022 में गुजरात में एक 19 वर्षीय युवक की जिम में वर्कआउट के दौरान मृत्यु हो गई। वह नियमित रूप से भारी वजन उठाता था और प्रोटीन सप्लीमेंट्स भी लेता था। जांच में पता चला कि उसकी मृत्यु हृदयाघात से हुई, जो संभवतः अति व्यायाम और अपर्याप्त रिकवरी के कारण था। 2024 में दिल्ली में एक 25 वर्षीय मैराथन धावक की दौड़ के बाद मृत्यु हो गई। वह इंटरमिटेंट फास्टिंग पर था और बिना पर्याप्त हाइड्रेशन के लंबी दूरी दौड़ रहा था। डॉक्टरों ने इसे 'सडन कार्डियक डेथ' का मामला बताया, जो युवा एथलीटों में दुर्लभ लेकिन संभव है। ऐसे मामलों में अक्सर अज्ञात हृदय दोष (जैसे हाइपरट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी) या अति तनाव जिम्मेदार होता है। अति व्यायाम और फास्टिंग का जोखिम हर किसी के लिए समान नहीं है। जिन लोगों का पारिवारिक इतिहास हृदय रोगों से जुड़ा है, उन्हें सावधानी बरतनी चाहिए। इसके अलावा, पेशेवर एथलीट, जो अपनी सीमाओं को बार-बार चुनौती देते हैं, और युवा जो बिना मार्गदर्शन के जिम में घंटों बिताते हैं, वे भी जोखिम में हैं। अपर्याप्त नींद, खराब आहार, और डिहाइड्रेशन इस खतरे को और बढ़ाते हैं। क्या हमें व्यायाम या फास्टिंग से डरना चाहिए? नहीं, ये दोनों ही स्वस्थ जीवन के लिए लाभकारी हैं, बशर्ते इन्हें संतुलित तरीके से अपनाया जाए। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि व्यायाम की तीव्रता और अवधि आपकी उम्र, फिटनेस स्तर, और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार होनी चाहिए। उदाहरण के लिए, 20 साल के युवा के लिए 1 घंटे की तीव्र कसरत ठीक हो सकती है, लेकिन 40 साल से ऊपर के व्यक्ति को मध्यम व्यायाम पर ध्यान देना चाहिए। इंटरमिटेंट फास्टिंग करते समय भी पोषण और हाइड्रेशन का ध्यान रखें। भारी व्यायाम से पहले और बाद में पर्याप्त पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स लें। अगर आपको थकान, चक्कर, या अनियमित धड़कन महसूस हो, तो तुरंत रुकें और डॉक्टर से संपर्क करें। 'अति सर्वत्र वर्जयेत', यह कहावत व्यायाम और फास्टिंग दोनों पर लागू होती है। अति व्यायाम और असंतुलित फास्टिंग हृदय पर दबाव डाल सकते हैं, खासकर जब इन्हें बिना तैयारी या मार्गदर्शन के किया जाए। कम उम्र के फिट लोगों की मृत्यु के मामले हमें सावधान करते हैं कि स्वास्थ्य के प्रति उत्साह अच्छा है, लेकिन उसे अंधे उत्साह में नहीं बदलना चाहिए। अपने शरीर के संकेतों को सुनें, संतुलन बनाए रखें, और ज़रूरत पड़ने पर विशेषज्ञ की सलाह लें। आखिरकार, हमारा लक्ष्य लंबा, स्वस्थ, और सुखी जीवन जीना है।

## Heatwave का अलर्ट जारीः दिखें ये 7 लक्षण तो तुरंत डॉक्टर के पास जाएं

अप्रैल के महीने में तापमान काफी इजाफा हो रहा है। धीरे-धीरे गर्मी अपना प्रचंड रूप दिखाने लगी है। ऐसे में प्डक ने हाल ही में दिल्ली समेत राजस्थान, गुजरात जैसे राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आपको सावधान रहने की जरुरत है। अब आपको तेज गर्मी में लू से कैसे बचें इस लेख में हम आपको बताएंगे।

### हीट स्ट्रोक के लक्षण

### शरीर का तापमान बढ़ना...

हीट स्ट्रोक का सबसे बड़ा लक्षण है शरीर का तापमान अचनाक 40°C या इससे अधिक भी हो जाता है। इस दौरान पसीना आना बंद हो जाता है, शरीर की ठंडा होने की प्रक्रिया फेल हो जाती है।

### सिरदर्द और चक्कर आना...

लू लगन से तेज सिरदर्द होना और पानी की कमी होने लगती है, जिससे सिरदर्द, चक्कर आना या बेहोशी जैसी समस्याएं देखने को मिलती है।

### त्वचा का गर्म या लाल होना

लू लगने के बाद स्किन लाल, ड्राई और गर्म हो जाती है। पसीना निकलना बंद हो जाए, तो यह बड़ी गंभीर समस्या हो सकती है। इसका तुरंत उपचार कराए।

### मतली और उल्टी होना...

हीट स्ट्रोक के दौरान जी मिचलना, पेट में जलन, मतली और उल्टी होने लगती है।

### मांसपेशियों में ऐंठन होना...

डिहाइड्रेशन और इलेक्ट्रोलाइट इंबैलेंस कारण मांसपेशियों में ऐंठन या हाथ-पैरों में दर्द होने लगता है।

### दिल की धड़कन तेज होना...

हीट स्ट्रोक के कारण हार्ट बीट भी तेज हो जाती है, क्योंकि यह शरीर को खुद को ठंडा करने के लिए ज्यादा मेहनत करता है।

### हीट स्ट्रोक से बचने के उपाय...

- जितना होने सके खूब पानी पिएं। दिनभर में 8-10 गिलास पानी जरुर पिएं।
- नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी और ओआरएस को घोल काफी फायदेमंद होता है।
- चाय, कॉफी और शराब से बचें, क्योंकि ये डिहाइड्रेशन बढ़ाते हैं।
- गर्मियों मे सूती और लाइट कलर के कपड़े, जो पसीना सोख लें।
- धूप में निकलते समय छाता, टोपी या सनग्लासेस का इस्तेमाल करें।
- इस दौरान दोपहर में 12 से 3 बजे तक धूप में निकलने से बचें। धूप में ज्यादा देर तक न रहें।

## अमेरिका और ब्रिटेन की अदालतों ने प्रत्यर्पण पर सुनाया अहम फैसला

# अमेरिका से तहव्वुर को झटका, ब्रिटेन से भंडारी को लेकर निराशा



**न्यूयार्क।** मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी आतंकी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद तहव्वुर को भारत लाने की राह और आसान हो गई। पाकिस्तानी मूल के 64 वर्षीय कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा फिलहाल लास एंजिल्स के मेट्रोपालिटन डिटेंशन सेंटर में बंद हैं और भारत प्रत्यर्पण रुकवाने के पैंतरे आजमा रहा है। तहव्वुर राणा ने 27 फरवरी को अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट की एसोसिएट जस्टिस और नौवें सर्किट की सर्किट जस्टिस एलेना कागन के समक्ष बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के लंबित मुकदमे पर रोक लगाने के लिए आपातकालीन आवे. दन दिया था। पिछले महीने की शुरुआत में जस्टिस कागन ने राणा के आवेदन को अस्वीकार कर दिया था। राणा ने इसके बाद जस्टिस कागन को पूर्व में संबोधित बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के लंबित रहने तक स्थगन के लिए एक नया आपातकालीन आवेदन दिया। उसने अनुरोध किया कि नया आवेदन चीफ जस्टिस राबर्ट्स के पास भेजा जाए। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक राणा के नए आवेदन को 4 अप्रैल को कोर्ट के पास भेजा गया। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में एक नोटिस के जरिये बताया गया कि अदालत ने उसके आवेदन को अस्वीकार कर दिया है। इससे पहले तहव्वुर राणा ने अपने भारत प्रत्यर्पण से बचने के लिए नई चाल चली थी। राणा ने अपने प्रत्यर्पण पर रोक लगाने के लिए अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट में आपातकालीन याचिका दायर की थी। आतंकी तहव्वुर राणा ने आवेदन में दावा किया था कि वह पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम है, इसलिए भारत में उसे प्रताड़ित किया जाएगा, लिहाजा उसके प्रत्यर्पण पर रोक लगाई जाए। रणा ने अपने खराब स्वास्थ्य का भी हवाला दिया है।

**लंदन: संजय भंडारी प्रत्यर्पण** मामले में भारत सरकार को बड़ा झटका लगा है। लंदन हाईकोर्ट ने भारत सरकार के ब्रिटेन सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करने के आवेदन को खारिज कर दिया है। रक्षा क्षेत्र के सलाहकार संजय भंडारी को नई दिल्ली लाने की कोशिश की जा रही है, ताकि उनके खिलाफ कर चोरी और धन शोधन मामला चलाया जा सके। लंदन हाईकोर्ट के जज लार्ड जस्टिस टिमोथी होलरोयड ने पिछले महीने भारत सरकार द्वारा दायर आवेदन के जवाब में रायल कोर्ट आफ जस्टिस में सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। भारत सरकार ने लंदन हाईकोर्ट में अपील दायर करते हुए कहा था कि इस मामले में जो मुद्दे हैं, वे केवल कानूनी नहीं, बल्कि सार्वजनिक महत्व के हैं। जस्टिस होलरोयड ने कहा कि अदालत को भारत सरकार की ओर से एक आवे. दन प्राप्त हुआ। इसमें सामान्य महत्व के कानूनी बिंदुओं के प्रमाणीकरण तथा सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने की अनुमति मांगी गई थी। लिखित प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद हमने पाया कि मौखिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं है। साथ ही आगे कोई और प्रस्तुतिकरण की आवश्यकता भी नहीं है। जिन दो बिंदुओं पर अपील की अनुमति मांगी गई थी, उन्हें अस्वीकार कर दिया गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि सामान्य महत्व के कानून के दोनों बिंदुओं को न्यायालय के निर्णय में शामिल नहीं किया गया। कोर्ट ने कहा कि अपील में पहला बिंदु आरोपी व्यक्ति पर लगाए गए प्रमाण के मानक से संबंधित था तथा दूसरा दिल्ली की तिहाड़ जेल की स्थितियों से जुड़ा था। इन दोनों बिंदुओं में से कोई भी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विचार किए जाने योग्य नहीं है। मामले में भारत सरकार ने दो-चरणीय प्रक्रिया में पहले चरण के रूप में आवेदन दायर किया था।



## आर्कटिक महासागर की बर्फ 47 सालों में सबसे कम

**ब्रुसेल्स।** आर्कटिक महासागर की बर्फ इस साल मार्च में 47 सालों में सबसे कम हो गई है। यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा (सी 3 एस) की ओर से मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में, समुद्री बर्फ का विस्तार औसत से छह प्रतिशत कम था, जो चौथा लगातार न्यूनतम रिकॉर्ड है व अंटार्कटिक समुद्री बर्फ का विस्तार औसत से 24 प्रतिशत कम था। रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2025 वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे गर्म माह था, जिसमें औसत सतही वायु तापमान 14.06 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो 1991-2020 के औसत से 0.65 डिग्री अधिक और पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.60 डिग्री अधिक था। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पिछले 21 महीनों में से 20वां महीना भी था, औसत वैश्विक सतही वायु तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक था। सी 3 एस की उप निदेशक सामंथा बर्गेस ने कहा कि मार्च में, यूरोप सबसे गर्म स्थान था। इस महाद्वीप में बारिश में अत्यधिक बदलाव देखा गया।

# ट्रेड वॉर की आग में कूदने को तैयार: चीन का कड़ा संदेश



**बीजिंग।** अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर ट्रेड वार की संभावना बढ़ गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि अगर चीन अमेरिका पर लगाया गया 34 प्रतिशत टैरिफ वापस नहीं लेता है तो उस पर बुधवार से 50 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लागू होगा। इसे लेकर चीन ने कहा है कि हमारे ऊपर लगे टैरिफ को और बढ़ाने की धमकी देकर अमेरिका गलती के ऊपर गलती कर रहा है।

इस धमकी से अमेरिका का ब्लैकमेलिंग करने वाला रवैया सामने आ रहा है। चीन इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। अगर अमेरिका अपने हिसाब से चलने की जिद करेगा, तो चीन भी आखिर तक लड़ेगा। चीन ने दुनिया के लिए साफ संदेश भेजा था कि अगर ट्रेड वार हुआ, तो चीन पूरी तरह तैयार है और इससे और मजबूत होकर निकलेगा। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र पीपल्स डेली ने एक टिप्पणी में लिखा कि अमेरिकी टैरिफ का असर जरूर होगा, लेकिन आसमान नहीं गिरेगा। 2017 में अमे. रिका की तरफ से पहले ट्रेड वार की शुरुआत के बाद से चाहे अमेरिका ने जितना भी दबाव डाला हो, हमने लगातार विकास किया है और आगे बढ़े हैं।

हमने लचीलापन दिखाया है। जितना ज्यादा दबाव आता है, हम उतने ही मजबूत बनते हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहाकि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और उपभोक्ता बाजार होने के नाते, चीन अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के बदलने के बावजूद दुनिया के लिए अपने दरवाजे खोलता रहेगा। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के उपमंत्री लिंग जी ने अमेरिका से फंडिंग पाने वाली 20 कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इनमें टेस्ला और जीई हेल्थकेयर जैसी बड़ी कंपनियां शामिल थीं। लिंग ने चीन को निवेश के लिए एक आदर्श, सुरक्षित और संभावनाओं से भरा हुआश स्थान बताया।

# ओमान में पहली बार आमने-सामने होंगे ईरान-अमेरिका

## ऐतिहासिक पल: परमाणु कार्यक्रम पर विशेष बातचीत की संभावना

**तेहरान।** ईरान में बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर इन दिनों मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ते ही जा रहे है। इसी बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मंगलवार को कहा कि वह ट्रम्प प्रशासन के दौरान पहली बार अमेरिकी दूत स्टीव विटकाफ से ओमान में मुलाकात करेंगे। इस बात. चीत का मुख्य उद्देश्य ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को रोकना है, क्योंकि मध्य पूर्व में तनाव अभी भी बना हुआ है। मामले में जानकारी देते हुए अराघची ने एक टेलीविजन से बात करते हुए कहा कि ए वार्ता अप्रत्यक्ष रूप से होगी, जिसमें ओमानी मध्यस्थ दोनों पक्षों के बीच बातचीत कर सकते हैं। बता दें कि बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस वार्ता को प्रत्यक्ष वार्ता कहा था, लेकिन ईरान ने इसे अप्रत्यक्ष बात. चीत बताया है। हालांकि अमेरिका और इस्राइल ने ईरान को परमाणु कार्यक्रम को लेकर सैन्य हमले की चेतावनी भी दी है, जबकि ईरान लगातार यह चेतावनी देता आ रहा है कि वे परमाणु बम बनाने की कोशिश कर सकते हैं। इसको लेकर अराघची ने कहा कि इन वार्ताओं का मुख्य लक्ष्य ईरानी लोगों के अधिकारों को बहाल करना और अंतर्राष्ट्रीय प्रति. बंधों को हटाना है। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल ईरान की प्राथमिकता अप्रत्यक्ष वार्ता ही है, और इसे प्रत्यक्ष वार्ता में बदलने की कोई योजना नहीं है। इस वार्ता की घोषणा के बाद, ईरान की अर्थव्यवस्था में कुछ सुधार देखने को मिला। ईरान की मुद्रा रियाल, जो पहले 1 मिलियन रियाल के निचले स्तर तक पहुंच गई थी, अब 990,000 रियाल पर आ गई है। इस खबर के बाद तेहरान स्टाक एक्सचेंज में भी लगभग 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गौरतलब है कि बीते शनिवार को बातचीत तब शुरू हुई जब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को पत्र लिखकर तेहरान और वाशिंगटन के बीच सीधी बातचीत शुरू करने की कोशिश की। ट्रम्प का यह कदम बात. चीत को बढ़ावा देने का एक प्रयास था। इस बीच, ट्रम्प के प्रशासन ने यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर हवाई हमलों का अभियान तेज कर रखा है। हौथी विद्रोही ईरान के प्रतिरोध की धुरी का हिस्सा माने जाते हैं, जो इजरायल पर हमले की क्षमता रखते हैं। वहीं, गाजा पटी में इजरायल ने हमास के खिलाफ युद्ध के दौरान अन्य आतंकवादी समूहों के खिलाफ भी कार्रवाई की है।



## एक अमेरिकी-दो रूसी क्रू आईएसएस रवाना

**मास्को।** नासा के अंतरिक्ष यात्री जानी किम और दो रूसी क्रू मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हो चुके हैं। उन्होंने रूसी अंतरिक्ष यान में सवार होकर आईएसएस के लिए सफलापूर्वक उड़ान भरी। तीनों आठ महीने तक अंतरिक्ष में रहेंगे।

सोयुज बूस्टर राकेट ने मंगलवार को तय समय पर बैकोनूर लॉन्च सुविधा से उड़ान भरी, जिसे रूस द्वारा कजाकिस्तान में लीज पर लिया गया है। तीनों क्रू के साथ सोयुज एमएस-27 को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया। वे तीन घंटे बाद स्टेशन पर डाक करने के लिए तैयार हैं। नासा के अंतरिक्ष यात्री किम और रूस के सर्गेई रेजिकोव और एलेक्सी जुब्रित्स्की अंतरिक्ष में लगभग आठ महीने बिताएंगे। नासा ने बताया कि किम भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए क्रू को करेंगे। इसके अलावा, पृथ्वी पर लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए वैज्ञानिक जांच और तकनीकी प्रदर्शन करेंगे।

बता दें कि किम लास एंजि. लिस के मूल निवासी हैं। वह अमे. रिकी नौसेना में लेफ्टिनेंट कमांडर हैं और फ्लाइट सर्जन भी हैं। तीनों अमेरिकी-रूसी क्रू नासा के अन्य अंतरिक्ष यात्री डान पेटिट, ऐनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स के साथ मिलकर अंतरिक्ष स्टेशन पर काम करेंगे। इसके अलावा, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री ताकुया ओनिशी, रूसी अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी ओ. विचिनिन, इवान वैगनर और किरिल पेसकोव भी उनके साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर शामिल होंगे।

## वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर किया गया योग

**न्यूयार्क।** अमेरिका की सबसे ऊंची इमारत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर सोमवार (स्थानीय समयानुसार) सुबह योग किया गया। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इस सत्र का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व आर्ट आफ लिविंग फाउंडेशन की प्रशिक्षक रुचिका लाल ने किया। इस योग सत्र में न्यूयार्क में भारत के उप महावाणिज्य दूत विशाल हर्ष, भारतीय प्रवासी, छात्र और योग उत्साही शामिल हुए। योग सत्र 1,776 फीट ऊंची इमारत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में वन वर्ल्ड आब्जर्वेटरी की 102वीं मंजिल पर आयोजित किया गया, जो एक घंटे से अधिक समय तक चला। न्यूयार्क में भारत के महावाणिज्यदूत बिनया प्रधान ने सत्र में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को बताया कि यह सत्र अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 75 दिन की उल्टी गिनती के रूप में आयोजित किया गया।

# हसीना का दावा- मैं बांग्लादेश जरूर लौटूंगी

## कहा: अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से जिंदा रखा

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा, अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से जिंदा रखा है। मैं वापस लौटूंगी। वो दिन जरूर आएगा जब अवामी लीग के नेताओं को निशाना बनाने वालों को इंसाफ के कटघरे में लाया जाएगा। अवामी लीग की अध्यक्ष हसीना ने यह बात उस वक्त कही जब वो सोशल मीडिया पर अपने पार्टी नेताओं के परिवार वालों से बात कर रही थीं। पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश छोड़ने के बाद से वे भारत में शरण लेकर रह रही हैं। हसीना ने बांग्लादेश सरकार के अंतरिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस को लेकर कहा कि वो ऐसा शख्स है जिसे लोगों से कभी मोहब्बत नहीं थी। यूनुस ने गरीबों को छोटे-छोटे कर्ज ऊंची ब्याज दरों पर दिए और इस पैसे से कई देशों में ऐशोआराम की जिंदगी जी। हसीना ने कहा कि उस वक्त हम यूनुस की चालाकी नहीं समझ पाए, इसलिए उसकी मदद करते रहे। लेकिन इससे लोगों को कोई फायदा नहीं हुआ, सिर्फ वह अमीर होता गया। बाद में उसमें सत्ता की भूख पैदा हो गई, जो आज बांग्लादेश को जला रही है। हसीना ने कहा- बांग्लादेश अब आतंकी देश बन गया शेख हसीना ने कहा कि पहले बांग्लादेश को विकास के माडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ए आतंकी देश बन गया है। हमारे नेता और कार्यकर्ताओं को जिस तरीके से मारा जा रहा है, उसे बताया भी नहीं जा सकता है। अवामी लीग, पुलिस, वकील, पत्रकार, कलाकार सभी को मारा जा रहा है। हसीना ने कहा कि अब तो इस देश में मीडिया को भी काम नहीं करने दिया जा रहा है। रेप, मर्डर, डकैती किसी चीज की रिपोर्ट नहीं कराई जा रहा है। और अगर इसे रिपोर्ट किया जाता है, तो उस टीवी चैनल या अखबार को टारगेट किया जाएगा। हसीना बोलींकि अल्लाह ने मुझे जिंदा रखा, मैं लौटकर आऊंगी अपने पूरे परिवार की भयानक हत्या को याद करते हुए शेख हसीना ने कहा कि मैंने अपने पिता, मां, भाई-सभी को एक ही दिन में खो दिया और फिर हमें देश लौटने भी नहीं दिया गया। मैं जानती हूं अपनों को खोने का दर्द क्या होता है। अल्लाह हमेशा मेरी हिफाजत करता आया है, शायद वह मुझसे कुछ अच्छा करवाना चाहता है। जिन्होंने ये जघन्य अपराध किए हैं, उन्हें सजा जरूर मिलनी चाहिए। यही मेरा वादा है।



# अमेरिकी यूट्यूबर बिना इजाज़त भारत के प्रतिबंधित सेंटिनल द्वीप पहुंचा

## डाइट कोक और नारियल छोड़कर आया, वीडियो भी बनाया



**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस ने 24 साल के एक अमेरिकी यूट्यूबर को हिंद महासागर के एक प्रतिबंधित द्वीप पर पहुंचने और वहां की जनजाति से संपर्क करने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह यूट्यूबर अमेरिकी राज्य एरिजोना के रहने वाल है। उसका नाम मिखायलो विक्टोरोविच पोलियाकोव है। 29 मार्च को वह भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप के प्रतिबंधित सेंटिनल द्वीप पर पहुंचा था। वहां रहने वाली सेंटिनली जनजाति से नहीं मिल पाया तो डाइट कोक और नारियल छोड़कर आया था। उसे 31 मार्च को पोर्ट ब्लेयर में गिरफ्तार किया गया था। एक स्थानीय कोर्ट ने पिछले हफ्ते उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। उसे 17 अप्रैल को दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। उसे पांच साल तक की जेल हो सकती है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। इस द्वीप की आबादी कई हजार साल से दुनिया से दूर है। ये लोग तीर और कमान लेकर जानवरों का शिकार करते हैं। यहां अगर कोई बाहरी व्यक्ति पहुंच जाए तो उस पर भी तीरों से हमला करते हैं। पुलिस ने बताया कि पोलियाकोव ळचै नेविगेशन का इस्तेमाल करके इस द्वीप तक पहुंचा था। द्वीप पर उतरने से पहले उसने बाइनोकुलर्स से द्वीप का सर्वे किया। वह करीब एक घंटे तक द्वीप पर रुका। इस दौरान उसने सीटी बजाकर सेंटिनली लोगों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की, लेकिन किसी ने उसे जवाब नहीं दिया। इसके बाद उसने एक डाइट कोक और नारियल को वहां रखा, अपना वीडियो बनाया और रेत के कुछ नमूने लेकर वहां से वापस लौट गया। वापस जाते समय एक स्थानीय मछुआरे ने उसे देख लिया और प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद पोर्ट ब्लेयर में उसे गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ भारतीय कानून के उल्लंघन का केस दर्ज किया गया। पुलिस ने कहा कि पोलियाकोव ने इस द्वीप पर जाने से पहले समुद्री कंडीशन, ज्वार और द्वीप तक पहुंचने के रास्ते की गहरी रिसर्च की थी।







